
सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0
RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-207 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 18 जनवरी 2025
17 रजब 1446 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को खेल रत्न

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार, 34 अर्जुन पुरस्कार से भी हुए सम्मानित

- मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीते थे
- पेरिस पैरालंपिक में भारत ने कुल 29 मेडल जीते थे



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरुआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं। खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

# गाजा संघर्ष विराम को इजराइल की मंजूरी

- सुरक्षा कैबिनेट से प्रस्ताव पर मुहर, पूर्ण कैबिनेट करेगी अंतिम फैसला



**यरूशलम।** गाजा में 15 महीनों से जारी संघर्ष पर विराम लगना लगभग तय हो गया है। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें तहत गाजा में संघर्ष विराम व बंधकों की रिहाई का प्रावधान रखा गया है। अब इस प्रस्ताव को पूर्ण कैबिनेट में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी मिलने के बाद संघर्ष विराम रविवार को लागू हो सकता है। इसके बाद हमास बंधकों को रिहा कर सकता है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले खुद यह जानकारी साझा की थी कि छह हफ्ते के गाजा संघर्ष विराम समझौते पर सहमति बन चुकी है। हालांकि, उन्होंने समझौता मंजूरी में देरी के लिए हमास के साथ अंतिम समय में हुए विवाद को जिम्मेदार ठहराया। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने विशेष कार्यबल को बंधकों की अगवानी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। बंधकों के परिवारों को भी बता दिया गया है कि समझौता हो चुका है। नेतन्याहू की यह घोषणा उनके कार्यालय की तरफ से यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि गाजा में संघर्ष विराम व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले बंधकों को मुक्त करने के लिए वार्ता में अंतिम समय में रुकावटें आई गई हैं। इस्राइल ने लंबे समय से बहुप्रतीक्षित युद्धविराम समझौते पर बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल में होने वाला मतदान टाल दिया था। इस समझौते के तहत गाजा पट्टी में युद्ध रोका जाएगा और दर्जनों बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सकेगी।

# कुंभाभिषेक में शामिल होंगे सीएम योगी

**वाराणसी।** माता अन्नपूर्णा के मंदिर के कुंभाभिषेक की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पहली से नौ फरवरी तक होने वाले कुंभाभिषेक के निमित्त अन्नपूर्णा मंदिर की साज-सज्जा तेजी से की जा रही है। मंदिर प्रांगण में केमिकलमुक्त रंगों से चित्रावली भी आकार लेने लगी है। माता के मंदिर के कुंभाभिषेक के लिए देशभर के तीर्थों के जल के साथ ही हिमालय की जड़ी बूटियां भी इस्तेमाल की जाएंगी। कुंभाभिषेकम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्रृंगेरी के शंकराचार्य भी आएंगे।



शुक्रवार को मंदिर महंत शंकर पुरी ने सीएम योगी से सर्किट हाउस में मुलाक़ात करके उन्हें निमंत्रण दिया। महंत शंकर पुरी ने बताया कि, कुंभाभिषेक के प्रथम दिवस से ही वेदों की समस्त शाखाओं का पारायण देशभर के 750 वैदिक करेंगे।

# आज का युवा ऊर्जा से भरा हुआ है : मोदी

- प्रधानमंत्री ने किया ऑटो एक्सपो का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर



साल गाड़ियां बिक रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

# दिल्ली में नहीं लागू होगी आयुष्मान योजना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत का आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ दिल्ली सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आया, जिसमें आप सरकार को आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में पेश होते हुए दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच सत्ता की साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है।

## न्यूज डायरी

### 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी के बीच आयोजित होने की संभावना है। वहीं, दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल, 2025 तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अपना लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। बजट सत्र 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ शुरू होगा। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा।



### महाकुंभ में आ सकते हैं प्रियंका-राहुल

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी भी आ सकती हैं। संभावना है कि दोनों फरवरी के पहले सप्ताह में प्रयागराज आएंगे। उनके आने से पहले सेवादल ने प्रयागराज में शिविर लगा दिया है। प्रियंका गांधी की टीम भी प्रयागराज जाकर विभिन्न स्थलों की स्थिति की जानकारी ले चुकी है। हालांकि अभी तक अधिकृत तौर पर प्रदेश मुख्यालय को कार्यक्रम नहीं भेजा गया है।



### दुष्कर्म के अपराध को शादी के प्रस्ताव से सुधारा नहीं जा सकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन शोषण पीड़िता से विवाह करने का प्रस्ताव रखने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि शादी का झूठा वादा करके यौन शोषण करना एक निंदनीय अपराध है। इस तरह के आचरण से पीड़िता को अपूरणीय भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है। इस तरह के दुष्कृत्य को बाद में शादी का प्रस्ताव देकर सुधारा नहीं जा सकता है। कानून ऐसे मामलों में समझौता स्वीकार करने के लिए अनुमति नहीं देता है, जहां यौन शोषण और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध किए गए हों। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी करार याची को जमानत देने से इनकार करते हुए पारित किया। याची पर आरोप है कि पीड़िता के साथ सगाई करने के बाद उसने उसके साथ सात महीने तक शारीरिक संबंध बनाए और उसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के इस कृत्य के कारण पीड़िता और उसके परिवार को गंभीर मानसिक आघात पहुंचा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि याची के खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# इमरान खान को बड़ा झटका

## अलकादिर ट्रस्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई 14 साल की सजा

**पत्नी बुशरा बीबी को भी सात साल की जेल**



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका लगा है। इमरान खान को पाकिस्तान की एक अदालत ने अलकादिर ट्रस्ट के मामले में 14 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल की जेल हुई है। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग-अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। आखिरी बार इसे 13 जनवरी को टाला गया था। न्यायाधीश ने आदिला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में खान और उनकी पत्नी को कारावास की यह सजा सुनाई। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। मुकदमा खान और बीबी पर चलाया गया क्योंकि एक प्रॉपर्टी कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ समझौते के तहत ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी द्वारा पाकिस्तान को लौटाए गए 50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग किया गया। राष्ट्रीय खजाने के तौर पर इस्तेमाल होने वाली इस राशि को उस व्यवसायी के कथित तौर पर निजी लाभ के लिए लगाया गया, जिसने बीबी और खान को एक विश्वविद्यालय स्थापित करने में मदद की थी। अल-कादिर ट्रस्ट की ट्रस्टी के रूप में बीबी पर इस समझौते से लाभ उठाने का आरोप है, जिसमें झेलम में अल-कादिर विश्वविद्यालय के लिए 458 कनाल भूमि का अधिग्रहण करना भी शामिल है।

## दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र जारी


# महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा

- 10 लाख रुपये का बीमा कवर
- घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 रु. की सब्सिडी
- होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा अपना संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू करेगी। यह इसका पहला हिस्सा है।



भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया है। इसके अलावा गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी। दिल्ली में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा, योजना के तहत दिल्ली सरकार अलग से 500000 का बीमा करेगी जबकि 5 लाख का बीमा केंद्र सरकार देगी। **भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं**– महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा गर्भवती महिलाओं को 21000 दिए जाएंगे 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 की बढ़ोतरी की जाएगी। 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय 3000 पेंशन दी जाएगी दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

अवधनामा



## एस. पी. ने गणतन्त्र दिवस पर आयोजित की जाने वाली परेड व रिहर्सल का निरीक्षण किया



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा पुलिस लाईन्स में आगामी गणतन्त्र दिवस 2025 पर आयोजित की जाने वाली भव्य रैतिक परेड समारोह के रिहर्सल का निरीक्षण किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत परेड में शामिल विभिन्न टोलियों का निरीक्षण व ध्वजारोहण कर परेड का पूर्वाभ्यास कराया गया। परेड में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का सूक्ष्म निरीक्षण कर कार्यक्रम को अत्यधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ भी परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए अन्य सभी वस्तुओं की उपलब्धता कराये जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स को निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन्स का भ्रमण करके विभिन्न शाखाओं/इकाईयों, डॉयल 112, एम0टी0 शाखा, आर्मरी, क्वार्टर गार्ड, भोजनालय, आर0ओ0 प्लांट, आटा चक्की, पुलिस कैन्टीन एवं बैरिकों आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जिलाधिकारी डीएम ने ली मेडिकल टीम से जानकारी, दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सौ दिवसीय टीबी पहचान व उपचार अभियान के तहत ब्लॉक नकहा, ग्राम उमरिया के प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित निक्षय शिविर का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद किया। हेल्थ टीम ने ग्रामवासियों के स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी की जांच की व शंकाप्रद टीबी मरीजों के बलगम का सैंपल लिया। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ रामू वर्मा मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल ऑफिसर से जाना कि अब तक कितने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्क्रीनिंग, जांच हेतु सैंपल लेकर जरूरी औषधीय प्रदान की गई। चिकित्सा टीम को निर्देश दिए कि औषधियो के साथ-साथ जागरूकता पोस्टर को भी वितरित करें। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा टीम ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड बनाते मिले। वही हाईरिस्क के लोगों की टीबी जांच, नॉन कम्युनिकेबल डिसीज मुख्यतः उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) तथा डायबिटीज की जांच भी की जाती मिली। ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति मेडिकल स्क्रीनिंग से वंचित नहीं रहने पाए शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह अभियान और निक्षय शिविर प्रदेश एवं जिले को टीबी मुक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आइए हम सभी पूर्ण समर्पण से इसे सफल बनाने के लिए अपना योगदान दें। इस अभियान का उद्देश्य रोगी की स्क्रीनिंग, जांच के साथ उचित उपचार प्रदान करना है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 07 दिसंबर से 24 मार्च तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत समुदाय में छूटे हुए टीबी के मामलों को जल्दी से पहचानना है ताकि संक्रमण का प्रसार रोका जा सके और गांव व समुदायों को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके।



साथ ही अगर कोई व्यक्ति जांच के दौरान टीबी का मरीज पाया जाता है तो उसे निक्षय पोषण योजना अंतर्गत एक हजार रुपये प्रति माह भी दिए जाते हैं ताकि वह समुदाय स्तर पर कुछ पौष्टिक आहार खरीद कर सेवन कर सके। वही सरकार की ओर से जांचे और औषधियां निशुल्क प्रदान की जाती हैं सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अभियान की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि इस अभियान के तहत उन कमजोर लोगों तक पहुंचा जाएगा जो कुपोषण, एचआईवी, डायबिटीज ,धूम्रपान, शराब का सेवन या टीबी रोगियों के संपर्क में होने जैसे कारणों से टीबी के सक्रिय रोगी हो सकते हैं। यदि वह लोग समय पर स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुंचते तो बीमारी फैलने के साथ-साथ उनकी हालत भी गंभीर हो सकती है।

## एसएन मेडिकल कॉलेज में गार्डों की दबंगई, मरीज के तीमारदार से की मारपीट



**आगरा।** सरकारी व प्राईवेट हॉस्पिटलों में मरीजों के परिजनों के साथ डॉक्टर, नर्सेज और सिक्योरिटी गार्डों की ओर से कई बार काफी बदसलूकी होती है. लखनऊ समेत कई शहरों में मरीज के परिजनों के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आती है. ऐसी ही एक मारपीट की घटना मरीज के परिजन के साथ आगरा के एसएन हॉस्पिटल में सामने आई है. जहां पर हॉस्पिटल के सिक्योरिटी गार्डों ने मरीज से मिलने गए परिजन के साथ मारपीट की. इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद बताया जा रहा है की इस मामले में जांच बिठा दी गई है. इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है. मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया है की उनके साथ सिक्योरिटी गार्डों ने मारपीट की है. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जानकारी के मुताबिक़ गुरुवार को दोपहर में स्त्री एवं प्रसूति विभाग में रक्तस्राव होने पर महिला को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था. बताया जा रहा है की परिजन मरीज से मिलने पहुंचे तो गार्ड ने इन्हें रोका और इसके बाद इनके बीच में बहस हुई और इसके बाद सिक्योरिटी गार्डों ने इनके साथ मारपीट की. वही थाना एमएम गेट चौकी प्रभारी ने बताया कि वार्ड में प्रवेश के लिए गार्ड और तीमारदारों में विवाद हुआ था, समझौता हो गया है।

## आगरा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचे तीन चोर, दो के पैर में लगी गोली



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में पुलिस और बदमाशो के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई, जिसमे दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल गए. पुलिस ने इस कार्रवाई में तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. घायल हुए चोर रंजीत और शिवकुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चोरों के कब्जे से चोरी किए गए 2 लाख 56 रुपए, सफेद धातु के बर्तन, जिंदा कारतूस, दो तमंचा बरामद हुए है. बदमाशों ने डॉक्टर दंपति के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था. इसके अलावा अन्य आपराधिक घटनाओं में यह बदमाश शामिल थे. दरअसल थाना खेरागढ़ क्षेत्र के बिलाबली मोड़ के पास तीन शातिर चोरों से मुठभेड़ हुई है. पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी कि क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर खेरागढ़ के सरकारी गोदाम के पीछे चोरी के सामान आपस में बटवारा कर रहे है. शातिर चोरों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम चोरों की घेराबंदी के लिए निकल गई. खेरागढ़ थाना पुलिस की दो टीम ने चोरों की घेराबंदी शुरू कर दी, खुद घिरता देख चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी. पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैर में गोली लगी है, इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है यह गैंग चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था और हाल ही में क्षेत्र में डॉक्टर दंपति के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया था. मुठभेड़ में दो अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जबकि एक अन्य साथी गिरफ्तार हुआ है,

शातिर चोरों की गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है .एसीपी खेरागढ़ इमरान अहमद ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर खेरागढ़ थाना पुलिस टीम ने चोरों की घेराबंदी की थी जिस पर चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रंजीत और शिवकुमार के पैर में गोली लगी है, पुलिस ने कुल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

## चालको व परिचालकों को कोहरे से बचाव के दिये टिप्स

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत परिवहन व यातायात विभाग ने वाहन चालकों व परिचालकों को कोहरे से बचाव के टिप्स देकर जागरूक किया। बेहट तहसील में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा आयोजित बैठक में आम जनमानस को सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। विभागीय अधिकारियों ने वाहन चालकों, परिचालकों एवं वाहन व्यवसायियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया और सडक सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने शीत ऋतु में कोहरे के दृष्टिगत सम्भावित दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप एवं पार्किंग लाईट इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया।

## पाकिस्तानी शुमायला की कहानी: जिसने फर्जीवाड़ा कर पाई नौकरी, अब होगी वेतन की वसूली; मां भी थी शिक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** रामपुर के बजरोही टोला में गली नंबर चार में रहने वाली पाकिस्तानी शुमायला बरेली के प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में तैनात थी। उसे अक्तूबर में निलंबित किया गया था। जांच में उसका निवास प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। इस पर विभाग ने उसकी सेवा समाप्त कर दी। बरेली में फर्जी दस्तावेज लगाकर सहायक अध्यापक पद पर नौकरी पाने वाली फुरकाना उर्फ शुमायला खान को बर्खास्त कर दिया गया है। वह फतेहगंज पश्चिमी के प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में तैनात थी। उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शुमायला खान को वर्ष 2015 में तैनाती मिली थी। विभाग ने वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी




को बीएसए ने पत्र भेजा है। उधर, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छिपाने व फर्जी दस्तावेज से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निलंबित शिक्षिका शुमायला खान की ओर से मांगे गए स्पष्टीकरण में बताया गया था कि उसकी मां माहिरा बेगम पाकिस्तान से वर्ष 1981 में भारत आई थीं, तब शुमायला दो वर्ष की थी। 1985 में मां की दूसरी शादी हुई थी। 1992 में मां रामपुर के एक प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर नियुक्त हुईं थी। वर्ष 2007 में माहिरा बेगम को रामपुर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में आवास आवंटित हुआ था। शुमायला की पढ़ाई रामपुर में हुई। शुमायला ने बीएड मीरगंज के राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज से किया था। हालांकि, निवास प्रमाणपत्र कूटरचित मिलने पर शुमायला खान की सेवा समाप्त कर बीएसए संजय सिंह ने रिपोर्ट बेसिक शिक्षा विभाग के लखनऊ मुख्यालय को भेज दी गई है। बरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से वर्ष 2015 से तैनाती के दौरान तक जारी वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी को बीएसए ने पत्र भेज दिया गया है।

## विकलांग कार्यशाला के लिए जमीन आवंटित कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**सहारनपुर।** आस्था विकलांग विकास एवं कल्याण सोसाईटी से जुड़े पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की। आस्था विकलांग विकास एवं कल्याण सोसाईटी के अध्यक्ष आशिफ जमीर के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में विकलांग कार्यशाला के लिए जमीन आवंटित कराये जाने, पढ़े लिखे विकलांगों को सरकारी नौकरी दिलाने, अनपढ़ विकलांगो को आजीविका चलाने हेतु बिना ब्याज के लोन उपलब्ध कराने, विकलांगों की पेंशन में वृद्धि करने एवं 6 माह से रुकी पेंशन को जारी करने, विकलांगों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने, विकलांगों के परिवारों का इलाज उनके बच्चों की शिक्षा सभी अस्पतालों में अनिवार्य रूप से मुफ्त कराने की पुरजोर मांग की गई।

## भाकियू (अ) ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया विचारः विमर्श

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी सुदेश पाल ने किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को नजर अंदाज कर रही है। बैठक के पश्चात किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जल निगम द्वारा पानी की टंकी के पाइप गांव में सीसी रोड खोज कर बिछाई गई है। जिसकी मरम्मत करायी जाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग अंधाधुंध कटौती कर रहा है, जिसे नियमित कराया जाए। उन्होंने मांग की कि बकाया गन्ना भुगतान अति शीघ्र कराया जाए तथा 50 रूपये प्रति कुंतल रेट बढ़ाया जाए। ब्लॉक मुजफ्फराबाद के गांव फ्रीदपुर मांडू वाला गांव मे पानी निकासी हेतु दक्षिण दिशा में नाला बनवाया जाये। साथ ही नागल ब्लॉक के गांव बचीटी में स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी चिकित्सक तैनात नहीं है ना ही स्वास्थ्य केंद्र की साफसफाई होती है, इन कमियों को पूरा किया जाए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप प्रधान, तहसील अध्यक्ष अनुज शर्मा, तहसील प्रवक्ता प्रमोद, जसवीर, सोम प्रकाश, संदीप चौधरी, जगबीर, गुलाब सिंह, विजय राणा, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुखपाल सिंह ने व संचालन प्रमोद ने किया।

## आगरा में सरकारी चावल की बड़ी कालाबाजारी पकड़ी, 300 बोरी चावल के कट्टे व एक गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जनपद के बड़े राशन माफिया के अछनेरा क्षेत्र स्थित गोदाम पर आपूर्ति विभाग और पुलिस ने शुक्रवार सुबह संयुक्त रूप से छापा मारकर 300 बोरी चावल बरामद किया है। ये चावल राशन की दुकानों का बताया गया है और इसे कालाबाजारी के लिए यहां इकट्ठा किया गया था। पुलिस ने मनीष नामक एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार करने के साथ एक कार भी जब्त कर ली है। यह तीसरा मौका है जब जिले के अंदर इस माफिया पर एक्शन हुआ है। पिछले दिनों थाना अछनेरा क्षेत्र में नगला लाल दास, नगला बुद्ध रोड पर कोल्ड स्टोर के सामने स्थित इसी गोदाम से 500 बोरी से ज्यादा राशन का चावल बरामद किया गया था। शुक्रवार को अछनेरा पुलिस और आपूर्ति विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से इसी गोदाम पर छापा मारकर मौके से 300 बोरी चावल बरामद किया है।

गोदाम पर मनीष नामक व्यक्ति मिला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गोदाम से लाल रंग की एक कार भी मिली है, जिसे लोक होने के कारण पुलिस क्रेन से उठवाकर थाने ले गई। गोदाम से जब्त किया गया चावल राशन का बताया गया है। राशन की दुकानों से बंटने के बजाय यह गोदाम में पहुंच गया। राशन माफिया द्वारा इसे कालाबाजारी में बेचने की तैयारी थी। इससे पहले ही गोदाम पर छापा पड़ गया और पुलिस ने चावल को जब्त कर लिया। इस गोदाम पर यह दूसरा छापा है। इन्हीं राशन माफिया के खिलाफ हाल ही में खेरागढ़ क्षेत्र में भी मुकदमा दर्ज हुआ है। आगरा जिले में कुछ ही दिनों में



इनके खिलाफ यह तीसरा केस दर्ज होने जा रहा है। यही नहीं, इन लोगों के खिलाफ राजस्थान के रूपवास में भी एक केस दर्ज हो चुका है। यह गोरखधंधा सुमित और उसका साला मनीष मिलकर चला रहे हैं। सुमित खेरागढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। गोदाम पर छापा मारने वाली टीम में सप्लाई इंसपेक्टर सुनील कुमार और विशाल के अलावा अछनेरा थाने के इंसपेक्टर विनोद कुमार और अछनेरा कस्बा इंचार्ज राघवेंद्र कुमार शामिल थे। पुलिस बल भी साथ में था। राशन के चावल की कालाबाजारी का धंधा करने वाले सुमित और उसके साले मनीष के खिलाफ छापे के बाद चौथा मुकदमा दर्ज होने जा रहा है। पहले के तीन मुकदमे अछनेरा, खेरागढ़ और रुपवास में दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद तत्काल जमानत मिलने के कारण इन जीजा-साले के हौसले बुलंद हैं और वे राशन की कालाबाजारी के धंधे में ही जुटे हुए हैं।

## भीषण ठंड से निजात को गरीब व असहायों को बांटे कम्बल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दयावती हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 42 गरीब व असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए गए। लिंक रोड स्थित हॉस्पीटल में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ट फिजिशियन डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि विभिन्न सस्थाओं को हर साल दिसम्बर से फरवरी के महीने में लोगों को कम्बल वितरित करने चाहिए, क्योकि हर इन्सान में भगवान का वास होता है और लोगों की सेवा करना ही नारायण की सेवा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विभिन्न संस्थाओं को धर्म व जाति से ऊपर उठकर बिना भेदभाव के सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हार्ट और ब्लड प्रेशर के मरीजो का सुबह और रात की सर्दी से बचना चाहिए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.नैना मिगलानी ने कहा कि स्त्रियों को अपने परिवार के साथ अपना भी ध्यान रखना चाहिए और नारी शक्ति ही एक समृद्ध राष्ट का निर्माण कर सकती है और महिलाओं को साबुत अनाज, दाले, हरी सब्जिया, दूध, मूगंफ्ली और ताजे फ्ल और ड्राई फ्रुट का सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम में ननीता, आरती, राखी, सरिता, नजमा, सादिक, दानिश, अबुजार, मेहताब, कैफ, सन्नी, रानी, निशा, ज्योति, रानी, रामकली, सरिता, पुष्पा, ओम प्रकाश, बरखा, जितेन्द्र, वर्षा, मोहसीन, रहमान, आबिदा, सोहल, रूबीना, सलमा, रिहाना, जुल्फ्किार, अजीत, रमेश, रवि आदि मौजूद रहे।

## कारखाने का सामान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने कारखाने से मशीन व लोहे का अन्य सामान चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक दबोचे गये आरोपी के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानो में दो दर्जन मुकदमें दर्ज है। थाना जनकपुरी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत् दिवस वादी वसीम पुत्र वकील निवासी ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी की तहरीर पर आरोपी शहजान व अन्य अज्ञात के खिलाफ वादी के लोहे के कारखाने से लोहे की एक बिराकिट मशीन व लोहे का अन्य सामान को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक विवेक वैद्यवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में वांछित आरोपी अमजद पुत्र इकराम निवासी ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी को थाना क्षेत्र जनकपुरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक दबोचा गया आरोपी एक शातिर किस्म का अभ्यस्थ अपराधी है, जिस पर जनपद के अलग-अलग थानों पर लगभग दो दर्जन मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## चोरी की स्कूटी बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक स्कूटी व दो नाजायज चाकू बरामद किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। कोतवाली देहात प्रभारी चन्द्रसैन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी, नकबजनी लूट आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज उनके व उपनिरीक्षक अजय पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान दो शातिर चोरो एजाज उर्फ गंजा पुत्र आबिद निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात, हाल निवासी मौ.नूर बस्ती गुल्लर वाली गली थाना कोतवाली नगर व विशाल पुत्र स्व.सुन्दर लाल निवासी गढ़ी मलूक एसडी इन्टर कालेज के पीछे थाना कोतवाली नगर को बिकानो गोदाम वाली गली के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से 02 अवैध चाकू व चोरी की स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## चोटिल पशु-पक्षियों को दवा, मलहम लगाकर किया उपचार

**सहारनपुर।** श्री दया सिन्धु जीव रक्षा केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क पशु-पक्षी चिकित्सा शिविर में 71 पशु-पक्षियों को दवाई, मलहम आदि लगाकर उनका उपचार किया गया। मण्डी समिति रोड पर श्री दया सिन्धु जीव रक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित पशु-पक्षी चिकित्सा शिविर में केन्द्र के पदाधिकारियों ने राह चलते व बोझा ढोने वाले पशुओं को रोककर उनकी जांच की और चोटिल पशुओं को दवा, मलहम आदि लगाकर उनका उपचार किया। संस्था के संयोजक सुनील जैन राना ने बताया कि शिविर में 71 पशु-पक्षियों के उपचार के लिए दवाई, मलहम आदि वितरित किया गया। इस दौरान घोड़ा, झोटा आदि पशुओं को दवाई लगाकर उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि बोझा ढोने वाले पशुओं के गले पर अक्सर जख्म हो जाते है। इसलिए पशु पालक अपने पशुओं की उचित देखभाल कर उनका ध्यान रखें और केन्द्र पर आकर अपने पशुओ का निशुल्क उपचार करायें। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण कबूतर व मुर्गी पालकों ने भी शिविर का लाभ उठाया।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरे अभियुक्त किए गए गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** सर्विलान्स टीम व इगलास पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 17.01.2025 को समय 01.55 बजे दौराने पुलिस मुठभेड में एंगल फैक्ट्री इगलास में हुई लूट में राजस्थान से 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश सहित 2 अभियुक्त थाना इगलास क्षेत्र से गिरफ्तार एक घायल अवैध शस्त्र, कारतूस, 02 वॉकी-टॉकी मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल सहित कब्जे से लूट के 1,25,500 रुपये बरामद।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.01.2025 को एंगल फैक्ट्री ग्राम गुरसेना इगलास जनपद अलीगढ के अकाउंटेंट सुशील पाठक पुत्र सुरेश चन्द्र पाठक निवासी खारीवरी बुलन्दशहर अपने साथी के साथ फैक्ट्री के रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। समय 09.45 बजे सुबह गोरवा भोरवा रोड पर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा सुशील पाठक से रुपयो भरा बैग जिसमे 4 लाख आदि नगद छीन लिये थे। जिसके सम्बन्ध मे दिनांक 12.01.2025 को रति जिन्दल पत्नी सुरेन्द्र कुमार जिन्दल निवासी सिसियापाडा अलीगढ द्वारा तहरीर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना इगलास पर मु0अ0सं0 016/2025 अन्तर्गत धारा 309(4) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वॉट टीम व सर्विलान्स टीम लगाई गयी थी। दिनांक 17.01.2025 को स्वॉट/सर्विलान्स टीम व थाना इगलास पुलिस एंगल फैक्ट्री में हुई लूट की घटना के अभियुक्तो की पतारसी सुरागरसी व तलाश में मामूर थे।

तभी चैकिंग के दौरान थाना इगलास क्षेत्र में डबल नहर के बीच की पटरी पर सासनी रोड की तरफ एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हे रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायरिंग कि गयी जिसमे अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पुत्र चौब सिंह निवासी ग्राम दुलारा थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा हाल पता महाराजा प्रोप्टी अनिरुद्ध नगर मथुरागेट भरतपुर राजस्थान बाये पैर मे गोली लगने से घायल जिसे उपचार हेतु सी.एच.सी. इगलास मे भर्ती कराया गया। घायल अभियुक्त सौरभ उर्फ शुभम खटीक पर जनपद जयपुर राजस्थान से 25000 रुपये वर्ष 2024 मे इनाम घोषित है। पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध मे थाना इगलास पर मु0अ0सं0 029/2025 धारा 109 बी.एन.एस. (पुलिस मुठभेड) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम सौरभ आदि पंजीकृत किया गया है।

## भजन और सत्संग से मिलती है आध्यात्मिक ऊर्जा : शशांक मणि



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के भटवलिया चौराहे के पास स्थित शारदपुरम में शारदा परिवार के नेतृत्व में भजन और सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि थे। किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी के संचालन में भक्तों ने सदर सांसद को माला पहनाकर सम्मानित किया और भजन गाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर सांसद ने कहा कि भजन और सत्संग से व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि शारदा परिवार के गुरु भाइयों के इस स्वागत से अभिभूत हूं। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक परंपरा मजबूत होती है। उन्होंने देवरिया संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए सभी लोगों से आपसी सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जब तक सबके प्रयास की भावना का विकास नहीं होगा तब तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा नहीं किया जा सकता। इस दौरान उन्होंने एक सुंदर गीत भी प्रस्तुत किया जिस पर उपस्थित सभी तालियां बजाकर झूमने लगे। इस दौरान अजय सिंह अन्नू, पप्पू मणि, दुर्गेश पांडे शशिभूषण तिवारी, रघुनाथ तिवारी जितेंद्र तिवारी, संतोष मणि, अजय सिंह उर्फ अन्नू सिंह, राजन तिवारी, धनंजय दुबे, विनय मिश्र, राहुल तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ल, ब्रिज बिहारी सिंह, हरि मिश्र, अवध नाथ मिश्र, विनोद, प्रमोद तिवारी, रजनीश तिवारी, श्याम मनोहर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार वसूली सरकार आमजन मानस त्रस्तः निर्मला



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** जिला कांग्रेस कमेटी निर्मला पासवान ने कहा कि भिटहाँ टोल प्लाजा बेलीपार में आम जनमानस से वसूला जा रहा है टोल। यह सरकार वसूली सरकार है भाजपा सरकार में जनता परेशान है कहीं महंगाई की मार तो कहीं टोल की मार लोकल की जनता से तू तू मैं मैं रोज हो रहा है। जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने परिवहन मंत्री भारत सरकार को द्वारा जिलाधिकारी महोदय ज्ञापन के माध्यम से 24 घंटे का अल्टीमेट दिया। टोल वसूलने वाले के ऊपर यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़क पर बैठेगी। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी आम जनमानस के साथ जिसकी जिम्मेदार शासन और प्रशासन होगी। इस दौरान वरिष्ठ नेता जय नारायण शुक्ला शिक्षक प्रकोष्ठ, राजकुमार यादव कामगार प्रदेश सचिव, जिला महासचिव पंकज पासवान, ध्रुव पासवान आउटफिट जिला अध्यक्ष, अशोक कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष फिशरमैन, निर्मला गुप्ता जिला सचिव कोषाध्यक्ष, विपिन मिश्रा गोला ब्लॉक अध्यक्ष, सच्चिदानं तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष उरुवा, सतीश पासवान, मुन्ना तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पड़री ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कोंच विकास खंड के ग्राम बसोव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पड़री और चमरसेना गांवों की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पड़री की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 146 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जबाव में चमरसेना की टीम महज 117 रनों पर ढेर हो गई। खिलाड़ी वरुण पटेल को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र पटेल, आयोजक रामू नाना, श्रीकांत कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, कपिल राजपूत, बंटे वर्मा आदि ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

## नाबालिग छात्रा संग यौन उत्पीड़न के आरोपी को बचा रही पैकोलिया पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** किसी समान्य व्यक्ति पर सामान्य धाराओं में भी मुकदमा दर्ज हों तो पुलिस कालर पकड़कर उसे उठा ले जायेगी। किन्तु आरोपी सरकारी कर्मचारी हो तो उसे बंचाने में पूरा अमला लग जाता है। जिले के गौर विकास क्षत्र से एक ऐसा ही मामला चर्चा मे है। परिषदीय विद्यालय जलालाबाद में तैनात प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार पर अपनी ही छात्रा के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। आरोपी ने कक्षा 6 की छात्रा से पानी मांगा और उसे कमरे में ले जाकर उसके साथ घिनौनी हरकत की। घटना 15 सितम्बर 2023 की है। पीड़ित पिता शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस की चैखट पर सिर पटकता रहा लेकिन एफआईआर नही दर्ज हुई। मजबूर होकर उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया जहां से मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी हुआ। काफी मशक्कत के बाद पैकोलिया पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आरोपी पर आंच नही आई। खबर है कि स्थानीय पुलिस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी मे है। आरोपी पवन कुमार पर पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा के मां की तहरीर पर आईपीसी की धारा 376एबी, 354बी, 504, 506 तथा पॉक्सो एक्ट 5ध6, 9ध10 के तहत मुकदमा दर्ज। इसमे 7 साल से अधिक और उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। अब आप समझ सकते हैं यही मुकदमा किसी सामान्य व्यक्ति पर दर्ज हुआ होता तो पुलिस उसका घर खोद डालती। सरकारी कर्मचारी होने का इतना फायदा है कि जिम्मेदार उसकी घिनौनी हरकत को भी नजरअंदाज कर सकते हैं। 17 जनवरी को पीड़ित ने सीडब्लूसी को प्रार्थना पत्र देकर नाबालिग से जुड़े प्रकरण में कार्यवाही की मांग किया है। इससे पहले एसपी, डीआईजी सभी से फरियाद कर चुका है।

## एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली में किया चार थानों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली में अधीनस्थों की क्लास लगाई और अपराधों पर रोकथाम के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सर्किल के सभी थानों को कड़ी चेतावनी दी कि लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निपटारा कर उन्हें सामान्य लेबल तक लाएं वरना कार्रवाई भुगतने के लिए तैयार रहें। उनका सबसे ज्यादा जोर तीसरी आंख और ई-साक्ष्य ज्यादा से ज्यादा अपलोड करने पर रहा।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली कोंच में सर्किल के सभी चारों थानों कोतवाली कोंच, थाना कैलिया, थाना नदीगांव और थाना एट के थानेदारों और थाना प्रभारियों की कक्षा लगाई और उन्हें क्राइम कंट्रोल की घुट्टी पिलाते हुए अपराधों की विंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का सबसे पहला काम है अनुशासित ढंग से रह कर अपना काम करना और उम्दा से उम्दा रिजल्ट देना। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर पैनी नजर रखें और अपराधों पर कारगर ढंग से नियंत्रण पाएं। उन्होंने बीट, गश्त और पिकेट के महत्व के बारे बताते हुए कहा कि किस प्रकार बीट बुक में दर्ज सूचनाओं के माध्यम से वे अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगा सकते हैं। उन्होंने बांछित अपराधियों की भी तत्काल गिरफ्तारी और बड़े मुकदमों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों और समस्याओं का निराकरण मौके पर जाकर करें और शिकायत करने वाले के साथ फोटो करके अपलोड करें। फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार करना और उसकी समस्या का त्वरित समाधान करना पुलिस का दायित्व है। अर्दली रूम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, जबसे नए कानून प्रचलन में आए हैं, ई-साक्ष्य का महत्व बढ़ा है।

## अलीगढ़ में फूड विभाग की कार्यवाही सुस्त

**अलीगढ़।** खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में कर्मचारी व खाद सुरक्षा इंस्पेक्टर प्रतिदिन अपने कार्यालय नहीं आते हैं। कार्यालय में पता करने पर पता चलता है कि वह फील्ड में हैं। परन्तु सच्चाई तो यह है कि वह कार्यालय आए ही नहीं होते हैं अगले दिन आकर रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कर देते है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब देखा गया कि जनपद में कही भी छापा मार कार्यवाही नहीं हो रही है। फूड विभाग की छापामार कार्यवाही त्योहारों तक ही सीमित रहती हैं। उसके बाद छापामार कार्यवाही जीरो हो जाती हैं। जबकि विभाग के डीओ डॉ दीनानाथ द्वारा अपने अधीनस्थ खाद सुरक्षा अधिकारिओं पर लगाम लगाने का प्रयास करते है परंतु इनके अधिकारी अपने ही सीनियर को धोका दे रहे हैं। जिले में जमकर मिलावट खोरी हो रही है। नतीजा यह है कि दूध, खोवा , घी से लेकर हल्दी, धनिया, लाल मिर्च तक में जमकर मिलावट हो रही है। यह भी ज्ञात हुआ है कि छापामार कार्यवाही में शामिल कुछ इंस्पेक्टर कार्यवाही के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं।

## सड़क दुघर्टना में मां बेटे की मौत, तीन घायल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो मोटर साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में मां-बेटे की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। परतोष चौकी क्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर शुक्रवार को दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक बाइक पर तीन युवक सवार थे, दूसरी बाइक पर मां-बेटे सहित दो लोग सवार थे। तेज टक्कर से पहली बाइक पर सवार सुलतानपुर के लंभुआ थाना क्षेत्र के विवेक कुमार निषाद, मनीष कुमार श्रीवास्तव और अंकित कुमार सरोज व दूसरी बाइक पर सवार मुसाफिरखाना क्षेत्र के राकेश कुमार और उसकी मां घुटुरा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के जिला अस्पताल सुलतानपुर ले जाया गया। पुलिस चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सुलतानपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के समसेरिया गांव के निवासी राकेश कुमार (23) और उसकी मां घुटुरा (45) की मौत हो गयी । गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार श्रीवास्तव को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को यातायात पुलिस देवरिया द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं, उप प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को सड़क पर सुरक्षित चलने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित समस्त छात्रङ्कछात्राओं एवं कॉलेज के उप प्रधानाचार्य , अध्यापक तथा अध्यापिका गण को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई, जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

## राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 10 से 15 जनवरी 2025 तक इटावा में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गोरखपुर मंडल की टीम से विभा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, संजना यादव, रोशनी राजभर, प्रीति पाठक और इशानी तिवारी (कुल 6 खिलाड़ी) ने जनपद देवरिया की ओर से प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा, अगली बार विजेता बनकर आने का प्रयास कीजिए।

जनपद देवरिया के खिलाड़ी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर देवरिया का नाम रोशन करेंगे। गोरखपुर मंडल ने प्रतियोगिता के पहले मैच में सहारनपुर को 4-0 से हराया, दूसरे मैच में आजमगढ़ को 4-0 से हराया, तीसरे मैच में बनारस को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, और सेमीफाइनल में प्रयागराज को 2-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जनपद देवरिया की गोलकीपर संजना यादव को बेस्ट गोलकीपर और विभा कुमारी को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। ये सभी खिलाड़ी पिछले पांच वर्षों से स्टेडियम में हॉकी प्रशिक्षक शकील अहमद से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि के लिए जिला क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों को बधाई दी। हॉकी देवरिया के अध्यक्ष संजय केडिया और सचिव अकरम सिद्दीकी ने खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर स्टेडियम के खेल प्रशिक्षक गिरीश सिंह, अवधेश यादव, लालू सिंह यादव, दिवाकर मणि त्रिपाठी, शालिनी शर्मा, राम जनम यादव तथा हॉकी के सीनियर खिलाड़ी जफर मसूर, सुहेल खान, फारुख अहमद और परवेज अख्तर उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को बधाई दी।

## सड़क के गड्ढे में समाई बाइक, युवक की मौत, महीनों से कटी पड़ी है चमरसेना, गुरावती के बीच सड़क



**उरई (जालौन)।** लोक निर्माण विभाग की लापरवाही ने एक बेकसूर की असमय जान ले ली है। चमरसेना और गुरावती के बीच पड़ी सड़क महीनों से बीच रोड पर कटी पड़ी है जिससे वहां गहरा गड्ढा हो गया है। रात एक बाइक सवार युवक कोहरे के कारण उसी गड्ढे में समा गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच से कटी सड़क में कहीं संकेतक भी नहीं लगे थे जिससे राहगीरों को गड्ढे के संकेत नहीं मिल पा रहे थे। बताया गया कि सड़क बारिश के समय पानी से कट गई थी उसके बाद से कटी पड़ी है अब तक किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया जिसका खामियाजा युवक को अपनी जान गंवा कर भुगतना पड़ा है।

तहसील के ग्राम गुरावती निवासी मनोज पटेल (28) पुत्र सूरज अपने मामा के यहां समीप के ग्राम चमरसेना गया था। रात लगभग साढ़े आठ बजे वह अपने घर लौट रहा था, घने कोहरे में उसे कुछ दिखाई नहीं दिया और उसकी बाइक उस कटी पड़ी सड़क के गहरे गड्ढे में समा गई। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे बाइक सवारों ने गड्ढे में बाइक की लाइट जलती देखी तो ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और तत्काल उसे नर्सिंग होम में ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की खबर जैसे ही पहुंची, घर में कोहराम मच गया। युवक दो भाइयों में छोटा था और अविवाहित था। लोक निर्माण विभाग के जेई संदीप यादव का कहना है कि बारिश में पानी से सड़क कट गई थी वहां पुलिया बननी है लेकिन ग्रामीण पाइप नहीं डालने दे रहे हैं जिससे सड़क कटी पड़ी है। अगर ग्रामीणों का सामंजस्य बनता है तो तत्काल पाइप डलवा कर पुलिया बना दी जाएगी। करीब पखवाड़े भर पहले कोंच-कैलिया सड़क पर ग्राम देवगांव के पास भी पीडब्ल्यूडी की घोर लापरवाही से सड़क के बीच खुदे पड़े पुलिया के गड्ढे में ग्राम पीपरी कलां निवासी संदीप कुशवाहा अपने पड़ोसी गौरीशंकर पांचाल के साथ बाइक सहित गिर गया था । जिससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई थी और गौरीशंकर को जिंदगी और मौत के बीच जूझना पड़ा था। गड्ढे के आस पास कोई संकेतक भी नहीं लगे थे और बेबजह युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। उसके बाद विभाग ने खुदी पड़ी पुलियों के गड्ढो में संकेतक लगवाए थे। लेकिन ग्राम चमरसेना गुरावती के बीच पिछले कई महीनों से कटी पड़ी सड़क के गड्ढे में किसी जिम्मेदार ने फिर भी ध्यान नहीं दिया जिसके चलते एक और युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी है। पीडब्ल्यूडी के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने वहां संकेतक लगवाना भी मुनासिब नहीं समझा।

## डीएम ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की तय की रुप-रेखा




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक बैठक की। उन्होंने इस पर्व को परम्परागत रुप से मनाये जाने हेतु कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की गयी तथा सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों की साफ सफाई, सजावट, झालर आदि लगाये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यालय अच्छी तरह से प्रकाशमय व सजे होने चाहिये। उन्होंने औद्योगिक आस्थानो, वाणिज्य प्रतिष्ठानो को भी सजाने व प्रकाशमय किये जाने की अपेक्षा की। कहा कि यह पर्व पूरी भव्यता के साथ मनायी जाये। तय कायक्रमों अनुसार इस पर्व की शुरुआत प्रातः 05 बजे धर्मगुरुओं द्वारा प्रार्थना के साथ होगी। क्रीडा विभाग द्वारा दौड का आयोजन प्रातः 7 बजे कराया जायेगा। 8.15 बजे बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी। 8.30 बजे सभी कार्यालयों में झण्डारोहण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट रुप से निर्देश दिया कि इस दिन ड्रेस कोड को अवश्य ही अपनायेगें। 8.45 बजे मलीन बस्तियों की सफाई सुनिश्चित करायी जायेगी। 8.50 से मध्यान्ह 12.30 बजे तक जिला जेल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालीवाल, खेलकूद, कैदियों का स्वास्थ परीक्षण एवं फल वितरण किया जायेगा। मेडिकल कालेज में मरीजों में फल वितरण भी होगा।

## एमआईसी फतेहगढ़ में एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को सड़क सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता





**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद शासन के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा है। इसके अंतर्गत जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह के द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर को जनपद स्तर पर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण ,क्विज तथा चित्रकला /पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रुखाबाद, नरेंद्र पाल सिंह द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है । इस क्रम में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर द्वारा विद्यालय में छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत एआरटीओ के सम्मान में माल्यार्पण कर प्रधानाचार्य गिरजा शंकर द्वारा की गयी। मंच का संचालन डॉक्टर दिनेश चंद्र द्वारा किया गया। शिक्षक प्रदीप कुमार जायसवाल, विश्व प्रकाश दीक्षित तथा डॉक्टर दिनेश चंद्रा द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न जानकारियां दी गई तथा जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा सभी छात्र तथा एनसीसी कैडिट्स को अपने संबोधन में बताया गया कि यद्यपि हम सभी जागरूक हैं, फिर भी हर वर्ष जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी दुर्घटना में कमी नहीं हो रही है, जिसका कारण है ,आम जनमानस का जागरूकता संबंधी नियमों का पालन न करना, गंभीरता से न लेना जिसके चलते सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। हाल ही में प्रकाश में आया है कि चाइनीज मांझा से नवयुवक पतंग बाजी करते हैं जिससे कई प्रकार की दुर्घटनाएँ घटित हो रही हैं। प्रधानाचार्य द्वारा चाइनीज मांझा का प्रयोग न करने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि आए दिन सड़क सुरक्षा संबंधी नियम बताए जाते हैं परंतु लोग उसका पालन नहीं करते हैं जिसके कारण विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाएं घटित होती है। आज हम सभी को नियमों के पालन करने तथा जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सभी को बताया कि यदि आप सड़क पर पैदल भी चल रहे है तो उस समय अपने को सुरक्षित समझने की भूल नही करनी चाहिए। रोड पर चलते समय हमेशा बाये चलें। 18 साल उम्र पूरी होने से पहले मोटर वाहन न चलाएं। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट अवश्य लगाएं। सड़क पर चलते समय हमेशा सतर्क रहें। कभी भी शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। रोड पर चलते समय स्टंट बाजी ना करें।

## घर में आग ताप रहे होमगार्ड कर्मी की झुलसकर मौत

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भीषण हाड़कंपाऊ ठंड से बचने के लिए देर शाम को घर के आंगन में आग ताप रहा 56 वर्षीय होमगार्ड कर्मी आग से बुरी तरह झुलस गया। पड़ोसी ने आग का धुआं देखकर परिजनों को सूचना दी। उपचार के लिए परिजनों द्वारा उसे झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां भर्ती कराते समय उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग निवासी पर्वत सिंह कुशवाहा (56) पुत्र मुठीराम देर शाम अपने घर के आंगन में आग ताप रहा था तभी अचानक उसके पैराशूट के कपड़ों ने आग पकड़ ली और वह बुरी तरह झुलस गया। आग का धुआं देख पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी। तत्काल प्राइवेट गाड़ी से होमगार्ड को एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। रात करीब 9 बजे के जब परिजन उसे मेडिकल में भर्ती करा रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। सुबह गांव में शव आ जाने के बाद सूचना पर कोतवाल अरुण कुमार राय व सुरही चौकी इंचार्ज संदीप दीक्षित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि घटना के समय उसके परिजन खेत पर थे जबकि घर के अंदर वाले हिस्से में बड़ी बहू संगीता किचिन में काम कर रही थी। मृतक के दो विवाहित बेटे नीरज व नीलेश हैं जो अपने परिजनों संग जिला प्रतापगढ में रहकर पानीपूरी का धंधा करते हैं। मकर संक्रांति पर्व पर उक्त लोग गांव आए थे।

## अनुरागिनी संस्था द्वारा नारी शक्ति गौरव उत्सव एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अनुरागिनी संस्था द्वारा आज विकासखंड के ग्राम इंगहोटा के पंचायत भवन परिसर में नारी शक्ति गौरव उत्सव और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं और समुदाय के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को समर्पित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पूनम द्विवेदी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा, महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास का आधार है। अनुरागिनी संस्था जिस तरह से महिलाओं और ग्रामीण समुदाय के लिए कार्य कर रही है, वह अनुकरणीय है। इस तरह के प्रयास ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने में सहायता करेंगे। नारी शक्ति गौरव उत्सव कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करने और उनके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से न्यूट्रीशनल ड्रिंक वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के पोषण स्तर को सुधारना और उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करना था।

अवधनामा



# टोलियां बनाकर घर-घर सम्पर्क करें मोर्चा व प्रकोष्टों के कार्यकर्ता: जेपीएस राठौर



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी सात मोर्चा व प्रकोष्ठों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। युवा, महिला, किसान, अनूसूचित, किसान, अल्पसंख्यक व पिछड़ा मोर्चा सहित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता टोली बनाकर घर-घर सम्पर्क करेंगे। जनसम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने मोर्चा अध्यक्षों तथा विभाग के संयोजकों के साथ बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री ने कहा मोर्चा तथा विभागों के कार्यकर्ता छोटी-छोटी टोलियां बना लें। मोर्चा अध्यक्ष सभी से समन्वय स्थापित करते हुए हर घर हर मतदाता से सम्पर्क की योजना बनाएं। हर घर - हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क करना है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से विशेष तौर पर सम्पर्क करना है। सर्वाजनिक स्थलों पर व जनसम्पर्क के दौरान लोगों से सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करनी है। टोलियां अपने क्षेत्र में विशेष ध्यान दे कि कोई भी घर न छूटे जिनसे सम्पर्क न हो सके। उन्होंने कहा मतदान वाले दिन अपने वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

## गौड समाज के खिचड़ी भोज पर समारोह का आयोजन

**पूरा बाजार- अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार अंतर्गत पिपरा भवानी राजेपुर के प्रांगण में गौड समाज द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की खिचड़ी हमारा पौराणिक त्यौहार है इससे भाईचारे को बल मिलता है विशिष्ठ अतिथि सपा के ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गौड़ ने कहा कि आज के दौर में गौड समाज को शिक्षित कर आगे बढ़ाये ताकि समाज के लोग उच्च पदों पर आसीन होकर समाज के साथ-साथ देश को आगे बढ़ा सके विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामस्वरूप गौड ने कहा कि समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए समाज सहयोग कर आगे बढ़ाएं तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करे ताकि उन्हें भी आगे बढ़ने का मौका मिले समारोह की अध्यक्षता राम तिलक गौड व संचालन प्रवीण गौड ने किया समारोह में समाज के विशिष्ठ लोगों को शाल , अंग वस्त्र भेंट कर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# अयोध्या में भव्य भंडारे के साथ स्वर्गीय महंत को श्रद्धांजलि अर्पित किया

**अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या में आज एक भावुक माहौल देखने को मिला। स्वर्गीय महंत श्री बृजमंगल शरण शुक्ला जी की पुण्यतिथि पर उनके उत्तराधिकारी महंत विश्वनाथ शरण शुक्ला ने श्रृंगार भवन मंदिर, स्वर्गद्वार राम की पैड़ी में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य स्वर्गीय महंत को श्रद्धांजलि अर्पित करना था।सैकड़ों की संख्या में साधु-संत और भक्त इस आयोजन में शामिल हुए।

भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और महंत विश्वनाथ शरण शुक्ला को आशीर्वाद दिया। महंत जी ने भी सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में कई प्रतिष्ठित संत-महंतों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें महंत वैदेही बल्लभ शरण महाराज, महंत बृज मोहन दास महाराज, महंत मैथिली शरण महाराज, महंथ राम लोचन महाराज, महंथ राकेश शरण महाराज, मनोज कुमार,सोनू कसौधन,नीरज तिवारी, थप्पा,अभय शुक्ला,आलोक शुक्ला, जय प्रकाश वर्मा,आदर्श कुमार, पवन शुक्ला,कैलाश गुप्ता, आलोक कुमार शर्मा, तुलसी राम शुक्ला,अवध राम शुक्ला, पार्षद महेंद्र शुक्ला अन्य संत-महंथ व भक्तगण की उपस्थित आदि प्रमुख थे। इन संतों का आशीर्वाद इस आयोजन को और भी पवित्र बना रहा।

पूरे आयोजन में शांतिपूर्ण माहौल रहा। भक्तों ने श्रद्धा और भक्तिभाव से स्वर्गीय महंत को याद किया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक आयोजन था बल्कि एकता और भाईचारे का प्रतीक भी था।अयोध्या हमेशा से धार्मिक कार्यों का केंद्र रहा है। इस तरह के आयोजन अयोध्या की धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वर्गीय महंत बृजमंगल शरण शुक्ला का योगदान अयोध्या के धार्मिक विकास में अविस्मरणीय रहेगा।

# बिजली का निजीकरण: क्यों और किसके फायदे के लिये?

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के फैसले ने आम जनता, किसानों, युवाओं और बिजली कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। 25 नवंबर 2024 को दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को निजी कंपनियों को सौंपने की तैयारी के साथ, प्रदेश की 42 जिलों की करोड़ों की सार्वजनिक संपत्ति मात्र 1500 करोड़ रुपये में बेचे जाने की योजना बनाई गई है। जबकि इसकी वास्तविक कीमत 5 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। इस लेख के माध्यम से हम आपको बिजली के निजीकरण के कारण और इसके घातक परिणामों को समझाने का प्रयास करेंगे,1. युवाओं और कर्मचारियों के रोजगार पर संकट, बिजली का निजीकरण 50,000 संविदा कर्मियों और 27,000 से अधिक स्थायी बिजली कर्मचारियों की नौकरियां समाप्त कर देगा। निजी कंपनियां अपने कर्मचारियों को कम वेतन, अधिक काम और बिना छुट्टियों के रखने की योजना बना रही हैं। इससे लाखों परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी, और नए रोजगार का सपना देखने वाले युवाओं के अवसर समाप्त हो जाएंगे,2. महंगी बिजली- आम जनता पर बोझ, निजीकरण के बाद बिजली की दरों में भारी वृद्धि होगी। उदाहरण के लिए, ओडिशा और महाराष्ट्र में निजीकरण के बाद बिजली दरें 11-18 रुपये प्रति यूनिट हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में भी 20% दर वृद्धि का प्रस्ताव पहले ही आ चुका है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार, छोटे व्यापारी और किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे,3. किसानों के लिए आर्थिक संकट, सरकार ने किसानों को ट्यूबवेल पर मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है, लेकिन इसमें शर्तें लगाई गई हैं। फ्री बिजली केवल 1045 यूनिट तक ही मिलेगी, जो 10 एचपी मोटर के लिए मात्र 12 दिनों तक चलेगी। इसके बाद किसानों को कमर्शियल दरों पर बिजली खरीदनी होगी, जिससे उनका बिल दोगुना-तिगुना बढ़ सकता है। इससे खेती की लागत बढ़ेगी और किसानों को अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा,4. छोटे व्यापारियों और दुकानदारों पर प्रभाव, आटा चक्की, छोटे उद्योगों और दुकानों पर भी बिजली दरों का बड़ा असर होगा। वर्तमान में जो बिजली 6.50 रुपये प्रति यूनिट पर उपलब्ध है, वह निजीकरण के बाद कई गुना महंगी हो जाएगी। इससे छोटे व्यवसायों की लागत बढ़ेगी और वे टिक नहीं पाएंगे,5. स्मार्ट मीटर और छिपे हुए शुल्क, स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली की खपत और दरों का सही-सही पता नहीं चलेगा। हर बार रिचार्ज और कनेक्शन रीस्टोर करने पर शुल्क लिया जाएगा।

# अयोध्या में रोली सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में की अपील



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने अपील किया है। उन्होंने मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी 5 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में मतदान करें।रोली सिंह ने अपनी बात शुरू करते हुए मिल्कीपुर क्षेत्र की सम्मानित जनता को प्रणाम किया और उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक बड़ा परिवार है जो देश के उत्थान और विकास के लिए कार्यरत है। इस परिवार के सभी सदस्य एकजुट होकर देश की प्रगति के लिए काम करते हैं, और उनका उद्देश्य केवल देशवासियों की सेवा करना है।उन्होंने उपचुनाव में कुछ दुर्भावनापूर्ण आरोपों और कूटरचित तरीके से उठाए गए मुद्दों की निंदा की। रोली सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सच्ची सिपाही के रूप में पार्टी के हर कार्यकर्ता और समर्थक से यह अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के पक्ष में पूरी ईमानदारी से काम करें और आगामी चुनाव में अधिक से अधिक वोट डालकर पार्टी को विजय दिलाएं।रोली सिंह ने अंत में जनता से यह भी कहा कि हमें अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर केवल देश के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर हम एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

# श्रद्धालुओं के लिए वरदान सबित होगा हेल्थ एटीएम



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जन सुविधाओं की दृष्टि से दिन-ब-दिन समृद्ध हो रही रामनगरी में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आपात स्थिति में इलाज के मद्देनजर 40 प्रकार की जांच हेल्थ एटीएम के माध्यम से सुलभ होगी। खास तौर से ईसीजी जांच होने से हृदय रोगियों को जीवन रक्षा में आसानी होगी। क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के निकट जलकल परिसर में स्थापित हेल्थ एटीएम का उद्घाटन समारोह पूर्वक महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भावना के अनुरूप अयोध्या नगर निगम न केवल विकास को तत्पर है, बल्कि जन सुविधाओं की दृष्टि से नगर को समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हेल्थ एटीएम की शुरुआत की गई है। नगर में कुल 18 स्थान पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक इस हेल्थ एटीएम का लाभ उठा सकते हैं। यहां रक्त एवं मूत्र के 40 प्रकार के जांच आसानी से कर सकते हैं। इस मौके पर सभासद अनुज दास, अभय श्रीवास्तव, विनय जायसवाल, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# विपक्षियों के खिलाफ पीड़ित ने की कानूनी कार्यवाही की मांग

**अयोध्या।** 17 जनवरी- अयोध्या जिले के ग्राम भीखापुर, मोलनापुर निवासी रामरूप गौड़ और उनके परिवार ने विपक्षियों द्वारा उनके मकान को तोड़े जाने और मारपीट की घटना के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित रामरूप गौड़ और उनके पुत्र अवधेश गौड़ ने बताया कि उनका मकान 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के समीप स्थित है, जिसका कुछ हिस्सा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान अधिग्रहीत हो गया था। इस भाग को उन्होंने तोड़कर हटा लिया था, जबकि शेष मकान के हिस्से की मरम्मत के लिए 2 जनवरी को मोरंग, बालू और सीमेंट मंगवाए थे। 3 जनवरी को सुबह 8-30 बजे ईंटों से भरी ट्राली मंगवाने पर विपक्षीगण, जो कि गांव के जाने-माने भू-माफिया और दबंग हैं, उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन्हें धमकी दी कि वे अपनी सामग्री हटा लें और इस जमीन पर अपना कब्जा छोड़ दें। पीड़ित के विरोध करने पर विपक्षीगण ने जेसीबी मशीन मंगवाकर उनके शेष मकान को जबरन गिरा दिया और उन्हें तथा उनके बेटे अवधेश गौड़ को मारपीट का शिकार बना दिया। इस दौरान अवधेश का मोबाइल फोन भी छीनकर तोड़ दिया गया। विरोध करने पर विपक्षीगण ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।पीड़ित ने बताया कि उनके पास घटना का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, जिससे घटना की सत्यता साबित होती है। इसके बावजूद पुलिस ने विपक्षीगण के प्रभाव में आकर मामला दर्ज नहीं किया और उन्हें टरकाते रहे। अंततः, पीड़ित ने 8 जनवरी को कोतवाली अयोध्या में शिकायत दी और कानूनी कार्यवाही की मांग की। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने पुत्तीलाल पाल पुत्र राम बलीपाल, रामपाल उर्फ बिंदु पाल पुत्र रामबलीपाल, पिंकू पाल पुत्र रामबली पाल, संदीप पाल पुत्र रामबली पाल, रोहित पाल पुत्र पुत्तीलाल पाल, पंकज पाल पुत्र पुत्तीलाल पाल ,अभय पाल पुत्र पुत्तीलाल पाल के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि विपक्षियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए।

# विवि की सेमेस्टर परीक्षा में 101790 परीक्षार्थी में से 2814 अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी यू.जी. व पी.जी. तथा वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट की सेमेस्टर परीक्षा शुक्रवार को हुई जिसमें तीन पालियों में 101790 परीक्षार्थियों में से 2814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की प्रथम पाली की परीक्षा में 36295 परीक्षार्थी, द्वितीय पाली में 63170 व तृतीय पाली में 2325 परीक्षार्थियों के सापेक्ष क्रमशः 1524, 1258 व 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यूजी व पीजी एवं अन्य सेमेस्टर की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की गई। इस दिन की परीक्षा में 101790 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# छेड़खानी व मारपीट में मुकदमा दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने मौसी के घर आई एक लड़की से मामा के लड़के द्वारा छेड़खानी व मारपीट करने का मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हो गया। पीड़ित लड़की ने पुलिस अधीक्षक से जनता दर्शन में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने मामा का लड़का एक वर्ष से छेड़-छाड़ सहित अश्लील हरकत करता रहता था। मना करने के बाद भी वह ऐसी हरकतें करता रहा थक हारकर 14 दिसंबर को घटना की सूचना अपने माता को दे दिया। इस बाबत प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गोरखा लोगों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को गोरखा समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने गोरखा समुदाय को जातीय समुदाय में रखने की मांग की। जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ मनोज कुमार राणा ने बताया कि जनपद महराजगंज व पूरे उत्तर प्रदेश में 2011 की जनगणना में गोरखा समुदाय को शून्य दर्शाया गया है । जबकि महराजगंज में गोरखा समुदाय की जनसंख्या तकरीबन 30 हजार है और उत्तर प्रदेश ने गोरखा समुदाय को किसी जाति में शामिल नहीं किया गया है । श्री राणा ने बताया कि गोरखा समुदाय को किसी भी जाति में शामिल न होने की वजह से उनके पढ़े लिखे बच्चों को नौकरी के लिए ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट नहीं मिलता है । श्री राणा ने जिलाधिकारी से गोरखा समुदाय को जनगणना में शामिल करने की मांग की है । इस दौरान तमाम गोरखा समुदाय के लोग मौजूद थे।

# विधायक ने 1500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**अयोध्या।** अयोध्या मण्डल, करियप्पा मंडल और देवकाली मंडल के लगभग कार्यकर्ताओं के लिए खिचड़ी भोज और 1500 जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया। सभी कार्यकर्ताओं से मिल्कीपुर में लगकर भाजपा के प्रत्याशी की विजय हो इसकी अपील भी की गई। और कहा कि हम मिल्कीपुर विधानसभा जीतने के साथ 2027 में पुनः सरकार बनाने का काम करेंगे। आयोजन अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की ओर से किया गया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल बांटे गए और एक साथ खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, सहकारी बैंक के सभापति टिल्लू सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह, दीपेंद्र सिंह, भाजपा नेता अमल गुप्ता, अभय सिंह, हरभजन गौड़, अरविंद सिंह, अनुराग त्रिपाठी, आलोक देवेदी, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, संजय शुक्ला समेत अन्य कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया और समाज में सशक्तता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को सर्दी से बचने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास पर पूरी तरह ध्यान दे रही है। जनता को किसी प्रकार की दिक्कत ना उसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जो इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो 2025 तिरुपति में होगा आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो 2025 का आयोजन 17 से 19 फरवरी तक आंध्र प्रदेश के पवित्र तीर्थ स्थल तिरुपति में होने जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य मंदिर प्रबंधन, संचालन और मंदिरों की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। यह आयोजन टेम्पल कनेक्ट (इंडिया) द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसकी स्थापना गिरीश कुलकर्णी ने की है। इस बार, ITCX 2025 का आयोजन और भी भव्य होगा और इसमें मंदिरों के प्रबंधक, ट्रस्टी और धार्मिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।पिछले वर्ष 2023 में आयोजित पहले संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन प्राप्त हुआ था। इस बार, ITCX 2025 का आयोजन और भी विस्तृत और सशक्त रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा अतुल्य भारत पहल के तहत समर्थन प्राप्त है, जो मंदिर पर्यटन और तीर्थयात्रा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ITCX 2025 में मंदिर प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा होगी, जिसमें सुरक्षा और निगरानी प्रणाली, कोष प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, और बड़े पैमाने पर भंडारे एवं खाद्य वितरण के मानकों में सुधार जैसे मुद्दे शामिल होंगे। इसके अलावा, इस बार 75 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकी नवाचार (हाई-टेक इनोवेशन) भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जो मंदिरों और धार्मिक तकनीक के क्षेत्र में परिवर्तन लाने की दिशा में सहायक होंगे। ITCX 2025 का एक अन्य महत्वपूर्ण आकर्षण होगा 58 देशों से आए धार्मिक संस्थानों के केस स्टडी एक्सहिबीशन्स , जो विभिन्न दृष्टिकोण और जानकारी प्रदान करेंगे। यह एक्सहिबिशन मंदिर प्रबंधन में बेहतर कार्यप्रणालियों, संरचनाओं, और उपकरणों को साझा करेंगे। साथ ही, इसमें श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए भीड़ और कतार प्रबंधन, सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट और मंदिर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी चर्चा होगी। इस आयोजन का उद्देश्य मंदिरों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना है, ताकि तीर्थयात्रियों को एक सुरक्षित, समृद्ध और सुखद अनुभव प्राप्त हो सके। मंदिरों के संचालन में सुधार के साथ-साथ, इस कन्वेंशन का लक्ष्य सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित करना और उन्हें दुनिया भर के धार्मिक संस्थानों में लागू करना है।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन निःशुल्क हैं और 31 जनवरी, 2025 तक खुले रहेंगे। मंदिरों के प्रबंधक, ट्रस्टी और अन्य प्रतिनिधि इस अद्वितीय आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन में एकत्रित होने वाले लोग धार्मिक, सांस्कृतिक और तकनीकी दृष्टिकोण से मंदिरों के संचालन पर विचार-विमर्श करेंगे और साझा अनुभवों से लाभ उठाएंगे।

ITCX 2025 निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित आयोजन होगा, जो भारत और दुनिया भर के मंदिरों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# मंडी आय की बढ़ोतरी नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जताया नाराजगी



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व संग्रह एवं प्रर्वतन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जिसमें जिलाधिकारी ने आबकारी, व्यापार, परिवहन, जीएसटी एवं अलौह खनन वसूली में प्रगति की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कर एवं राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर सी, डी व ई ग्रेड कदापि स्वीकार्य नहीं है। जिन परियोजनाओं में प्रदर्शन अपेक्षित नही है, उनमें सुधार हेतु जिम्मेदार तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अवशेष आवासों को पूर्ण करते हुए जियो टैगिंग का निर्देश दिया। उन्होंने डिजी शक्ति योजना के तहत स्मार्ट फोन और टैबलेट का वितरण समय सारिणी बनाकर जल्द से जल्द पूर्ण करवाने का निर्देश दिया। आबकारी अधिकारी को आबकारी राजस्व बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। मंडी आय में अपेक्षित प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते समस्त मंडी निरीक्षकों को मंडी आय बढ़ाने हेतु कड़ा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों को धारा 24 और धारा 116 के 01 वर्ष से पुराने मामलों की सुनवाई करते शत-प्रतिशत निस्तारण का निर्देश दिया।

# मिल्कीपुर में वोट कटवा बनकर रह जाएंगे संतोष उर्फ सूरज चौधरी

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव, नामांकन के आखिरी दिन सपा के बागी नेता संतोष उर्फ सूरज चौधरी ने आजाद समाज पार्टी से नामांकन करने के बाद अब राजनैतिक हलकों में उनके वोट कटवा की भूमिका में होने की चर्चा आम हो गयी है।



हालांकि नामांकन के बाद सूरज चौधरी ने कहा है कि जनता एक बार हमें मौका दे, वे कोई मिल्कीपुर की दबी कुचली जनता की आवाज बनेंगे, उनके हर दुख दर्द में साथ खड़े रहेंगे। बड़ बोलेपन का शिकार हो चुके सूरज चौधरी ने यह भी कह डाला कि उन्होंने अवधेश को विधायक बनाया सांसद बनाया और जब टिकट देने की बारी आई तो किनारा कर लिया। उनका दावा है कि वह सपा का खेल बिगाड़ सकते हैं। लेकिन जानकरों का कहना है कि सूरज चौधरी के लड़ने या न लड़ने से सपा पर कोई फर्क नही पड़ने वाला है। सूत्र बताते है कि तंत्र मंत्र की दुनिया से चर्चा में आये संतोष उर्फ सूरज चौधरी भले ही आज प्रॉपर्टी डीलिंग और अन्य एमएलएम कंपनियों के जरिये अच्छी खासी दौलत बना चुके हो लेकिन राजनीति के मामले में अवधेश प्रसाद जैसे लोगो के सामने उनकी हैसियत कुछ भी नही है। स्थानीय लोगो का तो यह भी कहना है कि संतोष उर्फ सूरज चौधरी के लिए अपनी जमानत बचा पाना भी टेढ़ी खीर साबित हो सकता है। मिल्कीपुर में सीधी लड़ाई सपा और बीजेपी के बीच मे देखी जा रही है। सूरज के आजाद पार्टी से नामांकन के बाद उनके कुछ समर्थकों का यह भी कहना है कि यहां उनके मैदान में उतरने से मामला त्रिकोणीय हो गया है। लेकिन जानकर इसे सिरे से खारिज करते है उनका कहना है कि वह दूर दूर तक नजर नही आएंगे। उनके लिए तो अपनी जमानत बचा पाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

# भरवालिया में नि: चिकित्सा शिविर का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी इंडो नेपाल सीमा के भरववलिया गांव में 22वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. के.पी. सिंह उप-चिकित्साधिकारी पदाधिकारी महराजगंज द्वारा सीमावर्ती गांव भरवलिया में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 67 पुरुष व 71 महिला सहित 40 बच्चों का उपचार सहित निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान ठूठीबारी बीओपी इंचार्ज जयंता घोष ,सहायक फर्मासिस्ट सतीश सिंह, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, मुख्य आरक्षी-टेक राकेश कुमार, आरक्षी अनिल कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सिंहोरवा में लगा चौपाल गाँव की समस्या गाँव में समाधान

## एडीओ पंचायत रामविलास के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ सम्पन्न




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंहोरवा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ पंचायत राम बिलास ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव शकील अहमद, ग्राम प्रधान प्रमिला देवी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, कोटेदार, सफाई कर्मी सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला कारागार में जेल अधीक्षक सचिन वर्मा के निर्देशन पर शुक्रवार को कर्मचारियों, अधिकारियों एवं निरुद्ध कैदियों के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के अंतर्गत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ट्रेनर आलोक के द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने, आर्थिक रूप से सशक्त करने, वित्तीय साक्षरता प्रदान करने और आधुनिक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने पर केंद्रित है। NSE द्वारा वित्तीय साक्षरता पर केंद्रित कार्यशालाएं, बुनियादी वित्तीय अवधारणाओं जैसे बचत, निवेश, बजट प्रबंधन, और बैंकिंग प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय शेयर बाजार की संरचना, उसके कामकाज और निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें यह भी बताया गया कि कैसे सही निवेश विकल्पों का चयन किया जाए और दीर्घकालिक वित्तीय योजनाएं बनाई जाएं। डिजिटल फाइनेंस का प्रशिक्षण डिजिटल अर्थव्यवस्था की बढ़ती भूमिका को देखते हुए, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन बैंकिंग और अन्य आधुनिक वित्तीय उपकरणों का उपयोग करना सिखाया गया। NSE के ट्रेनर आलोक ने बंदियों को रोजगार और उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया तथा यह सिखाया कि वे अपनी वित्तीय जानकारी का उपयोग कैसे अपने जीवन में सुधार लाने और रोजगार पाने के लिए कर सकते हैं। इस अवसर पर जेलर राम सिंह यादव, डिप्टी जेलर मुकेश प्रकाश, डिप्टी जेलर अजीत कुमार चंद, प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



# विभागीय कार्यों में जनपद का प्रदर्शन रहा काफी अच्छा : राधेरमण त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** निवर्तमान बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय पदोन्नति पाने के बाद शुक्रवार को मुरादाबाद के लिए कार्यमुक्त हुए। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान बीएसए का तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने अपने सूझबूझ से विभागीय समस्याओं का समाधान किया और विभागीय कार्यों में जनपद का प्रदर्शन अच्छा रहा। शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिशन के जिलाध्यक्ष हेमंत शुक्ला ने कहा कि जनपद के सभी शिक्षक व शिक्षामित्र बीएसए के सरल स्वभाव के कायल हैं। सभी ने बीएसए को उनके अगले पद पर बेहतर कार्य करने की शुभकामना दिया। निवर्तमान बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि उन्हें जनपद में शिक्षक संगठन व शिक्षकों का काफी सकारात्मक सहयोग मिला। सबसे समन्वय के बल पर उन्होंने शिक्षकों के समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीपी त्रिपाठी सहित मणिकांत उपाध्याय, अभय श्रीवास्तव, शैलेंद्र मिश्र, लालजी यादव, इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्रा, आशुतोष उपाध्याय शिवाकांत दूबे, रामशंकर पांडेय, अरुण सिंह, प्रजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। **नवागत प्रभारी बीएसए का हुआ स्वागत** – नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को अपने मूल पद के साथ प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी का कार्यभार संभाला। अपने कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करन के बाद वह बीएसए कार्यालय पहुंचे तो उप्र प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों ने प्रभारी बीएसए का स्वागत किया।

# लापरवाही का भेंट चढ़ा ग्राम पंचायत धन्धरा का चौपाल कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




- तीन बजे तक कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे पंचायत सचिव अनुपम सिंह, रोजगार सेवक ने बताई दास्तानें हाल
- अपनी जिम्मेदारियों से बेखबर दिखे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार
- उच्चाधिकारियों ने भी नही दिया ध्यान तो कैसे होगा गांव की समस्या का गांव में समाधान

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही महत्वपूर्ण चौपाल कार्यक्रम गांव की समस्या गांव में समाधान करने हेतु हर ग्राम पंचायत में अलग-अलग तिथियों में शुक्रवार के दिन जिला स्तरीय उच्चाधिकारियों द्वारा पहले से ही सूची जारी कर कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है । इसके बावजूद भी जिम्मेदारों की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के समस्याओं के समाधान करने हेतु कोई रुचि नहीं ली जा रही है। जो सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लापरवाही का भेंट चढ़तें हुए नजर आ रहा है।

मिली जानकारी अनुसार सिद्धार्थ नगर जनपद के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत धनधरा में शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था। लेकिन ग्राम पंचायत सचिव अनुपम सिंह द्वारा दिन में करीब तीन बजे तक कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचने व ग्राम पंचायत स्तर पर जिम्मेदारों द्वारा पहले से कोई तैयारी नही की गई थी। वहीं ग्राम पंचायत रोजगार सेवक प्रदीप कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महिला ग्राम प्रधान यासमीन इलाज के लिए कहीं बाहर गई हुई है। और मुझे भी पहले से कोई जानकारी नही थी। इसलिए यहां चौपाल कार्यक्रम को लेकर कोई तैयारी नही की गई है। ग्रामीणों को भी इस तरह की कोई सूचना नहीं थी। जबकि नियमानुसार ग्राम पंचायत स्तर से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि सहित जिम्मेदार लोगों को कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचकर ग्राम पंचायत में रहने वाली जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें समाधान करना होता है। जैसे कि बीडीओ, लेखपाल पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत, कोटेदार, सफाई कर्मी, आशा, आंगनबाड़ी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, केयर टेकर, समूह की महिलाएं, कृषि विभाग आदि के लोगों की उपस्थिति होनी चाहिए।

उक्त संबंध में खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह ने फोन पर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि दूसरी पाली में कार्यक्रम दो बजे से होता है। ग्राम प्रधान के न रहने पर पंचायत सचिव के द्वारा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस तरह का मामला संज्ञान में आया है तो अभी पंचायत सचिव से जानकारी प्राप्त की जायेगी। लापरवाही बरतने वाले लोगों से जवाब मांगा जायेगा।

## डीएम की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित हुई

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि 25 जनवरी 2026 तक समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में एक एक मलिन बस्ती की सफाई तथा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक गांव में सफाई सुनिश्चित कराएंगे। तथा सभी विभाग अपने कार्यालय में भी सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभात फेरी के आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## क्षय रोग एक जानलेवा बीमारी है समय रहते इलाज संभव : अधीक्षक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को भनवापुर ब्लाक अंतर्गत अधीक्षक डॉक्टर शैलेन्द्र मणि ओझा ग्राम हथपरा में पहुंचकर संचार गतिविधि के माध्यम से ग्राम वासियों को क्षय रोग के मुख्य लक्षण जैसे खांसी के साथ बुखार तथा वजन का कम होना आदि की जानकारी दी तथा कहा कि क्षय रोग एक जान लेवा बीमारी है, समय रहते क्षय रोग का इलाज संभव है। डॉ ओझा मरूफ के घर पहुंचकर आशा बहू इशरत जहां के द्वारा किए गए कार्य का भौतिक सत्यापन किया तथा आशा बहू को गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करते गर्भावस्था के दौरान सभी जांच करवाने तथा प्रसव योजना के अनुसार संस्थागत प्रसव करवाने व जन्म के समय सभी वैक्सीन दिलवाने लिए निर्देशित किया। इस दौरान बीएमसी सूर्यदेव सिंह तथा एचईओ राजीव त्रिपाठी ने आशा बहू को प्रत्येक माह आशा डायरी अपडेट करने तथा टीकाकरण के एक दिन पूर्व ड्यू लिस्ट तैयार करते हुए डियू लाभार्थियों को बुलवा पर्ची देने की बात की।

## सीडीओ ने दो क्षय रोगियों को लिया गोद



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 100 दिवसी क्षय रोगी खोज अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ने उसका बाजार ब्लॉक के दो क्षय रोगियों को गोद लेते हुए उनको पोषण पोटली का वितरण किया गया तथा उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल भी जाना एवं उनका समुचित इलाज होता रहे मरीज पौष्टिक आहार लेते रहे और दवा एक भी दिन ना छोड़े नियमित दवा लेने और टीबी मरीज के संपर्क में आए हुए सभी लोगों की टीवी प्रीवेंटिव थेरेपी दिलाने हेतु प्रेरित किया। सीडीओ ने मरीज को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि किसी भी असुविधा की स्थिति में सीधा संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एमएम त्रिपाठी, अधीक्षक डॉक्टर एसके पटेल, जिला कार्यक्रम समन्वय पंकज त्रिपाठी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मनीष पांडेय बीसीपीएम कृष्णमोहन पांडेय, वरिष्ठ टीबी प्रयोगशाला पर्यवेक्षक दिग्विजय पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## कपिलवस्तु महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर छात्र एवं छात्राओं का हुआ ऑडिशन





**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कपिलवस्तु महोत्सव में माध्यमिक विद्यालयों द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर छात्र एवं छात्राओं का ऑडिशन और रिहर्सल शुक्रवार को रघुवर प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्टेपअप डांस, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली, सिद्धार्थ मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, राजमणि सिंह पब्लिक स्कूल, सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज, जय किसान इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज बांसी, नवींन हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, कैलाशपति पब्लिक स्कूल ,डीएवी एजुकेशनल, गुडलक पब्लिक स्कूल, रघुवर प्रसाद जायसवाल विद्या मंदिर, सरला इंटरनेशनल एकेडमी, जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विद्या अकैडमी एवं आइडियल पब्लिक स्कूल के छात्रछात्रा शामिल हुए। आयोजन समिति के सदस्यों में दयाशंकर यादव, सचिदानंद शुक्ला, पुनवेश्वर मिश्रा, नीतेश पांडेय, राजेश शर्मा, जोत्सना सिंह, अर्चना सिंह, सविता वर्मा, समरबहादुर सिंह व उमाशंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य ने दंगल का किया शुभारंभ



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय एकता दंगल का शुक्रवार को ग्राम इमिलिहा में विराट कुश्ती दंगल का रिधू पासवान ने शुक्रवार को फीता काट कर शुभारंभ किया पहलवानों को दुध पीने के लिए व नकद रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत सदस्य रिधू पासवान ने कहा कि कुश्ती दंगल भी एक खेल है हर व्यक्ति को रुचि लेना चाहिए हर व्यक्ति को एसे आयोजन मे सहयोग भी करना चाहिए।इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र के लोग मे देखने के लिए उत्साह रहता है। अनंत मे उन्होने कहा की जिस तरह से आप लोग एक बार जिला पंचायत सदस्य चुना है।और इसी तरह आप लोगों का आशीर्वाद रहा तो एक दिन विधायक बन कर क्षेत्र की सेवा करुंगी।इस दौरान क्षेत्रीय पहलवानों के साथ साथ अगल बगल जिले के पहलवानों ने दंगल मे पहुंचे। जिससे सर्वेश तिवारी,गौरी शंकर दास अयोध्या शंकर यादव, प्रदीप ने अपनी अपनी किस्मत आजमाई।

## मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, बस्ती मण्डल, बस्ती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने भवन अनुरक्षण कार्य के सम्बन्ध में अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन आत्म प्रकाश बाजपेयी से जानकारी लिया, जिस पर अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन द्वारा विस्तार से अनुरक्षण में अब तक हुए कुल कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उन्होने देखा कि कार्यालय भवन के हो रहे अनुरक्षण कार्य, कार्यालय में साफ़-सफाई तथा पत्रावलियो के रख-रखाव बेहतर ढंग से किया गया है, इस पर मण्डलायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होने कार्यालय भवन की चाहरदीवारी को भी रंग/व्हाइट वाश कराने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया।

# महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सिद्धार्थ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने समस्त समितियों की नोडल अधिकारी/अध्यक्षों को कहा कि आप लोग अपने समितियों के सदस्यों के साथ बैठक कर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें, जिससे सिद्धार्थनगर महोत्सव-2025 के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके। आप सभी लोग अपने दायित्वो का पालन करे। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी/अध्यक्ष/सदस्यों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। जिससे कोई भी परेशानी होने पर उसका निस्तारण कराया जा सके। कोई भी समस्या आने पर ग्रुप में शेयर करे जिससे उसका निस्तारण कराया जा सके। बाहर से आने वाले लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करे। किसी भी प्रकार का व्यवधान नही आना चाहिए। सभी का व्यवहार सौहार्दपूर्ण होना चाहिए। सभी महोत्सव के दौरान सतर्क दृष्टि रखे। जनप्रतिनिधिगण, वीआईपी व अन्य अतिथियों के आगमन पर उन्हें सम्मान पूर्वक बैठाए। इसके साथ ही अन्य लोगो का भी ध्यान रखे। किसी के साथ गलत व्यवहार न करे। इस बार सिद्धार्थनगर महोत्सव गतवर्षो से भव्य और बेहतर होगा। 5 दिन अच्छे से अपने परिवार के साथ कार्यक्रमों को देखे। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि आप सभी लोग टीम भावना से कार्य करते हुए सिद्धार्थनगर महोत्सव-2025 के कार्यक्रमों को सफल बनाये। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल संज्ञान में लाकर उसका निस्तारण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्र0 जिला सूचना अधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन राजेश कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (प्रा0ख0) कमल किशोर व सिद्धार्थनगर महोत्सव समिति के नोडल अधिकारी/अध्यक्ष व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 2120 आंगनबाड़ी केंन्द्रो को मिलेगा अपना भवन

**अंबेडकरनगर।** प्री प्राइमरी शिक्षा और बच्चों व गर्भवती महिलाओं की सेहत संभालने के लिए ढाई हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 441 केंद्रों के पास निजी भवन हैं। ज्यादातर केंद्र परिषदीय विद्यालय या किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। अब इन आंगनबाड़ी केंद्रों को निजी भवन मुहैया कराए जाने की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए चिह्नांकन किया जा रहा है। जल्द प्रस्ताव तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।बता दें कि जिले में 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है, जहां 2,27,152 बच्चे, 24,695 धात्री महिलाएं पंजीकृत हैं। इनमें 2,110 केंद्र ऐसे हैं, जिनका संचालन या तो परिषदीय विद्यालय में हो रहा है या किराए के भवनों में। सिर्फ 431 केंद्रों के पास ही अपने निजी भवन है। कुछ विद्यालयों में दो-दो केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। अब सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वयं का भवन मुहैया कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में 134 केंद्रों का चिह्नांकन किया जा रहा है, जिनके पास न तो निजी भवन हैं और न ही परिषदीय विद्यालय में संचालित हो रहे हैं।

# गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** शीतलहरी और ठंड को देखते हुए पालिका परिषद टाण्डा की अध्यक्षा शबाना नाज़ व अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर आशीष सिंह,के नेतृत्व मे नगर के सैकड़ो गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किया इस दौरान टीएस शमशाद जुबैर, राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव, निशांत पांडे, लेखाकार जलील अहमद, सहित नगर पालिका प्रशासन के तमाम लोग उपस्थित रहे नगर के गरीब असहाय जरूरतमंदों में कंबलों का वितरण किया।

बताते चले कि नगर पालिका परिषद टाण्डा चेयरमैन शबाना नाज़ ने गरीब जरूरतमंदों में कम्बलों का वितरण किया है। साथ ही ई बैट्री रिक्शा चालकों में भी 100 कम्बलो का वितरण किया गया है। साथ ही साथ नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डो में सभासदों के माध्यम से 30 - 30 कम्बलो का वितरण करने के लिये आवंटित किए गए है। जिसके साथ नगर पालिका चेयरमैन ने अपने क्षेत्र मोहल्ला सकरावल में जरूरतमंदों में वितरित करने के लिये 20 कंबलों का आवंटन किया है।

वही आज 17 जनवरी शुक्रवार 2025 को नगर नगर पालिका परिषद टाण्डा के प्रांगण में चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर आशीष कुमार सिंह ने लगभग 500 सौ0 गरीब असहाय ज़रूरतमंदों में कम्बल वितरित किए गए है।

जिसमें सबसे अधिक महिलाएं मौजूद रही जिसे अध्यक्ष शबाना नाज़ व अधिशाषी अधिकारी ने अपने हाथों से कम्बलों का वितरण किया उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में नगर पालिका प्रशासन द्वारा बताया गया कुल मिलाकर लगभग 800 सौ0 कम्बलों का वितरण किया जा चुका है साथ ही बताया गया अभी जिन सभासदों ने अपने वार्ड में नही कम्बल वितरित नहीं किया है उनके लिए चेयरमैन द्वारा आवंटन कर दिया गया है कुछ सभासदों ने अपने अपने वार्ड में 30 30 कम्बलो का वितरण किया है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहें चेयरमैन शबाना नाज़, अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर आशीष कुमार सिंह, टीएस शमशाद जुबैर अहमद, निशांत पांडे, जलील अहमद, मोहम्मद हुसैन, जयेंद्र कुमार, सभासद घिसियावन मौर्या, मास्टर मोहम्मद तारिक, सभासद पति मोहम्मद शाहिद, दशरथ मांझी, सभासद अमिचंद, आदि सहित नगर पालिका परिषद टाण्डा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की सुनी गई समस्या




**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड लोटन बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत अजान के टोला मुडीला अदाई मे स्थित मीनी सचिवालय में ग्राम प्रधान बालजीत जयसवाल की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप पटेल की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया इस दौरान सचिव ने मौजूद लोगों से कहा गया की 21दिन मे मृत्यु व जन्म प्रमाण पत्र आनलाईन जरुर करे आप लोग पंचायत सहायक से मिलकर फैमली आईडी बना ले। एडीओ एजी रामकृष्ण मिश्रा ने कहा कि चौपाल के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सके। ग्राम पंचायत मे हो रहे चौपाल में बढ़-चढ़कर भाग लें। गांवों के विकास को गति देने के लिए चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान किसान सम्मान निधि, विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन के बारे मे जानकारी दी गई। मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

## नहीं शुरू हो सकी नयी सब्ज़ी मंडी सड़क पर सज दुकाने

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अकबरपुर नगर पालिका के शहजादपुर की नई सब्जी मंडी दो वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। अभी भी शहजादपुर की सड़कों पर सुबह से लेकर शाम तक दुकानें सजी रहती हैं। अराजकता का आलम यह है कि दुकानदार सड़क तक दुकानें सजाए रहते हैं, जिससे यहां के निवासियों को घर पहुंचने में भी परेशानी होती है। वर्ष 2022 में तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने वार्ड बैठक के दौरान सभासद से सिझौली वार्ड के छावनिया तालाब संगतिया के पास नई सब्जी मंडी निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा था। सभासदों की सहमति के बाद सदन में प्रस्ताव पास हो गया था। दो साल में चहारदीवारी व टिनशेड तो बन गया, लेकिन मंडी अभी संचालित नहीं हो पाई। यहां पर 100 दुकानें बननी थीं। अभी तक इसके पूरा न हो पाने से शहजादपुर सब्जी मंडी डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रतिमा से मालीपुर रोड गांधी तिराहा तक सड़क पर लगती है। अतिक्रमण के चलते मुहल्ले की सड़क गली के रूप में बदल चुकी है। बारिश होने पर बाजार में कीचड़ हो जाता है। दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां के लोगों ने बताया कि स्थायी दुकानदार दूसरे को अपनी दुकान के साम दुकान नहीं लगाने देते।



## दिल्ली चुनाव में आतंकी

अफजल गुरु एक खूंखार आतंकवादी था। वह 13 दिसंबर, 2001 को भारतीय संसद पर आतंकी हमले का मास्टर माइंड था। सर्वोच्च अदालत ने बाकायदा सुनवाई के बाद उसे 'अपराधी' करार दिया और मौत की सजा सुनाई। उस दौर में एक जमात ऐसी थी, जो अफजल गुरु को माफ करने की पक्षधर थी। सार्वजनिक तौर पर ज्ञापन तैयार कर राष्ट्रपति से अनुरोध किए गए। अंततः कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान अफजल गुरु को फांसी पर लटका दिया गया। उसी के साथ वह अध्याय समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती उस आतंकवाद को 'मासूम' मानते रहे और फांसी को 'गलत फैसला' ठहराते रहे। अफजल गुरु के जिस्मानी अवशेष उसके परिजनों को सौंपने तक की पैरोकारी करते रहे। आश्चर्य और विडंबना है कि दिल्ली चुनाव में अफजल गुरु एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। क्या आतंकवाद और उसके समर्थन पर भी जनादेश मांगा या दिया जा सकता है? ध्यान रहे कि बीते वर्ष से दिल्ली के स्कूलों को ई-मेल के जरिए ऐसी धमकियां मिलती रही हैं, जिनमें बम विस्फोट का खौफ फैलाया जाता रहा है। दिल्ली में 400 स्कूलों को ऐसी धमकियां दी जा चुकी हैं। दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद कुछ रहस्योद्घाटन किए, जिनमें अफजल का नाम सामने आया। पुलिसिया जांच का निष्कर्ष यह है कि वे धमकियां एक नाबालिग, 12वीं कक्षा के छात्र ने दी थीं। उसने ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया, जो साइबर की महत्वपूर्ण जानकारी रखने वाला शख्स ही कर सकता था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपित नाबालिग की पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी खंगाला, तो यह तथ्य सामने आया कि उसके पिता एक एनजीओ से जुड़े हुए हैं। एनजीओ के एक राजनीतिक दल से पुराने और प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। इस एनजीओ ने अफजल गुरु को फांसी देने का विरोध किया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता ने भी एक ज्ञापन पर बाकायदा दस्तखत कर फांसी की सजा का विरोध किया था। खुद आतिशी और उनके माता-पिता भी किसी एनजीओ से जुड़े रहे हैं।

नाबालिग वाले एनजीओ और आतिशी परिवार के एनजीओ के बीच क्या कोई 'साझा सूत्र' है? पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का बुनियादी काम एनजीओ का ही है। उनके एनजीओ का प्रबंधन आजकल किसके हाथों में है, हमें नहीं पता, लेकिन एनजीओ के जरिए और सूचना के अधिकार के लिए केजरीवाल ने जो काम किए थे, उनके लिए उन्हें 'मैगसेसे अवार्ड' से नवाजा गया था। उसे 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' माना जाता है। सवाल है कि किसी ने ज्ञापन के जरिए अफजल गुरु या याकूब मेमन की सजा का विरोध किया हो, तो क्या वे भी आतंकी करार दिए जा सकते हैं? क्या वह उनकी 'अभिव्यक्ति की आजादी' नहीं है? यदि एनजीओ और राजनीतिक दल के बीच कोई 'आतंकी सूत्र' है, तो दिल्ली पुलिस ने उसे बेनकाब क्यों नहीं किया? राजनीतिक दल के नाम का खुलासा क्यों नहीं किया? अब भाजपा 'आप' के आतंकी सूत्रों पर सवाल उठा रही है। क्या आरोपित छात्र वाला एनजीओ और राजनीतिक दल 'आप' ही है? यह चुनाव की संवेदनशीलता का दौर है। एक-एक आरोप चुनाव की दिशा और दशा बिगाड़ सकता है। यह निष्पक्ष चुनाव भी नहीं माना जा सकता। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि पुलिस जांच में यह भी पाया गया कि एनजीओ पहले भी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहा है। सवाल है कि पुलिस ने पहले कार्रवाई क्यों नहीं की? पुलिस ने जिस तथ्य का सार्वजनिक खुलासा किया ही नहीं, उसके बारे में सुधांशु त्रिवेदी कैसे जानते हैं? अलबत्ता पुलिस का इतना जरूर कहना है कि एनजीओ की राजनीतिक पार्टी से निकटता एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है, जिसका मकसद सार्वजनिक अशांति फैलाना हो सकता है! कमाल की बात है कि पुलिस सार्वजनिक अशांति की आशंका जता रही है, लेकिन एनजीओ और पार्टी के नाम का खुलासा नहीं कर रही है।

## अमित शाह और पवार जुगलबाजी से साख गिरी!


के. विक्रम राव

मुंबई मीडिया आजकल अमित शाह बनाम शरद पवार की आपसी कीचड़बाजी को चटकारे लेकर अखबारों में उछाल रही है। दोनों भारत के शीर्ष राजपदों को सुशोभित करते रहे हैं। अपनी प्रतिभा से चमकाया भी है। एक गृहमंत्री है। दूसरा रक्षामंत्री था। इस वाकयुद्ध का शुभारंभ शिरडी धर्मस्थल से गुजरात के साठ-वर्षीय अमिताभ अनिलचंद्र शाह उर्फ अमित शाह ने किया। जुगलबंदी में महाराष्ट्र के चार दफा मुख्यमंत्री और भारत के रक्षामंत्री रहे चौरासी साल के शरदचंद्र गोविंदराव पवार शरीक हो गए।

अमित शाह के शब्दों में शरद पवार विश्वासघात की राजनीति के जनक हैं। उनके विचारों को विस्तार देते मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा शिर्डी में शाह ने कहा था कि शरद पवार ने 1978 में विश्वासघात और छल-कपट की राजनीति की। विधानसभा के 2019 चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे ने भी बीजेपी को धोखा देने का काम किया था। यही वजह है कि 2024 के विधान सभा चुनाव में महाराष्ट्र के लोगों ने बीजेपी को भारी जीत दिलाने के बाद पवार और उद्धव जैसे नेताओं को घर बैठा दिया था। राज्य की जनता ने पिछले साल के चुनाव में वंशवाद और विश्वासघात की राजनीति को खारिज करके पवार और ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी।



इस पर शरद पवार की प्रतिक्रिया बड़ी तिरछी और तिखी रही। वे बोले देश में कई गृहमंत्री रहे, लेकिन किसी को तड़ीपार नहीं किया गया था। अमित शाह ऐसे पहले गृहमंत्री हैं, जिन्हें गुजरात से तड़ीपार किया गया था। हालांकि मंगलवार का दिन मकर संक्रांति का था। इस मौके पर गुड़ तिल खा कर मीठी बातें कहने की परिपाटी है, लेकिन पवार ने शाह को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अलावा पंडित गोविंद वल्लभ पंत, यशवंतराव चव्हाण और शंकरराव चव्हाण समेत कई अन्य नेता भी देश के गृहमंत्री बने। इन सभी नेताओं ने इस पद की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। इन नेताओं में से किसी को उनके राज्य से तड़ीपार नहीं किया गया। लेकिन जिस तरह से वर्तमान में गृहमंत्री अमित शाह बयान दे रहे हैं, उन्हें यह शोभा नहीं देता है। शाह को गृहमंत्री पद की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए।÷ उल्लेखनीय है कि अमित शाह को 2010 में सोहराबुद्दीन शेख फर्जी एनकाउंटर मामले में दो साल के लिए राज्य से तड़ीपार कर दिया गया था। बाद में उन्हें 2014 में इस मामले में बरी कर दिया गया था।

शरद पवार ने अमित शाह के आरोप कि वे अवसरवादी और सत्तालोलुप रहे का खंडन किया। पवार ने शाह को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें बिना जानकारी के बयान नहीं देना चाहिए। मैं 1978 में जब महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री था, उस समय जनसंघ के नेता उत्तमराव पाटिल, हशु आडवाणी, प्रमिलाताई जैसे सिद्धहस्त लोग मेरे मंत्रिमंडल में थे। जनसंघ पृष्ठभूमि वाले लोगों ने मेरे साथ काम किया है। वसंतराव भागवत और प्रमोद महाजन उन लोगों में से थे जिन्होंने टीम में रहकर हमारा समर्थन किया। देश में अलग-अलग पार्टियां सत्ता में रहीं। लेकिन राजनीतिक दल के नेताओं के बीच सामंजस्य बना रहा था। इंदिरा गांधी की 1977 में हार के बाद शरद पवार ने अपनी कांग्रेस पार्टी तोड़कर जनसंघ के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। वे मुख्यमंत्री बने थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से 3.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक खास उपलब्धि हासिल की है।शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करती है। पीपीसी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगोवडॉटइन पर 14 दिसंबर से प्रारंभ हुआ और 14 जनवरी तक जारी रहा। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है।**

# परीक्षा पे चर्चा : रिकॉर्ड तोड़ 3.50 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए


किशन भावनानी

वर्तमान विशाल डिजिटल युग में शारीरिक तो क्या मानसिक मेहनत करने में भी आलस आने लगा है, क्योंकि की बोर्ड पर एक क्लिक से दुनियाँ की पूरी जानकारी स्क्रीन पर आ जाती है, तो फ़िर शारीरिक या मानसिक मेहनत करने का क्या औचित्य है? यह सोच न केवल आज के युवाओं पर बल्कि हमारे भविष्य के निर्माता बच्चों में भी घर करते जा रही है। जब मानसिक मेहनत की बात आती है तो दिसंबर-जनवरी का महीना होने से परीक्षाओं, सेमेस्टर परीक्षाओं और फ़रवरी से शुरू होने वाली फाइनल परीक्षाओं की घंटी बजती है, जिसमें छात्रों को मानसिक मेहनत कर पेपर में लिखना और ओरल प्रेजेंटेशन देना होता है। यहां कोई, की बोर्ड पर क्लिक या कॉपी पेस्ट से काम नहीं चलता इसलिए छात्रों में परीक्षाओं की वज़ह से भारी तनाव पैदा हो जाता है और इसे देखकर अभिभावक और शिक्षक भी चिंतित हो जाते हैं कि बच्चों का तनाव कैसे दूर किया जाए? इसी गुत्थी को किसी ताले की चाबी की तरह शिक्षा मंत्रालय द्वारा पिछले 7 वर्षों से प्रतिवर्ष खोली जाती है, जो है परीक्षा पे चर्चा, जिसमें सबसे बड़ी बात माननीय पीएम खुद छात्रों शिक्षकों अभिभावकों को परीक्षा और उसके कारण आने वाले तनाव से मुक्त करने के मंत्र साझा करते हैं, जिसका बहुत अधिक सकारात्मक प्रभाव हमें पिछले वर्षों से देखने को मिला है। मैं स्वयंम भी इस परिचर्चा को पिछले 6 वर्षों से टीवी चैनलों पर ऑनलाइन देखा हूं, जो प्रोत्साहन को गौरववित करने वाली बात है। चूंकि परीक्षा पे चर्चा की जानकारी पीएम कार्यालय द्वारा पीआईबी और पीएम ट्विटर पर तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के ट्विटर हैंडल से दी गई है, जिसमें शामिल होने की अंतिम तारीख 14 दिसंबर से 14 जनवरी थी इसलिए हम आज इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पीएम के साथ परीक्षा पे चर्चा।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा 2025 में रिकॉर्ड तोड़ 3.50 करोड़ रजिस्ट्रेशन की करें तो, पीएम के साथ परीक्षा पे चर्चा का हिस्सा बनने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों ने अपना पंजीकरण कराया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक अभी तक परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने के लिए 3.5 करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराए हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन कराने वालों में बड़ी संख्या में विदेशी छात्र भी शामिल हैं। रजिस्ट्रेशन की प्रोसेस बंद हो गई है। पीएम की पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करने का तरीका सिखाती है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि यह पहल




परीक्षा को जश्न के पर्व में परिवर्तित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में निरंतर प्रगति कर रही है, गौरतलब है कि इस चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री परीक्षा से जुड़े छात्रों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हैं. इसके साथ ही प्रधानमंत्री छात्रों को यह मार्ग भी दिखाते हैं कि कैसे बिना तनाव और दबाव के परीक्षाओं में शामिल होना है।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पर चर्चा आठवीं संस्करण की विशेष उपलब्धि की करें तो कार्यक्रम के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से 3.5 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक खास उपलब्धि हासिल की है।शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करती है। पीपीसी 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगोवडॉटइन पर 14 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ और 14 जनवरी 2025 तक जारी रहा। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है।साल 2024 में इसका 7 वां संस्करण भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था।पीपीसी की भावना के अनुरूप, 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहन देना और परीक्षाओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करना है। इन गतिविधियों में स्वदेशी खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, योग और ध्यान सत्र, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रेरणादायक फिल्मों का प्रदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएं और परामर्श सत्र, कविता व गीत आदि शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा कोदबावपूर्ण गतिविधि के बजाय एक यात्रा के रूप में मनाना सिखाया जाता है।यह कार्यक्रम पीएम द्वारा छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ परीक्षा से जुड़ी चिंताओं, तनाव और तैयारियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया जाता है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए आयोजित इस इंटरैक्टिव सत्र में पीएम सुझाव और मार्गदर्शन देते हैं। अभिभावक और शिक्षक भी इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। उनके लिए ऑनलाइन कार्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें भाग लेकर वे अपना काम जमा कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम का भागीदारी प्रमाण पत्र मिलेगा। इस बार का कार्यक्रम जनवरी 2025 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, कार्यक्रम की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। रजिस्ट्रेशन के दौरान, छात्र 500 शब्दों में अपना प्रश्न प्रधानमंत्री मोदी को भेज सकते हैं। चुनिंदा प्रतिभागियों को कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से सीधे सवाल पूछने का अवसर भी मिलेगा। मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चयनित 2500 छात्रों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा विशेष पीपीसी किट प्रदान की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ज़रूरी है। जिन छात्रों के पास इंटरनेट की सुविधा, ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं है,वे परीक्षा पेचर्चा 2025 में शिक्षक ऑप्शन के जरिए भाग ले सकते थे। एक शिक्षक रजिस्टर करने के बाद अपनी आईडी से लॉगिन करके एक बार में एक या ज्यादा स्टूडेंट्स की डीटेल सबमिट कर सकता था ।इसके लिए कोई फीस नहीं ली गई थी। फ्री में रजिस्टर कर सकते हुआ । सही तरीके से रजिस्टर करने के बाद ही हमको पीएम के साथ प्रोग्राम में हिस्सा लेने का मौका मिल सकेगा। साथियों पीपीसी 2025 में छात्रों के लिए अलग-अलग थीम बताई गई है।

# धर्म बांटने की नहीं, जोड़ने की जीवन पद्धति है

**भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, ''आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।'' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं।**


ललित गर्ग

विश्व धर्म दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरुआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है।

आज की दुनिया में, जहाँ सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है।

भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, ''आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।'' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय

**विश्व धर्म दिवस**



की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है। पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है।

इनदिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं। सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है। धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग -एक अरब पचास करोड़ की आबादी में -सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, -दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है?

पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है। धर्म शून्य व्यक्ति बाहर से सब कुछ पाकर भी अंतस् में रिक्तता का अनुभव करता है।


# चरमपंथियों द्वारा कुरान की आयतों की गलत व्याख्या : समस्या और समाधान

**प्रो बंदिनी कुमारी**

**मध्य पूर्व में कट्टरपंथ के बढ़ने के अनेक कारण है सबसे प्रमुख है सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता। इराक और सीरिया जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता और युद्ध ने कट्टरपंथी समूहों को बढ़ावा दिया।इसके साथ ही इन क्षेत्रों में आर्थिक असमानता और हताशा भी चरम स्थिति में है और गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेला।सोशल मीडिया और इंटरनेट ने कट्टरपंथी विचारधाराओं को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

नए साल के अवसर पर, न्यू ऑर्लियंस, अमेरिका में एक दुखद घटना घटी, जिसे आतंकवादी हमला माना जा रहा है। 1 जनवरी 2025 की सुबह, बॉर्बन स्ट्रीट पर एक व्यक्ति ने तेज़ रफ्तार ट्रक से भीड़ को कुचल दिया, जिससे कम से कम 15 लोगों की मृत्यु हो गई और 35 से अधिक घायल हो गए।हमलावर की पहचान 42 वर्षीय शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है, जो टेक्सास का निवासी और पूर्व सैनिक था। उसके वाहन से आईएसआईएस का झंडा और विस्फोटक उपकरण बरामद हुए हैं, जिससे उसके इस्लामिक स्टेट से संबंधों की आशंका जताई जा रही है। शम्सुद्दीन जब्बार, न्यू ऑरलियंस में नए साल के अवसर पर हुए आतंकी हमले का मुख्य आरोपी, इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) का कट्टर समर्थक था। उसकी पृष्ठभूमि और गतिविधियों की जांच से पता चलता है कि वह कट्टरपंथी इस्लामी साहित्य और विचारधारा से प्रभावित था।जब्बार ने हमले से पहले कई ऑडियो रिकॉर्डिंग्स पोस्ट की थीं, जिनमें उसने संगीत, ड्रग्स, और शराब की निंदा की थी। इन रिकॉर्डिंग्स में कट्टरपंथी विचारधारा के संकेत मिलते हैं।एफबीआई की जांच में पाया गया कि जब्बार आईएसआईएस के ऑनलाइन प्रचार से प्रभावित था और उसने हमले से पहले आईएसआईएस के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा ली थी। उसकी गाड़ी से आईएसआईएस का झंडा भी बरामद हुआ है।

इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) एक कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन है, जिसने इस्लाम की विकृत व्याख्या के माध्यम से अपने हिंसक एजेंडे को आगे बढ़ाया है। इसका लक्ष्य खिलाफत स्थापित करना है, लेकिन इसके कार्य और विचारधारा मुख्यधारा इस्लाम के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग और विवादास्पद हैं। आईएसआईएस जैसे संगठन इस्लामिक शिक्षाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते हैं। वे कुरान और हदीस (पैगंबर मुहम्मद की कहानियां) के संदर्भों को संदर्भ से बाहर निकालकर और हिंसा को सही ठहराने के लिए उपयोग करते हैं।'जिहाद' की विकृत व्याख्या के माध्यम से अपने कुत्सित मंसूबों के लिए संवेदनशील मस्तिष्कों को अपना शिकार बना रहे हैं। इस्लाम में जिहाद का अर्थ संघर्ष है, जो आत्म-सुधार और धार्मिक कर्तव्य के लिए हो सकता है जबकि आईएसआईएस ने इसे हिंसक युद्ध और आतंकवाद के पर्याय के रूप में प्रचारित किया। इसी प्रकार अधर्मियों के खिलाफ हिंसा का बहाना बना कर हिंसा को उचित ठहराया जा रहा है ,कुरान में अधर्मियों का उल्लेख है, लेकिन यह संदर्भ विशेष ऐतिहासिक घटनाओं और परिस्थितियों से जुड़ा है। आईएसआईएस इस संदर्भ को हटा देता है और हर गैर-मुस्लिम या यहां तक कि हर असहमत मुस्लिम को अधर्मी घोषित कर हिंसा



को उचित ठहराता है। खिलाफत इस्लामी इतिहास का एक राजनीतिक और धार्मिक ढांचा था, जिसे सामूहिक सहमति और न्याय पर आधारित माना गया था। आईएसआईएस ने इस धारणा को विकृत कर इसे आतंक और दमन के माध्यम से लागू करने की कोशिश की।

मध्य पूर्व में कट्टरपंथ के बढ़ने के अनेक कारण है सबसे प्रमुख है सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता। इराक और सीरिया जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता और युद्ध ने कट्टरपंथी समूहों को बढ़ावा दिया।इसके साथ ही इन क्षेत्रों में आर्थिक असमानता और हताशा भी चरम स्थिति में है और गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेला। सोशल मीडिया और इंटरनेट ने कट्टरपंथी विचारधाराओं को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धार्मिक ज्ञान की कमी और संदर्भ से काटकर धार्मिक अवधारणाओं की व्याख्या के कारण लोग आसानी से कट्टरपंथी विचारधाराओं के शिकार बन जाते हैं। ऐसे में यह समय की माँग है कि इस्लाम का वास्तविक संदेश उसके ऐतिहासिक और वास्तविक संदर्भों के अनुसार विश्व में प्रसारित किया जाय ।इस्लाम शांति, सहिष्णुता, और दया का धर्म है। कुरान में किसी भी निर्दोष व्यक्ति की हत्या को मानवता के खिलाफ अपराध बताया गया है÷जिसने किसी निर्दोष व्यक्ति की हत्या की, उसने पूरी मानवता की हत्या की। और जिसने किसी की जान बचाई, उसने पूरी मानवता को बचाया। (कुरान 5:32) । कुरान को समझने के लिए इसके संदर्भगत ढांचे को पहचानना आवश्यक है। इस्लामी व्याख्या (तफ़सीर) के विद्वान इस बात पर ज़ोर देते हैं कि प्रत्येक आयत एक विशेष स्थिति को संबोधित करती है और इसकी व्याख्या कुरान की व्यापक कथा के भीतर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, आयत 9:111 को उस समय के रक्षात्मक युद्ध के संदर्भ से अलग नहीं किया जा सकता जब मुस्लिम समुदाय का अस्तित्व दांव पर लगा था। इसके अलावा, इस्लामी विद्वानों ने लगातार ऐसी आयतों के दुरुपयोग की निंदा की है। उनका तर्क है कि जिहाद, जिसे अक्सर पवित्र युद्ध के रूप में गलत समझा जाता है, मुख्य रूप से आत्म-सुधार और सामाजिक न्याय के लिए प्रयास करने को संदर्भित करता है। इस्लाम में अनुमत सशस्त्र संघर्ष को सख्ती से विनियमित किया जाता है और केवल विशिष्ट परिस्थितियों में ही अनुमति दी जाती है, जैसे आत्मरक्षा या उत्पीड़न का विरोध करना। चरमपंथियों द्वारा कुरान की आयतों का दुखद दुरुपयोग न केवल हिंसा को बढ़ावा देता है बल्कि इस्लाम के सच्चे संदेश को भी विकृत करता है। कुरान की सभी आयतों की तरह आयत 9:111 को भी इसके ऐतिहासिक और पाठ्य संदर्भ में समझा जाना चाहिए। सही ढंग से व्याख्या किए जाने पर, यह नैतिकता और कानून की सीमाओं के भीतर बलिदान और न्याय के सिद्धांतों को दर्शाता है, न कि निरर्थक हिंसा को। इसलिए प्रासंगिक समझ को बढ़ावा देना और प्रामाणिक विद्वता के साथ जुड़ना, चरमपंथी आख्यानों का मुकाबला कर सकता है और कुरान के सच्चे संदेश को कायम रख सकता है। सच्चा संदेश महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोगों को कुरान की आयतों के ऐतिहासिक और पाठ्य संदर्भों के बारे में शिक्षित कर सकता है। यह ज्ञान हेरफेर और निहित स्वार्थों के लिए विनियोग के खिलाफ एक शक्तिशाली उपकरण है। इस्लाम के नाम पर फैलती कट्टरपंथी भावनाओं के समाधान और रोकथाम के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में आधुनिक और वैज्ञानिक शिक्षा को रखा जा सकता है। कट्टरपंथ के ख़िलाफ़ समुदाय का समर्थन आवश्यक है अतः धार्मिक और सामाजिक नेताओं को कट्टरपंथ के खिलाफ स्पष्ट रूप से आवाज उठानी चाहिए।

# यूपी में गिरेगा रात का पारा, कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश में इस समय मौसम का मिजाज लगातार बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। कभी घना कोहरा, कभी बादल और कभी धूप के बीच ठंड का असर बरकरार है। प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में भारी कोहरे के कारण लगभग 18 ट्रेनें देरी से चलीं, जिनमें से कुछ ट्रेनें 11-11 घंटे की देरी से थीं।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को लखनऊ और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह और देर शाम को कोहरे का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, दोपहर बाद मौसम साफ हो जाएगा और धूप निकलेगी, जिससे ठंड में राहत मिलेगी। गुरुवार को लखनऊ में सुबह के समय बादल और सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर ज्यादा था। दिन के दौरान हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन यह बेअसर रही।

शाम के वक्त हल्की बूंदाबांदी भी हुई। लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई है।

इसमें अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में अगले दो दिन तक घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उधर, प्रदेश में 20

- अभी ठंड से नहीं मिलेगी राहत, 20 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम

जनवरी, सोमवार से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है। उस दिन से देर रात और सुबह के समय कोहरे का असर बढ़ने की संभावना है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में 21 और 22 जनवरी को गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने का अनुमान है। वहीं, कुछ इलाकों में छिछला से मध्यम कोहरा भी छा सकता है। 18 जनवरी तक देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत समेत कई जिलों में बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है।

## मौलाना सैयद जाफ़र मसूद हसनी नदवी निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** गहरे शोक के साथ यह दुःखद समाचार प्राप्त हुआ कि दारुल उलूम नदवतुल उलेमा के नाज़िर-ए-आम (रजिस्ट्रार) मौलाना सैयद जाफ़र मसूद हसनी नदवी साहब का दिनाँक 15 जनवरी को रायबरेली में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।

मौलाना सैयद जाफ़र मसूद हसनी नदवी साहब का असामयिक निधन न केवल उनके परिवार और नदवा बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दीन और इंसानियत की सेवा एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी शिक्षाओं, उनके विचारों तथा उनके व्यक्तित्व का असर हम सब पर सदैव रहेगा। उनकी शालीनता, ज्ञान एवं नेतृत्व ने नदवातुल उलेमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। मेरी पूरी संवेदना उनके परिवार और नदवा परिवार के साथ है। अल्लाह तआला उनकी आत्मा को जन्नतुल फिरदौस में स्थान दे और उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।

# निजीकरण और छटनी के विरोध में मध्यांचल निगम को घेरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में पावर कारपोरेशन के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा के निजीकरण और निगमों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की छटनी किए जाने के विरोध में शुक्रवार को 5000 से ज्यादा कर्मियों ने लखनऊ के गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल निगम मुख्यालय का घेराव करके जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निगम मुख्यालय के गेट में तालाबंदी करके डेरा डाल दिया। इन संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से निजीकरण के फैसले को वापस लेने और छटनी किये जा रहे लोगों को पुनः सेवा में वापस लेने की आवाज उठाई है।

कर्म संविदा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके नेता देवेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि पावर कारपोरेशन



- संविदा कर्मचारियों ने ऑफिस के गेट पर लगाया ताला

के द्वारा उनके कर्मियों का शोषण करने के लिए स्वीकृत पदों को भी घटाया जा रहा। पिछले एक दशक में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या पहले से काफी बढ़ गई। कर्मचारी घटाया जा रहा है। इससे बिजली घरों पर काम करने वाले कर्मियों पर बोझ पड़ेगा। संविदा कर्मचारियों की सभा को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने भी संबोधित किया। विरोध प्रदर्शन के चलते मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय में कामकाज पर भी असर पड़ा। दरअसल, मुख्य गेट पर ताला लगा होने के कारण अंदर के अधिकारी न तो बाहर जा सके और न ही कोई बाहर का अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय के अंदर प्रवेश कर पाया, जिसके कारण रूटीन में होने वाले रोजमर्रा के काम नहीं हो सके।

# दो बच्चों समेत परिवार के छह लोगों की हत्या करने वाले दंपति को मृत्यु दंड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ कोर्ट ने पति-पत्नी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। साल 2020 में बंथरा थाना क्षेत्र में अजय सिंह और उसकी पत्नी रूपा सिंह पर आरोप लगा था कि दोनों ने मिलकर अपने ही मां-बाप, भाई भाभी और उनके दो बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। शुक्रवार को लखनऊ कोर्ट ने पति-पत्नी को 6 परिजनों की हत्या का दोषी करार दिया है और फांसी की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र स्थित गोदौली गांव में साल 2020 में 30 अप्रैल को 6 लोगों की हत्या कर दी गई थी। जिन लोगों की हत्या हुई थी, उनमें दो बच्चे भी शामिल थे, हत्यारों को उन पर भी रहम नहीं आया था।



इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय सिंह और उनकी पत्नी रूपा सिंह को आज फांसी की सजा सुनाई गई है। बताया जा रहा है कि इस पूरे हत्याकांड के पीछे की वजह जमीन विवाद रहा था। अजय सिंह और उनकी पत्नी पर आरोप लगा था कि दोनों ने मिलकर माता रामदुलारी, पिता अमर सिंह, भाई अरुण सिंह, भाभी राम सखी और उनके दोनों बच्चों को धारदार हथियार और तमंचे से मौत के घाट उतार दिया था।

## जिला केसरी कुश्ती चैंपियनशिप आयोजित

**मथुरा।** दिवंगत बालकृष्ण उर्फ बालो पहलवान की स्मृति में जिला कुश्ती संघ (भा.शैली) एवं हनुमान अखाड़ा औरंगाबाद, मथुरा द्वारा चतुर्थ जिला केशरी कुश्ती चैम्पियन का आयोजन कुश्ती कोच बृजमोहन सिंह एवं रमेश सैनी की अध्यक्षता में गोकुल बैराज रोड, औरंगाबाद स्थित हनुमान बगीची में आयोजित किया गया। कुश्ती का शुभारंभ मुख्य रूप से राजवीर सिंह प्रतिनिधि पंचायत राज मंत्री, लोकेश निषाद सदर मंडल अध्यक्ष भाजपा, डा. राजेन्द्र प्रसाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सपा, प्रेम पहलवान कमेटी अध्यक्ष, मौसिन खांन महामंत्री, कान्हा चन्देल कोषाध्यक्ष, लुकेश राही समता फाउंडेशन, मुकेश सैनी आदि ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। सैकड़ों पहलवानों ने भाग लेकर मल्ल विद्या का प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान कुश्ती चैम्पियनशिप का जिला केशरी दिलकुश पहलवान पीपल वाला अखाड़ा, जिला चैम्पियन सौरभ कोसी एवं प्रिया को बृज केशरी बने विजेताओं को कमेटी द्वारा बुर्ज एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पगड़ी पहनाकर पुरस्कृत किया।

# केएम की मुहिम केएम परिवार आपके गांव आपके मोहल्ले में

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम अस्पताल की मुहिम केएम आपके गांव आपके मोहल्ले के तहत मथुरा के अलग-अलग गांवों में जन संपर्कअधिकारी की पूर्व सूचना के आधार पर गांव के प्रधान बी डी सी और समाज सेवी की मदद से अस्पताल की चार टीमों ने कैंप लगाकर अधिक सर्दी पड़ने के कारण गांव में बीमार पड़े बूढे बुजुर्ग जिनके लिए घर से निकलना मुश्किल होता है, उन मरीजों को केएम अस्पाल की डाक्टर्स की टीम ने देखा उन्हें उनकी बीमारी के बारे में समझाया और उनके इलाज के बारे समझाया।

केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का यह कहना है कि मैं इसे अपनी जिम्मेदारी मानता हूं कि मेरा ब्रजवासी जो गांव में रहता है, जिसे डाक्टर की सलाह मात्र लेने के लिए बड़े शहर में जाना पड़ता है। उन

- मेरा संकल्प फ्री चिकित्सा फ्री शिक्षा : किशन चौधरी
- वरिष्ठ चिकित्सकों व रेजिडेंट डाक्टर्स ने किया बीमारों को बीमारी के प्रति जागरूक

ब्रजवासियों के लिए केएम अस्पताल व नौ जवान रेजिडेंट डाक्टर्स की टीम वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में मेरे उन ब्रजवासियों के गांव में जाकर कैंप लगाया उनके मोहल्ले में जाकर उन्हें चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध करा रहे है। यह मुहिम मथुरा जिले के हर गांव में अपनी सेवाएं देगी। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि हमारी केएम अस्पताल की मेडीकल टीम आपके गांव आपके द्वार अभियान के तहत इसी तरह गांव गांव गली गली जाकर लोगों को जागरूक एवं बीमार लोगों को ढूंढ कर इलाज करेंगी।

और वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हमारे लिए तो केवल गांव में बैठा झोलाछाप ही सहारा होता है, अभी तक कोई भी डाक्टर या डाक्टरों की टीम कभी भी हमें हमारे घर में देखने नहीं आई हमें ही शहर में जाना पड़ता है, और दिखाने भर के पैसे देने पड़ते थे, पर केएम हॉस्पिटल ने हमारे गांव को ही एक दिन के लिए अस्पताल जैसा बना दिया जिसमें बड़े बड़े डाक्टर सलाह दे रहे है जिसका हमें पैसानहीं देना पड़ रहा है। मोहन सिंह ने बताया पहले हम इलाज के लिए बाहर जाते थे, लेकिन अब हम घर के पास ही फ्री इलाज और जांच की सुविधा पा रहे हैं। यह पहल हम जैसे गरीब लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से केएम विवि के वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे सहित अन्य चिकित्सकों का कहना है कि इस मुहिम से लोगों को न केवल इलाज मिलेगा।

# गणित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के नर्सरी के छात्र अर्णव त्रिपाठी ने ई-ब्रेन एबेकस प्रीमियर लीग में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था एक्स्ट्रा ब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर



गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री खन्ना ने बताया कि कि सी.एम.एस. इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।

# नागरिकों की समस्या का समय से निस्तारण करें : दिनेश प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिला पंचायत, रायबरेली की बजट बैठक आज दिनांक 17.01.2025 दिन शुक्रवार को जिल पंचायत सभागार में दिनेश प्रताप सिंह राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृशि निर्यात, उ0प्र0 की उपस्थिति में व रंजना चौधरी अध्यक्ष महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट एवं वर्श 2025-26 में रू 8798.86 लाख एवं वर्श 2025-26 के मूल बजट रू 6022.00 का अनुमोदन किया गया है एवं वर्ष 2025-26 में प्राप्त होने वाली विभिन्न अनुदानों की धनराषि से कराये जाने वाले कार्यो की सूची सदस्यों द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी। जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया।



बैठक को मन्त्री द्वारा सम्बोधन किया गया, जिसमें सदस्यों द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि जिले के अधिकारी सदस्यों को सम्मान नही देते और न ही फोन उठाते, इस पर मन्त्री द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देषित किया कि इस सदन के समस्त सदस्यों का सम्मान करें और उनके द्वारा बताई गई आम नागरिक की समस्या का समय से निस्तारण करें अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा जिला पंचायत के समस्त सदस्यों को अपने आम जममानस को वितरित करने हेतु कम्बल दिया गया, सदस्यों द्वारा अध्यक्ष जिला पंचायत का आभार व्यक्त किया गया। जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा मन्त्री का स्वागत किया गया।

बैठक का संचालन जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी द्वारा किया गया, बैठक में मुख्य रूप से रंजना चौधरी, अध्यक्ष, दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मन्त्री सत्यभामा, ब्लाक प्रमुख ऊंचाहार विनय वर्मा, विक्रान्त अकेला, आरती, अनुपमा, अन्जली रावत, दयावती, दीपिका सिह, मिथिलेषप, राम कुमार, शीतला प्रसाद, अनीता, रेनू सिंह, प्रिया सिंह जिला सूचना अधिकारी के साथ-2 अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डाकघर में तिरंगा फहराने के साथ ही 'डाक चौपाल' का भी होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग द्वारा गुजरात परिमंडल में 26 जनवरी, 2025 को 76वें गणतंत्र दिवस अवसर पर विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर डाकघर में तिरंगा फहराने के साथ-साथ डाक चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। उत्तर गुजरात परिक्षेत्र, अहमदाबाद के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक-केंद्रित सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक ले जाना है, जिसका फायदा गुजरात की जनता और सभी लाभार्थियों को मिलेगा। केंद्रीय सेवाओं के साथ-साथ राज्य स्तर की विभिन्न सामाजिक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी एक छत के नीचे प्राप्त हो सकेगा। इनमें 'सरकारी सेवाएँ आपके द्वार' के तहत वित्तीय सेवायें, बीमा, पेमेन्ट्स बैंक सेवायें,



डीबीटी, ई कॉमर्स और निर्यात सेवाएँ सहित तमाम नागरिक केंद्रित सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाकर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघर अब केवल पारंपरिक डाक सेवा प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को लागू करने में एक अहम कड़ी बन चुके हैं। डाक विभाग ने अपने कार्यों का विस्तार करते हुए अपनी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से और अधिक सुलभ बना दिया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने आज ग्रामीण चौपाल टोलवा आट विकास खण्ड हरियावा, आर0आर0सी0 सेन्टर, टोलवा आट विकास खण्ड हरियावां तथा अस्थायी गौ आश्रय स्थल अटवा असिगांव का निरीक्षण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास खण्ड हरियावां के ग्राम टोलवा आट में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया गया तथा जनसामान्य की समस्याओं का समाधान किया गया। चौपाल मे राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग एवं विद्युत विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी चौपाल में उपस्थित नहीं हुए, जिसके लिये उन्होंने सम्बन्धित को वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। चौपाल में मुख्य रूप से विद्युत बिल अधिक आने, जल निकासी की समस्या के संबंध में ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी की समस्या नोट कर शीघ्र ही निस्तारण का आश्वासन दिया गया। ग्रामवासियों द्वारा



- ग्राम चौपाल मे प्रतिभाग न करने वाले अधिकारियों का वेतन बाधित करने के दिये निर्देश

वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन बनाये जाने अथवा रूकी पेंशन दिलाये जाने का अनुरोध किया गया मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी,स0क0 मुन्नु लाल वर्मा को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में सभी पात्र व्यक्तियों के पेंशन ऑन लाईन कराने तथा रूकी पेंशन को ठीक कराकर अनुपालन से अवगत कराने के निर्देश दिये गये। चौपाल के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम का भ्रमण किया गया तथा हर घर जल योजनान्तर्गत गलियॉ खुदी पायी गयीं तथा सफाई का अभाव पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि ग्राम में 04 सफाई कर्मी तैनात हैं। मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी पं0 को संबंधित सफाईकर्मियों को नोटिस जारी करने व सफाई व्यवस्था दुरूस्त होने तक वेतन बाधित कराने के निर्देश दिये गये।

# निलंबन के साथ एफआईआर भी दर्ज करायी जाये

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बेसिक, माध्यमिक, तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि मिशन कायाकल्प के समस्त बिन्दुओं का पूर्ण संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। निर्माणाधीन स्कूल भवनों का निर्माण तेजी से कराया जाये। जर्ज़र भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जल्द सुनिश्चित की जाये। 15 वर्ष से पूर्व जर्ज़र हो जाने वाले स्कूल भवनों के तत्कालीन निर्माण प्रभारी व अन्य जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। निलंबन के साथ एफआईआर भी दर्ज करायी जाये। स्कूलों के ऊपर से हाई टेंशन विद्युत लाइन को हटाने की कार्रवाई की जाये। निर्माणाधीन कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के निर्माण में तेजी लायी जाये। स्कूलों में बर्तन खरीद का

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की बैठक

अवशेष कार्य तेजी से पूरा किया जाये। बर्तनों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये। वित्तीय नियमों का पालन किया जाये। खरीद की सूचना को पोर्टल पर फीड किया जाये। प्रधानाध्यापक से बर्तनों की संख्या का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी से संख्या व गुणवत्ता की जाँच कराते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाये। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य तेजी से कराये जाएं। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हैंडबॉल : विद्यापीठ ने महादेव पीजी को 15-6 से हराया

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** अंतर महाविद्यालयीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में काशी विद्यापीठ ने महादेव पीजी कॉलेज को 15-6 से हराकर चैंपियन का खिताब जीता। विद्यापीठ की ओर से कप्तान रेशमा यादव ने अकेले 11 गोल दागकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। दो दिन में कुल सात मैच हुए।

मैच के शुरुआत में विद्यापीठ की ओर से राष्ट्रीय खिलाड़ी रेशमा, सुमन और गोलकीपर निहारिका ने शानदार प्रदर्शन किया। 40 मिनट के मुकाबले में रेशमा ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए पहले हाफ में ही नौ गोल दागकर टीम को आगे कर दिया। दूसरे हाफ में दो गोल दागकर मैच में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गईं। महादेव पीजी कॉलेज बरियासनपुर टीम की खुशी और प्रीति ने मिलकर छह गोल ही कर पाईं।



विद्यापीठ की गोलकीपर निहारिका ने विपक्षी टीम के 8 से 10 गोल को नाकाम कर दिया। तरुण, आशीष अकेला, बीरबल रेफरी की भूमिका में रहे। शैलेश त्रिवेदी, अमित सिंह, नंदा द्विवेदी, अल्का सिंह, डॉ. राजेश कुमार यादव व सुप्रिया सिंह रहे। जीवनदीप शिक्षण समूह की वॉइस चेयरमैन डॉ. अंशु सिंह व प्राचार्य इंद्रेशचंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड में 38वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगी। वाराणसी की सीनियर और जूनियर महिला टीम प्रदेश में चैंपियन है। इस समय परमानंदपुर के मिनी स्टेडियम में 40 खिलाड़ी सुबह शाम 6 घंटे पसीना बहा रही हैं। सुबह पहले सत्र में स्ट्रेचिंग और रनिंग कराई जाती है। इसके बाद 20-20 मिनट के दो मैच खेलने होते हैं। शाम के सत्र में उन्हें बताया जाता है कि उन्होंने सुबह मैच में क्या-क्या गलती की थी। उसे कैसे ठीक किया जाता है। अंतिम सत्र में फिटनेस लेबल किस तरह से शत प्रतिशत रहे। इसके लिए एक्सरसाइज कराई जाती है। ताकि किसी प्रकार की चोट न लगे। खिलाड़ी का सबसे बड़ा दुश्मन चोट होती है। प्रशिक्षण शिविर

- नेशनल प्लेयर रेशमा ने 11 गोल दागे, कड़ाके की ठंड में रोज छह घंटे पसीना बहा रहीं 40 खिलाड़ी

डॉ. आशा सिंह की देखरेख में चल रहा है। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह और संयुक्त सचिव विभव सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास है कि वाराणसी की 10 महिला खिलाड़ी लखनऊ में चयन परीक्षण में हिस्सा लें। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव शम्स तबरेज शम्पू का कहना है कि इस समय वाराणसी में 14 राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

सिगरा स्टेडियम में यूपी फुटबॉल प्रीमियर लीग सीजन 3 की तैयारी अंतिम चरण में है। अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता ने बताया कि पार्वती वेलफेयर सोसाइटी की ओर से लीग 19 से 26 जनवरी तक डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है, तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टीम के खिलाड़ी अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के साथ अभ्यास में पसीना बहा रहे हैं।

# अनोखे अंदाज में लोगों को किया जागरूक : एआरटीओ



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा भूतेश्वर चौराया मथुरा पर आयोजित किया जनजागरूकता कैंप । जागरूकता कैंप के माध्यम से चालकों वाहन चालकों को मिक्की व मिनी कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से अनोखे अंदाज में यातायात नियमों का पालन करने की पहल की गई जिन लोगों ने यातायात नियमों का पालन किया गया उनको चॉकलेट दी गई जिन लोगों ने यातायात नियमों का पालन नहीं उन लोगों को गुलाब का फूल भेंट यातायात नियमों पालन करने का किया गया अनुरोध ।

एआरटीओ परिवर्तन मनोज प्रसाद वर्मा ने कहा आज बृज यातायात समिति के सहयोग से आज सड़क सुरक्षा महा के अंतर्गत जिन लोगों ने हेलमेट व सीट बेल्ट लगा रखी थी उन लोगों को चॉकलेट भेंट करके बच्चों के कार्टून कैरेक्टर मिक्की व मिनी ने चॉकलेट भेंट करके प्रोत्साहित किया।

# नगर की हृदयस्थली सुमेरा तालाब के बहुरेंगे दिन, 2 करोड़ से होगा तालाब का सुंदरीकरण

- पाथवे निर्माण, राउन्डीड हट, स्टील रैलिंग, शौचालय, सफाई, लाइटिंग सहित
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फ्री वाईफाई व सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे
- हाईटेक तकनीक से लैश होगा एरिया, बोट क्लब की सुविधाओं में होगा इजाफा



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के प्रयासों से शासन स्तर से नगर के सुंदरीकरण हेतु अमृत योजनान्तर्गत सुमेरा तालाब एवं सीतापाठ के जीर्णोद्धार के 02 प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं, जिसके तहत अमृत योजनान्तर्गत 02 करोड़ की धनराशि से ललितपुर की हृदयस्थली सुमेरा तालाब एवं इसके आसपास उपलब्ध सुविधाओं के नवीनीकरण का कार्य किया जाना है, जिसकी रुपरेखा तैयार करने के लिए आज शुक्रवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मौके पर जाकर यहां का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि यहां पर संचालित बोट क्लब को में सुविधाएं बढ़ाने एवं इसे आधुनिक तकनीक से लैश करने हेतु यहां पर पब्लिक एड्रेस सिस्टग स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से सुबह और शाम मधुर संगीत चलेगा, साथ ही यहां पर फ्री वाईफाई एवं सीसीटीवी कैमरे भी लगवाये जायेंगे। इसके अलावा बाउंड्री, तार फैंसिंग, पाथवे, पेवर ब्रिक्स, कर्ब स्टोन, घास, बैंच निर्माण, महिला एवं पुरुष शौचालय, राउन्डीड हट, तालाब गहरीकरण एवं सफाई, स्टील रैलिंग और लाइट आदि का कार्य अमृत योजना के अंतर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य 01 करोड़ 80 लाख 03 हजार की लागत से कराया जा रहा है। इसके अलावा इसके संचालन एवं रखरखाव की लागत 20 लाख है, इस प्रकार इस प्राजेक्ट की कुल लागत 02 करोड़ 03 हजार रुपए है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त कार्यों के अलावा नगर पालिका द्वारा अपने संसाधनों से कम्पनी बाग के सामने वाली लेन में सुन्दरीकरण एवं कम्पनी बाग के अंदर वॉकिंग ट्रेक को सिंथेटिक ट्रेक में कन्वर्ट करने का कार्य चल रहा है। मौके पर अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मीडियाबंधु उपस्थित रहे।

# दबंगों ने महिला से की मारपीट, घर में तोडफ़ोड़

- पीड़िता ने लगाया जेवरात व नकदी गायब होने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** गांव के दबंगों पर गाली-गलौज कर मारपीट करने और शिकायत करने के लिए जाने पर दबंगों द्वारा घर में घुसकर तोडफ़ोड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले में कार्यवाही किये जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजा है। बानपुर निवासी निक्की बानो पत्नी असलम खान ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 15 जनवरी की शाम करीब 5 बजे जब वह घर में थी। तब पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों ने उसे गालियां दीं। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गये। मामले की सूचना पीड़िता ने अपने पति असलम को दी। इसके बाद वह अपने पति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराने गयी हुयी थी। आरोप है कि इसी बीच उक्त लोगों



ने घर में घुसकर सामान की तोडफ़ोड़ कर दी। महिला का आरोप है कि जब वह थाने से शिकायत करके घर वापस पहुंची तो उसने देखा कि उसके घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। यह भी आरोप है कि उसके घर में रखे जेवरात व करीब 10 हजार रुपये की नकदी गायब हैं। जिसकी सूचना उसने तत्काल डायल 112 पर फोन कर पुलिस को दी। पुलिस ने आकर मौका मुआयना किया। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## उन्नीस जनवरी को मनाया जायेगा गहोई दिवस

**ललितपुर।** गहोई समाज श्रीश्री 1008 श्री धनुषधारीजी महाराज गहोई सेवा समिति (रजि.) तालाबपुरा के तत्वाधान में 19 जनवरी को श्रीधनुषधारीजी मंदिर प्रांगण में गहोई दिवस मनाने जा रहा है। अध्यक्ष शरद खैरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष/राज्यमंत्री गौसेवा आयोग लखनऊ श्यामबिहारी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि चेयरमेन पराग दुग्ध उत्पादक सह. संघ लि. झांसी मंडल प्रदीप सरावगी, उद्योग व्यापार प्रकल्प गहोई महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पटवारी, संस्थापक एवं संपादक वरूण करतवार (गोरई वाले) शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार से दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण, ध्वज वंदना, दीप प्रज्जवलन, तदोपरांत श्रीसरस्वती वंदना, स्वागत गीत, समिति के पदाधिकारियों द्वारा पधारे हुये सभी अतिथियों का स्वागत/ तिलक एवं बैज अलंकरण आदि होगा। दोपहर 1 बजे समिति अध्यक्ष द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं प्रगति आख्या का प्रस्तुतीकरण होगा। बताया कि दोपहर 2 बजे नगर के वरिष्ठ गहोई बन्धु, वरिष्ठ गहोई महिला, वरिष्ठ गहोई दम्पत्ति, समिति के संस्थापकों, गहोई पुण्यार्जकों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा।

# किश्तें ड्यू बताकर फाइनेंस कर्मियों ने जबरन छीन ली टैक्सी



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** फाइनेन्स कम्पनी पर जमा की हुयी किश्तों को डियू बताकर जबरन वाहन उठा ले जाने का आरोप लगाते हुये ग्रामीण ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। शिकायती पत्र में निकटवर्ती ग्राम बरखेरा निवासी जयहिन्दर सिंह पुत्र रघुराज ने डीएम को अवगत कराया कि उसने एक टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 9345 एक नामचीन फाइनेंस कम्पनी से फाइनेंस करायी थी। पीड़िता ने बताया कि उसने उक्त कम्पनी की सभी किश्तें निर्धारित समय पर चुकता की हैं। बताया कि मात्र जनवरी माह की किश्त शेष है, बताया कि एजेन्सी के कर्मचारी वाहन की 18 किश्तें ड्यू बता रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि बीती 5 जनवरी को शाम करीब 5 बजे कम्पनी के तीन कर्मचारी एक मोटर साइकिल पर सवार होकर आये और उससे वाहन छीनकर जबरन जब्त कर लिया। बिना किसी नोटिस या सूचना के उक्त वाहन को फाइनेंस कम्पनी द्वारा ले लिये जाने से उसे काफी आघात पहुंचा है। पीड़ित ने कम्पनी के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही कर उसे वाहन वापस दिलाये जाने की मांग उठायी है।

# पटौराकलां गांव में खेल मैदान उपलब्ध कराने की मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा के ग्राम पटौराकलां में युवाओं व बच्चों को खेलने के लिए खेल मैदान उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर युवाओं ने ग्राम प्रधान रामदेवी यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है।

युवाओं ने डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत पटौराकलां में खेल मैदान या पार्क न होने के कारण बच्चों और प्रतिभाशाली युवाओं को खेलने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में प्रतिभावान युवाओं की कमी नहीं है, लेकिन उन्हें अपने-अपने खेल के लिए अपने गांव को छोड़कर या तो मुख्यालय या फिर किसी अन्य गांव में जाना पड़ता है, जिससे युवा खिलाड़ियों को अनावश्यक ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के युवाओं ने गांव में खेल मैदान और पार्क निर्माण कराये जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान रामदेवी यादव, रामनारायण सिंह, देवेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, कप्तान, नीलेश पाल, प्रमोद राजपूत, परशुराम, चाली राजा, जगभान, अमित कौशिक, सौरभ, संजू रैकवार, अमित राजपूत के अलावा अनेकों युवक मौजूदरहे।

# प्रयागराज कुम्भ में होगा ललितपुर के स्थानीय उत्पादों का जलवा

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रयागराज कुम्भ में लगेगा ललितपुर आकांक्षा हाट
- हाथ से बने बांस उत्पाद, दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित दाल यूनिट व खिलौनों का होगा प्रदर्शन
- आकांक्षा हाट लगाने जिले से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना
- महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की दृष्टि से सशक्त बनाना ही हमारा उद्देश्य: आकांक्षा समिति

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में आकांक्षा समिति का गठन किया जाता है, जिसमें जिले के जिलाधिकारी की धर्मपत्नी इस समिति की अध्यक्ष के रुप में नामित होती हैं, जिनकी




अध्यक्षता में समिति की सभी गतिविधियां सम्पन्न की जाती हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा/जिलाधिकारी की धर्मपत्नी निष्ठा त्रिपाठी द्वारा जनपद के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रयागराज कुम्भ में आकांक्षा हाट लगाये जाने के लिए वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि आकांक्षा समिति उत्तर प्रदेश के सहयोग से प्रयागराज कुम्भ मेले में जनपद के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रोत्साहन हेतु आकांक्षा हाट का प्रदर्शन किया जाना है, जिस हेतु मुख्यमंत्री द्वारा जनपद को एक स्टॉल भी आवंटित किया गया है, जहां जनपद की महिलाओं के द्वारा अपने लोकल उत्पादों यथा-हांथ से बने बांस के उत्पाद, महिलाओं द्वारा संचालित दाल यूनिट, खिलोने, दैनिक उपयोग की वस्तुएं आदि का प्रयागराज कुम्भ में प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इससे पहले इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में भी जनपद का आकांक्षा हाट लगाया जा चुका हैं, जिससे प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज कुम्भ में हाट लगाये जाने का निर्णय लिया है। बताया कि आकांक्षा समिति, एक स्वैच्छिक पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन है, जो उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों की पत्नी संघ की विकास शाखा है। सन 1987 में तत्कालीन मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश की पत्नी श्यामला कल्याण कृष्ण द्वारा स्थापित यह संगठन महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करता है, विशेष रूप से वे जो वंचित और हाशिए पर हैं।

समिति का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और आय सृजन पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना है। इसके माध्यम से वंचित और हांशिए पर पड़ी महिलाओं और बच्चों की क्षमता विकास और सशक्तिकरण को सुविधाजनक बनाना है। साथ ही विशेष रूप से दूरदराज/ग्रामीण क्षेत्रों में लक्षित लाभार्थियों तक सरकारी विकास योजनाओं की जानकारी, पहुंच और उपयोगिता को बढ़ाना है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मड़ावरा रोशनी यादव, आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह, कलैक्ट्रेट की महिला कार्मिक व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### डी एम ने वन स्टांप सेंटर का निरीक्षण किया



**सम्भल (बहजोइ)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया । व्यवस्थाओं को चैक किया तथा वन स्टाप सेंटर कक्ष में चादरें एवं फर्नीचर साफ रखने एवं वन स्टाप सेंटर की नियमित साफ़ सफाई के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

### विकास भवन सभागार में आयोजित होगा ई-लॉटरी कार्यक्रम

**बहराइच।** उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर मैकेनाइनजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरुक्षा मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से 18 जनवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से विकास भवन सभागार बहराइच में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइनजेशन योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यन्त्र क्रय करने के लिये आवेदन किया गया है। वह 18 जनवरी 2025 को अपरान्ह 10:00 बजे से आधा घण्टा पूर्व विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित होने वाली ई लॉटरी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। इस दौरान जो किसान अनुपस्थित होंगे। उन्हें ई-लॉटरी चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा।

# भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** विवेकानंद जयंती की मुनासबत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस के अंतर्गत अटल हॉल में भारत के निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवक डॉ. अभय कृष्ण, डॉ. साइमा अलीम और डॉ. जफर अल-नकी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अभय कृष्ण ने इस महत्वपूर्ण विषय पर भाषण देते हुए कहा कि विवेकानंद के विचारों और ख्यालों को हर किसी को अपनाना चाहिए। आज के युवाओं तक उनकी बातों और विचारों को पहुँचाना बहुत ज़रूरी है। और इसके साथ ही उन्हें अपने जीवन में उतारने की ज़रूरत है क्योंकि उनके विचार और सोच नए भारत के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पुरे सप्ताह में समाज में युवाओं के महत्व ,उनके प्रदर्शन और भूमिका की चर्चा की जानी चाहिए साथ ही युवाओं की समस्याओं और उनके समाधानों और उनको जागरूकता की चर्चा की जानी चाहिए। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के माध्यम से देश का भविष्य बेहतर बनाना है। डॉ. साइमा अलीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद के व्यक्तित्व और उनके विचारों में एक तरह का आकर्षण था। उन्होंने विशेष रूप से शिकागो में दिए भाषण का उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक भाषण में विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान और सभ्यता की गौरवशाली परंपरा का इस तरह वर्णन किया कि उसका अर्थ और महत्व दिन-प्रतिदिन और अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। उन्होंने अंत में इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषण प्रतियोगिताएं न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं, बल्कि आपके व्यक्तित्व को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस भाषण प्रतियोगिता में रुद्राक्ष चौधरी, अरुण कुमार, हर्ष तिवारी और रेखा यादव के अलावा अन्य छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का निर्देशन और धन्यवाद इंजीनियरिंग के छात्र मयंक ने किया। इस कार्यक्रम में चौथी, पांचवीं और आठवीं इकाई के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

# आर्या गोदाम से चोरी हो रहा था भण्डारित गेंहू

- ऑपरेशन मैनेजर ने सिक्योरिटी गार्ड समेत टैम्पो चालक पर दर्ज करायी एफआईआर

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के महानगर कानपुर अन्तर्गत घाटमपुर निवासी रावेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह नेशनल बल्क हैंडलिंग कॉरपोरेशन प्राईवेट लिमिटेड में ऑपरेशन मैनेजर पद पर कार्यरत है। बताया कि बीती तेरह जनवरी को सुबह करीब 5 से 5.30 बजे के मध्य वह ग्राम करगन स्थित आर्या गोदाम पर आकस्मिक चैकिंग करने जा रहा था। बताया कि आर्या गोदाम को उसकी कम्पनी द्वारा आईटीसी के भण्डारित गेंहू का रख-रखाव का कार्य करती है। बताया कि वह जैसे ही गोदाम के गेट पर पहुंचा तो वहां लोडर टैम्पो संख्या यू.पी.94 टी 9767 गेट से बाहर निकल रहा था। बताया कि उसे शक होने पर उसने वाहन को रोका तो चालक व उसकी कम्पनी का सिक्योरिटी गार्ड सुखसाहब भाग गये और लोडर टैम्पो को चैक किया तो उसमें आर्या गोदाम में भण्डारित 19 बैग गेंहू के भरे हुये मिले और गोदाम से सिक्योरिटी गार्ड ने टैम्पो चालक की मदद से गेंहू चोरी करवाया। आरोप लगाया के इस चोरी के घटनाक्रम में अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं। बताया कि उसके द्वारा व कम्पनी के अन्य अधिकारियों द्वारा अब तक जांच की जाती रही, जिस कारण वह समय से प्रार्थना पत्र नहीं दे सका। ऑपरेशन मैनेजर ने चोरी का गेंहू समेत लोडर टैम्पो को पुलिस के सुपुर्द करते हुये कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने ऑपरेशन मैनेजर रावेन्द्र प्रताप सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 306 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# इंडोनेशिया भारत संबध विश्व में शांति को बढ़ावा देने के हैं प्रतीक : परवेज

- गणतंत्र दिवस पर इंडोनिषया के राष्ट्रपति को मुख्य अतिथि बनाये जाने का एआइपीएमएम ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने भारत सरकार द्वारा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति महामहिम प्रबोवो सुबियांतो को 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के निर्णय का हृदय से स्वागत किया है। संगठन ने इस ऐतिहासिक निर्णय को भारत और इंडोनेशिया के गहरे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक बताया है।

महाज ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच एक अनूठा सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध है, जो सदियों पुरानी परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहरों से परिलक्षित होता है। दोनों देशों के बीच एक साझा सांस्कृतिक इतिहास है, जिसमें शांति, सहिष्णुता और विविधता को प्रोत्साहित करने के मूलभूत मूल्य निहित हैं। भारत और इंडोनेशिया की साझी सभ्यताएं न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रेरणास्रोत हैं।

संगठन ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की उपस्थिति भारत और इंडोनेशिया के रिश्तों को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यह न केवल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा बल्कि दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच सहयोग, शांति और समृद्धि को भी बढ़ावा देगा।

महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा, 'इंडोनेशिया जैसे मित्र राष्ट्र के साथ भारत का संबंध न केवल हमारे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाता है, बल्कि यह विश्व में शांति और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। हम इस पहल की सराहना करते हैं और आशा करते हैं कि दोनों देशों के बीच सहयोग और संवाद नए आयाम स्थापित करेगा। संगठन ने भारत और इंडोनेशिया के नेताओं को इस ऐतिहासिक अवसर पर बधाई दी और इसे दोनों देशों के नागरिकों के लिए गौरव का क्षण बताया।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुहम्मद युनुस ने इस अवसर पर दोनों देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को मजबूत करता है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का आधार है।

# आरटीआई ने खोली नर्सिंग होम, पैथोलॉजी व चिकित्सकों की पोल

- बिना पंजीकरण के धड़ल्ले से चल रहा गोरख धंधा, लूटे जा रहे मरीज

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे नगर में बगैर पंजीकरण के पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। निजी चिकित्सक भी खुलेआम विभाग को ठेंगा दिखाकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में चैंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

जिला अस्पताल के आस पास ही लगभग एक दर्जन से अधिक पैथोलॉजी और निजी चिकित्सक सीएमओ कार्यालय में बगैर पंजीकरण कराये प्रैक्टिस कर रहे हैं। इसी तरह नार्मल कंपाउंड, सुपर मार्केट में भी यह धंधा खूब फल फूल रहा है। इतना ही नहीं नर्सिंग होम और अस्पतालों में भी अल्ट्रासाउंड की मशीनें लगा रखी हैं, इससे इतर शहर में रेडियोलॉजिस्ट गिनती के हैं। यहां भी मरीजों को खुलेआम लूटा जा रहा है। एक अधिवक्ता द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना के जबाव में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पैथोलॉजी, डायग्नोस्टिक सेंटर, डिजिटल एक्स-रे, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और निजी चिकित्सकों की संख्या 135 बतायी गई है इसके अलावा लगभग 31 अल्ट्रासाउंड सेंटर की संख्या बताई गई है। धरातल पर स्वास्थ्य विभाग के आकड़े के विपरीत लगभग डेढ़ से दो गुने तक चिकित्सक और पैथोलॉजी संचालित हैं। इस संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राधावल्लभ का कहना है कि विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जाता है जल्द ही शहर में जांच अभियान चलाया जाएगा।

## दो माह में दाखिल हुआ आरोप पत्र

**सुल्तानपुर।** पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप हत्या के अभियुक्त कमलेश कुमार मिश्र पुत्र स्व0 भोलानाथ मिश्र नि0 पुरेनथऊ (भदैया) थाना लम्भुआ जनपद सुलतानपुर को सजा सुनायी गयी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय मे चल रहे अभियोगों में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी कर operation conviction अभियान के अन्तर्गत सुलतानपुर पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा थाना लम्भुआ से संबन्धित अभियुक्त कमलेश कुमार मिश्र पुत्र स्व0 भोलानाथ मिश्र नि पुरेनथऊ (भदैया) थाना लम्भुआ जनपद सुलतानपुर को उक्त अभियोग में 16 जनवरी को अभियुक्त उपरोक्त को मुअस 646/2020 धारा 302/34/ 307/ 504 भादवि के अर्न्तगतआजीवन कारावास अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआर एस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा आईजीआरएस में प्रदेश में रैंकिंग, लंबित संदर्भ, सी श्रेणी, डिफाल्टर , शिकायतकर्ता के संतुष्ट एवं असंतुष्ट पर अधिकारी वार फीडबैक स्थिति पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि डिफाल्टर रहने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही संज्ञान में लायी जाए। जिन अधिकारियों के असंतुष्ट प्रकरण हैं वह शिकायतकर्ताओं से शीघ्र ही वार्ता करें कि वह क्यों असंतुष्ट हैं ताकि समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सके। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भो पर भी चर्चा की गई जिलाधिकारी ने असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं से संबंधित एक प्रारूप को भी तैयार करने के लिए निर्देशित किया जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही एक कंट्रोल रूम आईजीआरएस के लिए तैयार किया जाएगा जिसमें टोल फ्री नंबर भी रहेगा ताकि आईजीआरएस से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संबंधित अधिकारी वार्ता करेंगे ताकि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके स्पेशल क्लोज को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने असंतुष्ट डिफाल्टर एवं सी श्रेणी का निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। फार्मर रजिस्ट्री को लेकर भी चर्चा की गई एवं उसकी प्रगति बढ़ाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया तथा घरौनी वितरण कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पर विशेष फोकस किया जाए तथा सही आख्या अपलोड की जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, एस ओ सी चकबंदी मातवर सिंह एवं समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुलरिहा में निर्मित होगा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील पयागपुर अन्तर्गत परगना इकौना के ग्राम गुलरिहा में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 1823 क्षेत्रफल 1.3840 हेक्टयर बंजर श्रेणी की भूमि आवंटन पशुपालन विभाग को किया गया है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज के परगना हिसामपुर के ग्राम देवीदासपुर में 33/11 के.वी. विद्युत नवीन उपकेन्द्र देवीदासपुर के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 791 ग मि./क्षेत्रफल 0.1210 हे. बंजर श्रेणी की भूमि का आवंटन उ.प्र. पावर कार्पोरेशन लि. लखनऊ को किया गया है।

# सर्दियों में रामबाण है अजवाइन का धुआं, कई बीमारियों से मिलता है छुटकारा



प्रत्येक भारतीय के रसोई में यह एक छोटू-सा मसाला जरुर मौजूद होता है। यह मसाला कई बड़ी-बड़ी समस्याओं को दूर करता है। दादा-नानी का यह मसाला सबसे फेवरेट रहा है। अजवाइन खाने को टेस्टी और खुशबूदार बनाने से लेकर घरेलू नुस्खों में प्रयोग किया जाता है। आमतौर पर अजवाइन का प्रयोग पेट और हाजमे के लिए किया जाता है। अजवाइन का इस्तेमाल कई घरेलू उपचार में किया जाता हैं, लेकिन शायद ही आप जानते होंगे कि अजवाइन के धुआं लेने से कई बीमारियों को दूर किया जाता है। आइए आपको बताते हैं अजवाइन धुआं लेने से क्या फायदे मिलते हैं।

अजवाइन अपनी सुगंध के लिए जाना जाता है। इसकी खुशबू बहुत ही फायदा करती है। जब आप अजवाइन का धुआं लेते हैं, तो इसकी खुशबू दिमाग को शांत करने का काम करती है। इससे दिमाग भी काफी रिलैक्स होता है और इसके साथ ही तनाव भी दूर होता है। यदि आपको तनाव के कारण रात को नींद नहीं आती है, तो ये घरेलू नुस्खा आपको चैन की गहरी नींद दिलाते हैं।

***सर्दी-जुकाम में मिलता है राहत***

अजवाइन का धुआं लेने से सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों से भी राहत मिलते है। अजवाइन में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसके प्रयोग से सर्दी-जुकाम के साथ-साथ वायरल से भी राहत मिलता है। जिन लोगों को कफ की समस्या होती है, उन्हें भी अजवाइन सूंघना चाहिए। इसकी मदद से छाती में जमा हुआ कफ गलने में मदद करता है।

***बच्चों में कब्ज से दिलाए राहत***

अजवाइन का धुआं देने से बच्चे को कब्ज में राहत मिलेगी। आप बच्चे को सीधा धुआं देने की बजाय उनके पेट की सिंकाई कर सकते हैं। बच्चे के पेट किसी भी तरह का दर्द उठने पर दवाई के साथ आप उनके पेट की सिंकाई कर सकते हैं।

***कैसे लें अजवाइन का धुआं***

पारम्परिक रुप से अजवाइन का धुआं लेने के लिए लोग गोबर के उपले यानी कंडो का प्रयोग करते हैं। इसमें छोटे से कंडे को जलाया जाता है। उसके अच्छे से जलने के बाद, हल्की बची आंच पर दो सो तीन चम्मच अजवाइन के दाने डालें। इस धुए को मदद से आप बच्चों के पेट की सिंकाई की जाती है, तो आप वहीं बड़े तौलिए या मोटे कपड़े की मदद से मुंह पर धुआं ले सकते हैं। इसके अलावा, आप पानी को उबाल लें और फिर इसमें 2-3 चम्मच अजवाइन को डालें और फिर इसका स्टीम ले सकते हैं।

# कलमी साग खाने से दूर होगी कब्ज की समस्या, हड्डियों में भर जाएगी जान



हमारी सेहत के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां कितनी ज्यादा फायदेमंद होती हैं, यह हम सभी जानते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में पालक के साग का नाम सबसे ऊपर आता है। आप सभी ने पालक तो जरूर खाई होगी। बहुत से लोगों की यह पसंदीदा सब्जी होती है। लेकिन क्या आपने पानी वाला साग यानी की कलमी साग खाई है। इसको हम अंग्रेजी में वाटर स्पिनेच के नाम से भी जानते हैं। दिखने में यह पालक की साग की तरह मिलता है। लेकिन यह पालक से काफी अलग होता है और इसके कई जबरदस्त फायदे भी होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कलमी साग के दो फायदों से रूबरू करा रहे हैं।

***जानिए कलगी साग खाने के फायदे***

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं, कलमी साग को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। बता दें कलमी साग में फाइबर रिच मात्रा अधिक होती है। साथ ही यह अपने लैक्सेटिव गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह रेचक कठोर मल को मुलायम करने के लिए भी जाना जाता है। यह आंतों को उत्तेजित करता है और आप इसको नियमित रूप से मल त्याग करते हैं। इससे कब्ज की समस्या भी खत्म होगी। अगर इसके अन्य फायदे की बात करें, तो हरी पत्तेदार सब्जी में विटामिन अच्छी मात्रा में पाया जाता है। अगर आप अपनी हड्डियों को मजबूती देना चाहते हैं, तो आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए। इसका सेवन करने से हमारे शरीर में कैल्शियम का अवशोषण को बढ़ावा मिलता है। इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और जोड़ों के दर्द में भी राहत मिलती है। कलमी साग में मैग्नीशियम भी पाया जाता है, यह हड्डियों की संरचना को बनाए रखने में मदद करता है।

***ऐसे करें इस सब्जी का सेवन***

आप सूप के तौर पर इसको डाइट में शामिल कर सकते हैं।

आप कलगी कलमी की सब्जी बनाकर खा सकते हैं।

इसका आप पराठा तैयार करके भी खा सकते हैं।

आप इसको सलाद के तौर पर भी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# शरीर में आयरन की कमी को दूर करता है ये 3 फूड्स, आज ही खाना शुरु कर दें



आयरन की कमी से शरीर में कई सारी बीमारियां देखने को मिलती हैं। अगर बॉडी में आयरन की कमी हो जाए तो हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो जाता है। खून की कमी से चक्कर आना, बेचैनी, कमजोरी और चेहरा पीला पड़ जाता है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में आयरन सबसे ज्यादा कॉमन न्यूट्रिशनल डिफिसिएंसी है। जिसे पूरा करना सबसे ज्यादा जरुरी है। आयुर्वेद में ऐसे फूड्स बताए गए हैं जो शरीर में खून की कमी पूरी करते हैं जिससे आयरन लेवल बढ़ता है। आइए आपको बताते हैं किन फूड्स का सेवन करना जरुरी है।

***काला तिल***

आयरन की कमी को पूरा करने के लिए सबसे अच्छा सोर्स काले तिल हैं। जो न केवल शरीर में आयरन का स्तर बढ़ाता है बल्कि कैल्शियम, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक, सेलेनियम और विटामिन बी 6, ई और फोलेट होता है। प्रतिदिन काले तिल के बीज को भूनकर खाने से पोषण मिलता है।

***गुड़ और चना***

शरीर में खून की कमी को दूर करने के लिए आप गुड़ और चना खा सकते हैं। गुड़ में आयरन का सबसे अच्छी मात्रा होती है। चना प्रोटीन, फाइबर और मैंगनीज के साथ ही आयरन का रिच सोर्स है। इन दोनों को मिलाकर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने में मदद करता है।

***शहद और आंवला का मिक्सचर***

शहद और आंवले के सेवन से करने से आयरन की कमी दूर होती है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने का सबसे अच्छा सोर्स है। इसे आप शहद और काली मिर्च के साथ मिलाकर खा सकते हैं। यह ना केवल डाइजेशन में हेल्प करता है और आयरन, विटामिन की कमी को भी शरीर में पूरा करता है।

# इनफर्टिलिटी दूर करने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव, जल्द पूरा होगा मां बनने का सपना



हर महिला के लिए मां बनने की चाहत उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी होती है। हालांकि कुछ महिलाओं को अपनी इस ख्वाहिश को पूरा करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। साथ ही कंसीव करने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि हेल्दी प्रेग्नेंसी और जल्दी कंसीव करने के लिए कई बातें मायने रखती हैं। जैसे फर्टाइल विंडो के बारे में पता होना, ओव्युलेशन हेल्दी होना, शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स का सही होना और फर्टिलिटी का सही होना आदि। ये सारी चीजें कंसीव करने के चांसेज पर काफी असर डालती हैं।

महिलाओं की फर्टिलिटी पर उनकी लाइफस्टाइल, डाइट और तनाव समेत कई चीजों का असर होता है। इसलिए जब भी कोई कपल कंसीव करने की प्लानिंग करे, तो उसको अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आपको भी मां बनने में मुश्किल आ रही है और कंसीव करने की कोशिश बार-बार नाकाम हो रही है। तो आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव जरूर करने चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि जल्दी कंसीव करने और हेल्दी प्रेग्नेंसी के लिए महिलाओं को अपनी लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए।

***लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव***

सुबह उठने के बाद कम से कम एक घंटा फोन का इस्तेमाल न करें। सुबह उठने के बाद शरीर को रिलैक्स करने वाले प्राणायाम करें।

सुबह के समय चाय या कॉफी आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसमे कैफीन होता है। आप चाय-कॉफी की जगह हेल्दी फैट्स या हेल्दी जूस आदि का सेवन कर सकते हैं।

इसके साथ ही आपको अपने ब्रेकफास्ट में हेल्दी चीजों को शामिल करना चाहिए। ब्रेकफास्ट को स्किप न करें। क्योंकि प्रोटीन रिच ब्रेकफास्ट हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने और इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारने में मदद करता है।


आप भीगे हुए नट्स और आंवला या फिर अन्य चीजों का जूस ले सकती हैं। इससे इम्यूनिटी मजबूत होता है और फर्टिलिटी में सुधार होता है।

रोजाना एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। साथ ही सोने-जगने का समय जरूर निश्चित करें।

अगर आपकी लाइफ में किसी बात को लेकर तनाव चल रहा है, तो अपने स्ट्रेस को मैनेज करने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ा होना आपको कंसीव करने में मुश्किलें पैदा कर सकता है।

आपको रोजाना कम से कम 8 घंटे की नींद लेना चाहिए। अच्छी और गहरी नींद लेने से सेहत दुरुस्त होती है और आपका शरीर हेल्दी रहता है। वहीं आपको अधिक शुगर वाली ड्रिंक्स या स्नैक्स आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है और आपको कंसीव करने में दिक्कत आ सकती है। ऐसे में जल्दी कंसीव करने के लिए आपको डाइट में फ्रूट्स और हेल्दी नट्स को शामिल करना चाहिए। अगर आप कंसीव करने की प्लानिंग कर रही हैं, तो इस दौरान आपको अंदर से खुश रहना बहुत जरूरी है। इसलिए वह करें, जो आपको अंदर से खुशी दें।

# एंग्जायटी की स्थिति में यह Exercise होती है प्रभावी, इन तरीकों से पाएंगे काबू



एंग्जायटी एक मानसिक विकार है, जो ज्यादा सोचने से पैदा होती है। एंग्जायटी की वजह से चिंता और घबराहट अचानक से महसूस होने लगती है। इसमें व्यक्ति एकदम से परेशान हो जाता है। इससे प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों प्रभावित होती है। अगर आपको भी इसकी शिकायत है और अचानक से कभी भी इसका सामना करना पड़ता है। तो आपको इस समस्या से राहत पाने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एंग्जायटी को फौरन काबू में करने के कुछ उपाय बताने जा रहे हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप कभी एंग्जायटी की वजह से घबराहट या चिंतित महसूस करें, तो आप अपने शरीर को मूव करना शुरूकर दें। आप चाहें तो एरोबिक एक्सरसाइज करना शुरूकर दें। बता दें कि एरोबिक एक्सरसाइज एक ऐसी शारीरिक एक्टिविटी है, जिसमें शरीर की बड़ी मांसपेशियां इस्तेमाल होती हैं। इस एक्सरसाइज को करने से श्वसन प्रणाली भी सक्रिय हो जाता है। एरोबिक एक्सरसाइज में तेज चलना, दौड़ना, डांस करना और साइकिल चलाना व तैरना आदि शामिल है। इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है।

जब आप एरोबिक एक्सरसाइज करते हैं, तो आपका शरीर एंडोर्फिन नामक रसायन का उत्पादन करता है। एंडोर्फिन नेचुरल दर्द निवारक होते हैं और यह शरीर से दर्द को कम करते हैं। इससे आपका मूड बेहतर होता है। यही वजह है कि चिंता और तनाव को कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज को बेहतरीन तरीका माना जाता है।

***अपनाएं ये हैक्स***

एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप कुछ नहीं तो तेज चलना शुरूकर दें। कम से कम 30 मिनट ब्रिस्ट वॉक जरूर करें। क्योंकि जब आप तेज चलते हैं, तो आपको अपने कदमों और सांसों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है। इससे आपके विचार शांत होते हैं और चिंता में कमी आती है।

# दही खाने से सेहत को मिलते हैं ढेरों फायदे, जानिए इसको खाने के आयुर्वेदिक रूल्स



अगर आप सेहतमंद बने रहना चाहते हैं, तो जरूरी है कि आपका खानपान सही हो। आयुर्वेद में हेल्दी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। साथ ही खाना सही वक्त पर और सही मात्रा में खाना चाहिए। आयुर्वेद में बताया गया है कि अगर आप हेल्दी चीज को गलत समय पर और अधिक मात्रा में खाते हैं, तो इससे आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है। क्योंकि शरीर की प्रकृति और मौसम के हिसाब से खानपान में बदलाव की सलाह दी जाती है। दही गुणों से भरपूर होता है और इसमें प्रोबायोटिक्स पाया जाता है, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन दही का पूरा फायदा पाने के लिए आपको आयुर्वेदिक रूल्स के हिसाब से इसका सेवन करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही खाने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

दही खाते समय फॉलो करें ये रूल्स

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक दही को यदि सही मात्रा में खाया जाए और सही समय पर खाया जाए। तो यह आपके स्वास्थ्य को फायदा पहुंचा सकता है।

दही को दिन में लंच के साथ खाएं और वहीं रात के समय दही का सेवन अवॉइड करना चाहिए।

बता दें कि दही में शहद, आंवला, घी, मिश्री और हरे चने का सूप मिलाकर इसका सेवन करने से इसके गुणों को बढ़ाया जा सकता है।

दही कफ और पित्त को बढ़ा सकता है। अगर आप दही में काली मिर्च, काला नमक और जीरा पाउडर मिलाकर खाती हैं। तो कफ और पित्त बढ़ाने वाले गुण कम हो सकते हैं।

अगर आप दही में आंवला मिलाकर खाते हैं, तो इससे इम्यूटिनी बूस्ट होती है। साथ ही इससे डाइजेशन भी दुरुस्त होता है।

# एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने दिन की शुरुआत जीरा पानी के सेवन से करती हैं, जानें इसके हेल्थ से जुड़े अद्भुत फायदे





बॉलीवुड की फिटनेस फ्रीक एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी हेल्थ और फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री नियमित रुप से पिलेट्स क्लास में भाग लेती है। इतना ही नहीं, अनन्या संतुलित आहार का सेवन भी करती है, वह अपने दिन की शुरुआत एक स्वस्थ तरीके से करती हैं। अनन्या दिन की शुरुआत रोजाना एक आयुर्वेदिक ड्रिंक से करती हैं, जो शरीर के चयापचय को बढ़ावा देता है और शरीर को हाइड्रेट भी रखता है। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपनी लाइफस्टाइल के बारे में बताया। अनन्या ने कहा कि वह अपने दिन की शुरुआथ कैफीन से नहीं बल्कि हेल्दी ड्रिंक से करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने दिन की शुरुआत जीरा पानी से करती हूं। आयुर्वेदिक ड्रिंक न केवल बनाने में आसान है बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। यह पोटैशियम, मैंगनीज, आयरन और फाइबर से भरपूर है।

***जीरा पानी पीने के फायदे***

***पाचन में सुधार***

जीरा पाचन एंजाइमों के उत्पादन को उत्तेजित करने के लिए जाना जाता है, जो समग्र पाचन में सुधार, सूजन को कम करने और अपच या कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है।

***मेटाबॉलिज्म को बढ़वा देता है***

जीरे का पानी चयापचय को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जिससे बेहतर कैलोरी बर्न करने और वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है।

***टॉक्सिन को बाहर निकालता***

शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना जीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, यकृत के कार्य को समर्थन देते हैं और समग्र विषहरण को बढ़ावा देते हैं।

***रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है***

जीरे में जीवाणुरोधी और सूजनरोधी गुण होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

***ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है***

जीरे का पानी पीने से रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने में मदद मिल सकती है, जिससे यह मधुमेह वाले लोगों या पूरे दिन स्थिर ऊर्जा स्तर बनाए रखने के इच्छुक लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

***त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार***

जीरे के पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम कर सकते हैं और स्पष्ट, स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा दे सकते हैं।

***वजन घटाने में सहायक***

जीरे का पानी पाचन को बढ़ावा देकर, चयापचय में सुधार करके और भूख को कम करके वजन घटाने में सहायता कर सकता है, जिससे आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करने में मदद मिलती है।


***जीरे का पानी कैसे बनाएं?***

-एक लीटर पानी में 1-2 चम्मच जीरा डालें।

-इसे रात भर भीगने दें।

- पानी को छानकर उसमें से जीरा निकाल दें और सुबह खाली पेट इसे पी लें।

# किडनी को खराब कर सकती हैं ये 3 आदतें, लोग करते हैं गलतियां



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पानी पीना सही ढंग से भी काफी जरुरी है। सही खाना और सही मात्रा में पानी पीने से ओवरऑल हेल्थ बनी रहती है। अगर शरीर में सही ढंग से पानी पी लिया, तो शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी पूरी हो सकती है। पानी पीने से शरीर में जमी गंदगी और टॉक्सिंस को भी बाहर करता है, जिससे कई बीमारियों के पनपने का खतरा कम हो जाता है। अगर आप भी पानी पीते हैं आप भी यह गलतियां कर रहे हैं, तो आपको तुरंत इन्हें सुधारने की जरुरत है।

प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीना काफी जरुरी है। जिससे किडनी भी अच्छी तरह काम करे इसके लिए भी पानी का सही मात्रा बहुत जरुरी है। पानी पीने से शरीर से टॉक्सिंस की मात्रा कम हो जाती है, जो किडनी में जा कर फंस जाते हैं। जिसके चलते किडनी डैमेज होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए आप सर्दी हो या गर्मी सही मात्रा में पानी जरुर पिएं।

***ज्यादा पानी पीना हानिकारक***

कम पानी पीना हानिकारक है वैसे ही अधिक से ज्यादा पानी पीना भी खतरनाक हो सकता है। बता दें कि, नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक रोजाना आठ गिलास पानी पीने के नियम सभी पर लागू नहीं होते है। क्योंकि सभी के शरीर अलग है, हेल्थ कंडीशंस भी अलग है इसलिए रोजाना कितनी मात्रा में पानी पीना है, ये कई फैक्टर जैसे - व्यक्ति की उम्र, मौसम, फिजिकल एक्टिविटी लेवल पर निर्भर करता है व्यक्ति को कितना पानी पीना चाहिए।

***खड़े होकर पानी न पिएं***

कभी भी खड़े होकर पानी नहीं पीना चाहिए। चाहे कितनी भी जल्दबाजी क्यों न हो, इसके साथ ही फटाफट पानी भी नहीं पीना चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक जब हम खड़े हो कर पानी पीते हैं, तो पानी बिना ठीक से फिल्टर हुए, तेजी से शरीर के निचले हिस्से की ओर बढ़ता है। इस समय पानी में मौजूद अशुद्धियां पित्ताशय की थैली में जमा होने लगता है। जिसके कारण यूटीआई इन्फेक्शन जैसी बीमारियों और किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

# संतरे और नींबू से परे, अपने दैनिक आहार में विटामिन सी से भरपूर इन खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें



विटामिन सी के बारे में सोचते ही संतरे और नींबू तुरंत दिमाग में आते हैं! लेकिन, क्या होगा अगर हम आपको बताएं कि इन चीजों के अलावा भी विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों की एक पूरी दुनिया है? कीवी की तीखी मिठास से लेकर शिमला मिर्च की कुरकुरी अच्छाई तक, विटामिन सी की दुनिया के कई ऐसे गुमनाम नायक हैं, जिनके बारे में जानना अभी बाकी है। इस लेख में, हम आपको विटामिन सी के शीर्ष 7 स्रोतों की खोज करने की यात्रा पर ले जाएंगे जो आपके आहार में पोषण और स्वाद का एक विस्फोट जोड़ देंगे!

***संतरे और नींबू के अलावा विटामिन सी के 7 अन्य स्रोत***

**आंवला:** आंवला विटामिन सी के सबसे समृद्ध स्रोतों में से एक है। इस छोटे से एक फल में 450 मिलीग्राम तक विटामिन सी होता है। इसीलिए रोजाना कम से कम एक आंवला का सेवन जरूर करें।

**कीवी:** कीवी विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है। एक मध्यम आकार की कीवी में लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

**शिमला मिर्च:** शिमला मिर्च, खास तौर पर लाल और पीली किस्मों में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है। इनके एक कप में लगभग 125 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

**ब्रोकली:** ब्रोकली एक क्रूसिफेरस सब्जी है, जो विटामिन सी से भरपूर होती है। ब्रोकली के एक कप में लगभग 100 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो आपकी दैनिक जरूरत को पूरा करेगा।

**स्ट्रॉबेरी:** स्ट्रॉबेरी विटामिन सी का एक मीठा और तीखा स्रोत है। एक कप में लगभग 150 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। इसीलिए सर्दियों के मौसम में स्ट्रॉबेरी का भरपूर सेवन करें और विटामिन सी की कमी पूरी करें।

**पपीता:** पपीता एक ट्रॉपिकल फल है, जो विटामिन सी से भरपूर होता है। एक मध्यम आकार का पपीता लगभग 100 मिलीग्राम विटामिन सी प्रदान करता है। आप हर मौसम में इस फल का सेवन कर विटामिन सी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**फूलगोभी:** फूलगोभी एक और क्रूसिफेरस सब्जी है जो विटामिन सी से भरपूर है, एक कप में लगभग 75 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। ये खाद्य पदार्थ न केवल विटामिन सी से भरपूर होते हैं बल्कि अन्य आवश्यक पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करते हैं।

# उद्यमियों/व्यापारिक पार्सल बुकिंग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए विशेष प्रयास करेगा इंडिया पोस्ट: कर्नल

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** कर्नल विनोद पोस्टमास्टर जनरल वाराणसी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि डाक सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वैलियंट वाराणसियन बाइक रैली के साथ महाअभियान जौनपुर शुरू हुआ।

वैलियंट वाराणसियन डाक विभाग की योजनाओं की जागरूकता एवं संवर्धन के लिए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र के डाककर्मियों द्वारा निकाली जा रही है।

जौनपुर जिले में डाक सेवा महाअभियान के पहले दिन ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कर्नल विनोद कुमार, पीएमजी ने की एवं संगोष्ठी में डॉ बृजेश कुमार यादव चेयरमैन सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण, विकास सिंह चेयरमैन व्यापार संघ जौनपुर सहित जौनपुर जिले के व्यापारियों एवं संभावित ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री आर. के. चौहान अधीक्षक डाकघर जौनपुर मंडल, अनिकेत रंजन निरीक्षक, ऋषिराज चौहान द्वारा डाक विभाग के सेवाओं जिनमें बल्क ग्राहक के लिए आकर्षक छूट, डाक घर निर्यात केंद्र, मीडिया पोस्ट, ईपोस्ट, डायरेक्ट पोस्ट, जन सुरक्षा योजनाएं, बचत बैंक योजनाएं, डाक जीवन बीमा एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा व्यापारियों की सुगमता हेतु विभिन्न बिंदुओं पर पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। वर्तमान में जौनपुर के अधिकतर एसबीआई शाखाएं बीएनपीएल में पंजीकरण करा चुकी हैं। ग्राहको को उनके व्यवसाय के प्रचार प्रसार के लिए डाक विभाग की मीडिया पोस्ट तथा डायरेक्ट पोस्ट की सुविधा के बारे में बताया गया। साथ ही डाक विभाग ने सभी ऊपस्थित व्यापारियों को उनके द्वारा भेजे जाने वाले सभी आर्टिकल्स को उनकी बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक ट्रैक करने के साथ-साथ नियत समय मुझे गंत्व्य तक पहुचाने का आश्वासन दिया गया। डाक विभाग



की अनूठी योजना मात्र 20 रुपए वार्षिक निवेश पर 2 लाख रुपये का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की सुविधा तथा रुपए 436/- वार्षिक निवेश की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी एम जी कर्नल विनोद कुमार ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा सभी उपस्थित व्यापारियों से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। साथ ही 1.6 लाख डाकघरों के इस विशाल डाक विभाग की ई पोस्ट सेवा, डोरस्टेप सर्विसेज के साथ हर योजना को जन जन तक पहूंचाने का आश्वासन दिया गया। अध्यक्ष व्यापार मंडल विवेक कुमार सिंह तथा ब्रिजेश कुमार यादव की सहातरिया डाकघर को अपग्रेड करने की आवश्यकता बताई गई जिसे कर्नल विनोद कुमार, पीएमजी वाराणसी द्वारा त्वरित कार्यवाही कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया इस अवसर पर पल्लवी मिश्र, सहायक अधीक्षक(सतर्कता) क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी, उमंग, आनंद, राहुल सहित अन्य डाककर्मी उपस्थित रहे। वैलियंट वाराणसियन की टीम ने अपने अभियान में अब तक लगभग पंद्रह हज़ार से अधिक बचत खाता एवं सुकन्या समृद्धि के खाते, 21 लाख से अधिक बीमा का नया प्रीमियम एवं 11 संपूर्ण सुकन्या ग्राम, 07 महिला सम्मान बचत ग्राम, 12 संपूर्ण बीमा ग्राम बनाये जा चुके हैं। उसके पश्चात आम नागरिक में डाक जागरूकता हेतु बाइक रैली निकाली गयी। रैली प्रधान डाकघर जौनपुर से निकलकर शाही किला, अटाला मस्जिद, सद्भावना पुल के रास्ते कचहरी, पुलिस लाइन से होते हुए अम्बेडकर चौराहा, जेसीज चौराहा से होकर वापस प्रधान डाकघर जौनपुर पहुंची। रैली के दौरान डाक विभाग की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ डाक सेवा जन सेवा का संदेश भी दिया गया। तत्पश्चात् अधीक्षक डाकघर जौनपुर के कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया एवं मीडिया बंधुओं को इस महा अभियान की जानकारी दी गई।

# भाजपा ने संविधान को स्वाभिमान से जोड़ा: गोविंद

- संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान गौरव गोष्ठी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा द्वारा संविधान गौरव गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत व उत्तर प्रदेश सर्वांगीण विकास की तरफ अग्रसर है। कांग्रेस आने वाले 25 सालों तक देश की सत्ता से बाहर रहेगी जैसे कृत्य हैं इस पार्टी के। कांग्रेस ने अपने ही नेताओं का सम्मान नहीं किया। बाबा साहब को कांग्रेस ने भारत रत्न क्यों नहीं दिया? भाजपा ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया। संविधान सभा में जब बाबा साहब को चुना गया तो कांग्रेस ने घोर विरोध किया था। 1952 के चुनाव में बाबा साहब को हराने के लिए कांग्रेस ने पूरा जोर लगा दिया यह कांग्रेस की कुत्सित मानसिकता को दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है। बाबा साहब ने दुनिया का सबसे अच्छा संविधान हमें दिया। पूरा देश और आने वाली पीढ़ियां बाबा साहब के प्रति कृतज्ञ रहेंगी। अवसर की समानता भेदभाव का उन्मूलन संविधान का मूल है। महाकुंभ इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। संविधान और लोकतंत्र की बातें कांग्रेस के मुंह शोभा नहीं देती। कुर्सी पर बने रहने के लिए कांग्रेस ने संविधान को ताक पर रखा। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए तैयार है। प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों में संविधान गौरव अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि समता युक्त ममता युक्त समाज के लिए बाबा साहब का पूरा जीवन संघर्षमय रहा। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि देश में सामाजिक समरसता हो। बाबा साहब ने उसके लिए अपना जीवन लगा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र व संचालन श्याम हेला ने किया। कार्यक्रम संयोजक अनुज कुशवाहा रहे। इस अवसर पर एम एल सी सुरेंद्र चौधरी, रमेश पासी, देवेश सिंह, आनंद सोनकर, राजेश केसरवानी, राजेश गोंड, संजय गुप्ता, नटवर लाल भारती, अजय हेला, रणजीत सिंह, राकेश भारती, राजेश सोनकर, सावन जोगी, कुंज बिहारी मिश्रा, मनोज कुशवाहा, अजय आनंद, अपूर्वा चंद्रा, रोमा भारती, रवि केशरवानी,मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राजेश केशरवानी , नवाब खान, मो. शरीफ, अनिल केशरवानी, प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, शैलेश पांडेय, राजू पाठक सुमित वैश्य, अवनीश तिवारी, विजय श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में पार्टी व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाला होता है सफल: कुलसचिव



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत मिशन वीरांगना विषयक दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. महिला अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट और ताइक्कांडो सिखाया गया.

उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इतना सशक्त बनिए कि जीवन में आने वाली हर परिस्थिति से निपट सके. जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करता है वही सफल होता है. आज की लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है इसका सबसे बड़ा कारण उनकी मेहनत और मजबूती है.विशिष्ट अतिथि वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि जीवन में सफलता तभी मिलती है जब हौसला बना रहता है. संविधान ने हम सभी को समान अधिकार दिए है. समाज में लिंग समानता बनी रहे इसके लिए मजबूत होना होगा.अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि पठन- पाठन के साथ इस तरह की कार्यशालाएं मनोबल को बढ़ाती है. उन्होंने कहा कि मानसिक मजबूती के साथ ही शारीरिक मजबूती बहुत जरूरी है. इसके लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और अपने खानपान का ध्यान रखें.

कार्यशाला के प्रशिक्षक राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाडी प्रवीण मिश्रा ने आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट और ताइक्कांडो की तकनीकी से छात्राओं को परिचित कराया. उन्होंने कहा कि बेटियां शिक्षा के साथ -साथ सेल्फ डिफेन्स को जाने.महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की और अतिथियों का स्वागत किया. संचालन डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. वनीता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. जया शुक्ला, डॉ. निमिषा यादव, समरीन तबस्सुम समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कुश्ती संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 जनवरी, 2025 तक गोरखपुर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के सीनियर पुरूष कुश्ती खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 20 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सीनियर पुरूष कुश्ती खिलाड़ी ही 21 जनवरी 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सिगरा, वाराणसी में प्रातः 9.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगे। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता जो गोरखपुर में आयोजित हो रही है, में प्रतिभाग करेगी। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं। कुश्ती खिलाड़ियों का वजन फ्री स्टाईल भार वर्ग में- 57,61,65, 70,74,79,86,92,97,125 किग्रा0 तथा ग्रीको रोमन भार वर्ग में-55,60,63, 67,72, 77, 82, 87,97,130 किग्रा0 होना चाहिए।

# पांच माह की मासूम का शरीर के मीला अवशेष बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांतपुर गांव में शुक्रवार की भोर में पांच माह की मासूम का आधा शरीर बरामद हुआ। जो गुरुवार की रात से ही बिस्तर से गायब हो गई थी। परिजन उसकी तलाश में जुट हुए थे। भोर में उसका शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र निवासी मटरू अपनी ससुराल देवगांव कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांतपुर में रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। गुरुवार की रात मटरू की पत्नी अपने पांच माह की बेटी मधु को लेकर साथ में सोई। भोर में लगभग तीन बजे उसकी आंख खुली तो मधु बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद पति और पत्नी ने बेटी की तलाश शुरू की। लगभग एक घंटे की तलाश के बाद घर से 500 मीटर दूर सिवान में मासूम का आधा खाया हुआ शरीर मिला। मासूम का शव मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, लोगों की मानें तो मासूम को सोते समय गीदड़ उठा ले गया होगा। उसी ने आसूम को अपना निवाला बना लिया होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारी विभाग की रीढ़ होता है : सी पी सिंह



**प्रयागराज।** पीडब्लूड़ी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ जनपद प्रयागराज के 14 सूत्रीय मांग पत्र पर निर्माण खंड 6 के अधिशाषी अभियंता सी पी सिंह ने ग्रेवांस की बैठक सौहार्द पूर्ण रूप से संघ के बरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र के नेतृत्व मे पीडब्लूड़ी कार्यालय पर लिया। जिसमे जनपद अध्यक्ष फूलचंद यादव ने कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित 14 सूत्रीय मांगपत्र अधिशाषी अभियंता को सौंप कर निस्तारण करने का अनुरोध किया। जिस पर अधिशाषी अभियंता सी पी सिंह ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वास्त किया कि कर्मचारी विभाग का रीढ़ होता है। उसकी जो भी मांग हमारे स्तर की होगी वह पूरी की जायेगी और जो मांग मुख्यालय या शासन स्तर का होगा उसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया जायेगा।ग्रेवांस की बैठक मे संघ के अध्यक्ष फूलचंद यादव, उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, संयुक्त मंत्री विजय भारत, जय प्रकाश जनपद संगठन मंत्री ने भाग लिया।

### मुक्त विश्वविद्यालय के जागरूकता शिविर में महाकुंभ पर संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के महाकुंभ मेला क्षेत्र में अनंत माधव मार्ग सेक्टर 7 महाकुंभनगर स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर में 18 जनवरी को दोपहर 12:15 बजे महाकुंभ में दूरस्थ शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। शिविर के माध्यम से महाकुंभ क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों को किया गया सम्मानित

**आजमगढ़।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव 2024-25 के अंतर्गत तहसील स्तरीय प्रतियोगिता के कृम मे तहसील सदर के कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन हरिऔध कला केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार धनवंता प्रशांत राज हुड्डा सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र, आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना सरायमीर, थाना फूलपुर, थाना अहरौला, (पुलिस चौकी माहुल) व थाना कप्तानगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थानो में थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ थानो पर मौजूद पुलिस कर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले प्रार्थना पत्रों/शिकायतो का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने एवं वाहनों की नीलामी, मालों का निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप लगाई न्याय की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने गांव में आए दिन बवाल मचाने वाली महिला के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे महराजगंज थाना क्षेत्र नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम के ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद मऊ थाना घोषी अंतर्गत कटिहारी की रहने वाली एक महिला आए दिन रात के समय गांव में घुसकर प्रियंका मौर्य के घर पहुंचकर बवाल मचाती है। बीती रात उक्त महिला द्वारा गांव में घुसकर खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की धमकीं देकर बवाल मचाया गया था। महिला के आतंक से पूरा गांव त्रस्त है ग्रामीणों द्वारा कई बार थाने पर शिकायत की गई लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। पत्रकारों से बातचीत में पीड़िता प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि उक्त महिला सानिया बनो के उसके देवर अशोक मौर्य से न्यायालय में मुकदमा है जिसमें उसके जबसे न्यायालय से जमानत से छुटकर घर आए है तभी से उसके देवर को ढूंढते हुए उक्त महिला द्वारा पीड़िता के घर पहुंचकर अपशब्दों के साथ बवाल मचाया जाता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उक्त महिला द्वारा उसके घर में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़कर आत्मदाह कि चेतावनी दी गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि थाने पर भी की सुनवाई नहीं हो रही है बल्कि उल्टा धमकाया जा रहा है। पीड़िता का परिवार पीड़िता के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। इस दौरान संगीता देवी, रीता देवी, नम्रता देवी, गंगा देवी, रामायिनी देवी, अक्काली देवी, रीमा मौर्या, मटूरी देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने की मण्डल के जनपदों हुए विकास कार्यों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

- पांच अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब
- विभाग के अधिकारी अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें: मण्डलायुक्त

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने मण्डल के जनपदों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए समस्त मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने विभागों के सम्बन्धित विकास कार्यों की प्रगति को पोर्टल पर समय से फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन कार्यक्रमों में जनपदों की रैंकिंग कम है उससे सम्बन्धित अधिकारी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें तथा सही फीडिंग समय से करायें। मण्डलायुक्त ने शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित विकास कार्यों में मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया कि सभी अधिकारी समय से कार्यालय आयें तथा अधीनस्थों की उपस्थिति भी समय से सुनिश्चित करायें। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपदीय अधिकारी मुख्यालय से बाहर जाने पहले जिलाधिकारी से अनुमति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आईसीडीएस आदि विभागों के अधिकारियों को निरन्तर भ्रमणशील रहकर विभागीय कार्यों का निरीक्षण करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि विभाग की बहुत सी समस्यायें ऐसी हैं जो निरीक्षण के दौरान हल हो सकती हैं, इसलिए निरीक्षण के प्रति शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मण्डलायुक्त विवेक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि सीएचसी, पीएचसी आदि का नियमित निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कराया जाय। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को चेक कर उपलब्ध सेवाओं का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार छोटे बच्चों मिलने वाले पोषक तत्वों की जॉच आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर करने हेतु आईसीडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया। मण्डलायुक्त विवेक ने बैठक में मुख्य रूप से उन विभागों को चिन्हित किया जिनकी



प्रगति व ग्रेडिंग मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विवरण के आधार पर सन्तोषजनक नहीं पाई गयी। इन विभागों के जनपदीय अधिकारी को भी बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। समीक्षा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में आजमगढ़ का रैंक 19 ग्रेड सी, बलिया का रैंक 64 ग्रेड डी एवं मऊ का रैंक 57 ग्रेड डी, अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में आजमगढ़ का रैंक 17 ग्रेड सी, बलिया का रैंक 52 ग्रेड डी, एवं मऊ का रैंक 50 ग्रेड डी तथा मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना में आजमगढ़ का रैंक 44 ग्रेड डी, बलिया का रैंक 66 ग्रेड ई एवं मऊ का रैंक 24 ग्रेड बी मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया तथा इस सम्बन्ध में उप निदेशक, समाज कल्याण को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा इन तीनों योजनाओं में जनपद बलिया की प्रगति खराब मिलने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी बलिया से भी स्पष्टीकरण तलब किया। जनपद मऊ में लोक निर्माण विभाग के स्तर पर तीन कार्यों सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण एवं सड़कों के अनुरक्षण में विगत माह में ग्रेडिंग ए प्लस थी, परन्तु अब घटकर क्रमशः सी बी एवं सी हो गई है। यूनिसेफ की रिपोर्ट में आजमगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण सत्र स्थल पर लाजिस्टिक उपलब्धता कम मिलने पर इस सम्बन्ध में सीएमओ आजमगढ़ से तथा बैठक से अनुपस्थित रहने के कारण उप निदेशक, पर्यटन को भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि भविष्य में कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं आती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को संस्तुति प्रेषित कर दी जायेगी। उन्होंने विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा में मण्डल के तीनों जनपदों की ग्रेडिंग ई मिलने पर असन्तोष व्यक्त किया तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं विद्यालयों का निरीक्षण करे एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी आजमगढ़ नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार मिश्र, जिलाधिकारी बलिया अरुण कुमार लक्षकार, सीडीओ मऊ प्रशान्त नागर, सीडीओ बलिया ओजस्वी राज, अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन, संयुक्त विकास आयुक्त धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं संख्या अधिकारी डा. नीरज श्रीवास्तव व हेमन्त कुमार, उप निदेशक, मत्स्य डा. आरके गौड़, उप निदेशक, समाज कल्याण आरके चौरसिया, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण मीनू सिंह सहित अन्य विभागों के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी उपस्थित थे।


## उत्तर रेलवे

### नीलामी की जाने वाले वाहनों की सूचना

वाराणसी जंक्शन पर स्थित पार्सल कार्यालय के LPO में 27 दावा रहित दो पहिया वाहन रखे हुए हैं, जिनकी नियमानुसार नीलामी की जानी है। इन वाहनों के नंबर, कंपनी, इंजिन/चेसिस नंबर इतयदी विवरण निम्नलिखित है :–

नीलामी हेतु एल.पी.ओ. पार्सल कार्यालय वाराणसी में दावा रहित 27 स्कूटर/मोटर साइकिल/मोपेड/स्कूटी आदि दो पहिया वाहनों का विवरण

| SN | Vehicle Number | Make/Company | Type of Vehicle | Engine No. | Chassis No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GJ6 H 4459 | BAJAJ | MOTOR CYCLE | F310K02252 | E-310 K02252 |
| 2 | UP84 A 1417 | RAJDOOT | MOTOR CYCLE | 1055966 | 536064 |
| 3 | UP54-5816 | RAJDOOT | MOTOR CYCLE | 12576771-94 | 1257677 |
| 4 | DL45 A 9642 | ENF/ELD | BULET | 3417622 | 0B417622H |
| 5 | MFL 9247 | LUNA | MOPED | 9C3 | NOT CLEAR |
| 6 | UHZ873 | TVS | MOPED LUNA | 2540121-55 | 243460 |
| 7 | UP80 C 1989 | BAJAJ | SCOOTER | NOT CLEAR | E0600166524 |
| 8 | CNE 2767 | BAJAJ | SCOOTER | OGE580908 | OGE617101 |
| 9 | H8027 | BAJAJ | SCOOTER | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 10 | PB-08 AAL2955 | AWANTI | MOPED | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 11 | MVG 5573 | AWANTI | MOPED | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 12 | UP62 B 1476 | HERO HONDA | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 13 | OR/10 9845 | VESPA SELECT | SCOOTER | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 14 | DL 95 6132 | HERO PUCH | MOPED | D-5 8022 | ED193281 |
| 15 | MP-04 149928 | HERO PUCH | MOPED | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 16 | UP 70 C-753 | BAJAJ | SCOOTER | NOT CLEAR | EUSCE050231 |
| 17 | BR-28 A 8829 | YAMHA | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | 02H505005242 |
| 18 | UP 78 AC 8214 | BAJAJ | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | DDFBGL58947 |
| 19 | MH-1 W-7526 | SUJKI | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 20 | AP-10 B-7721 | BAJAJ BOXER | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | 0300H044669 |
| 21 | NOT FOUND | KINETIC LUNA | MOPED | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 22 | UP-60 8280 | HERO HONDA | MOTOR CYCLE | 198316 | 05F27F20419 |
| 23 | PB-10 AB-8478 | HERO HONDA | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | 97L19F08729 |
| 24 | UP-78 E 3301 | BAJAJ | SCOOTER | NOT CLEAR | NOT CLEAR |
| 25 | HR-26 AB 7869 | BAJAJ | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | DUFBMZ70852 |
| 26 | MH-20 BP 6881 | HERO HONDA | MOTOR CYCLE | NOT CLEAR | MBLHA106499906556 |
| 27 | MH-04 KC 5492 | ACTIVA | SCOOTY | NOT CLEAR | KWPGHMSI3538 |

इन वाहनों से संबंधित व्यक्ति इन्हें प्राप्त करने हेतु कृपया इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिन के अन्दर वाहन से संबंधित समस्त मूल पत्रों जैसे पंजीकरण प्रमाण–पत्र, बिल आदि के साथ मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक, वाराणसी जंक्शन (मोबाइल नंबर :– 9794833990) के कार्यालय में सम्पर्क करें। यदि इन वाहनों के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि के अन्दर कोई वैधानिक दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इन वाहनों की नियमानुसार सार्वजनिक नीलामी कर दी जायेगी। 184/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5 स्टार रेटिंग मिली




**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी, काइलैक ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) में प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली पहली स्कोडा गाड़ी बन गई है, जिसने कुशाक और स्लाविया द्वारा स्थापित सेफ्टी एक्सीलेंस की ब्रांड की विरासत को जारी रखा है। स्कोडा ऑटो इंडिया की दोनों 2.0 कारों ने वयस्क और बच्चोंई की सुरक्षा दोनों के लिए अपनी कैटेगरी में ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टटर पेट्र जेनेबा ने कहा सुरक्षा स्कोडा के डीएनए में निहित है और 2008 से प्रत्येक स्कोडा कार का वैश्विक स्तर पर और भारत में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ क्रैश-टेस्ट किया गया है। स्कोडा ऑटो, 5-स्टार सुरक्षा-रेटेड कारों के बेड़े के साथ भारत में कार सेफ्टी अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड हैं। अब हमारी बिल्कुल नई सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक ने भारत एनसीएपी परीक्षण में अपने सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। काइलैक व्यापक सुरक्षा प्रणालियों के साथ आती है जिसमें मानक के रूप में छह एयरबैग सहित एक्टिव और पैसिव सेफ्टी फीचर्स की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह रेटिंग भारतीय सड़कों पर यूरोपीय टेक्नोसलॉजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। इसमें एक मूल आधार शामिल है जिस पर कार का निर्माण किया जाना चाहिए और वह है सेफ्टी।

स्कोडा काइलैक, पैसेंजर सेफ्टी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसमें सभी वैरिएंट में मानक के रूप में 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव सुरक्षा तकनीकें शामिल हैं। मज़बूत एमक्यूबी-ए0-आईएन प्लैटफ़ॉर्म पर निर्मित, काइलैक में भारतीय सड़कों और ड्राइविंग स्थितियों के अनुरूप एडवांस इंजीनियरिंग और खास फीचर्स शामिल हैं।

बेस वैरिएंट से मानक के रूप में शामिल छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, रोल ओवर प्रोटेक्शन, हिल होल्ड कंट्रोल, मल्टी-कोलिजन ब्रेकिंग और एक्सडीएस. के साथ काइलैक सेफ्टी के मामले में एक बेंचमार्क स्थापित करता है। हॉट-स्टैम्प्ड स्टील कंस्ट्रक्शन और दोबारा डिजाइन किया गया क्रैश मैनेजमेंट सिस्टम केबिन सुरक्षा और क्रैश मजबूती को और बेहतर बनाता है। इन सबकी बदौलत कंपनी का सुरक्षा को सबसे अधिक महत्व् देने का नजरिया मज़बूत हुआ है।

# कोटक महिंद्रा बैंक उत्तर प्रदेश के एसएमई सेक्टर में बड़े पैमाने पर करेगा विस्तार



**नई दिल्ली।** बैंक ने पिछले 2 सालों में उत्तर प्रदेश में अपने बिजनेस का विस्तार और सेगमेंट में अपने ग्राहकों की संख्या एवं लोन बुक को दोगुना किया है

उत्तर प्रदेश में स्थित छोटे और मंझले उद्योग (एसएमई) अब कोटक महिंद्रा बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण विकास बाजार बन गए हैं। यह राज्य अपनी जीवंत अर्थव्यवस्था और कई व्यवसायों और उद्योगों – जैसे विद्युत मशीनरी और संचार उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण, कागज और लकड़ी, वस्त्र,लॉजिस्टिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और सहायक परिवहन गतिविधियों – के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। अब यह कोटक महिंद्रा बैंक के रणनीतिक विस्तार प्रयासों का मुख्य केंद्र बन गया है। कोटक महिंद्रा बैंक स्थानीय प्रतिभा के विकास पर जोर दे रहा है। इसनेएसएमई क्षेत्र में अपने ग्राहकों की संख्या और लोन बुक को दो वर्षों से भी कम समय में दोगुना कर लिया है। शेखर भंडारी, प्रेसिडेंट-स्मॉल एंड मीडियम एन्टरप्राइजेज़, कोटक महिन्द्रा बैंक ने कहा, ग्राहकों को प्राथमिकता देना हमारे एसएमई व्यापार का केंद्र है। बैंक ने ऋण तक आसान पहुंच प्रदान करने के अलावा, एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है जिसका उद्देश्य टर्नअराउंड टाइम को घटाना और ग्राहक संबंधों को मजबूत करना है। पिछले कुछ महीनों में, उन्नत एआई और एमएल उपकरणों का उपयोग करके तेजी से निर्णय लेने में मदद करते हुए, बैंक ने अपना टर्नअराउंड टाइम लगभग 50त्न कम कर दिया है। भंडारी ने आगे कहा, एसएमई बैंक की विकास रणनीति के लिये एक मजबूत फोकस क्षेत्र है। हमें पूरा भरोसा है कि आने वाले सालों में उत्तर प्रदेश पर खास फोकस के साथ हम देश भर में इस सेगमेंट में सतत् विकास प्राप्त करेंगे। एसएमई भारत को भारतको10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, और बैंक उनके विकास में समर्थन देने और उनके साथ बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक अपनी विकास योजनाओं को समर्थन देने के लिए इस स्थान में निवेश कर रहा है।

## यामाहा ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अपने आइकोनिक मॉडल्स शोकेस किए



**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी 40 साल की उत्कृष्टता को सेलिब्रेट कर रहा है। यह एक्सपो 17 से 22 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। यामाहा अपने पैवेलियन में प्रीमियम दोपहिया वाहन सेगमेंट में किए गए अग्रणी योगदान और भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है। ब्रांड का पवेलियन भारत के प्रीमियम दोपहिया सेगमेंट में यामाहा के अग्रणी योगदान और गतिशीलता परिदृश्य को आकार देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पैवेलियन का थीम ÷एस्पिरेशंस अनवेल्ड÷ यामाहा की सीमाओं से आगे बढ़ने और युवा भारतीय राइडर्स को प्रेरित करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी अपनी समृद्ध विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ते हुए ग्राहकों को ऐसा अनुभव देने की तैयारी में है, जो लाइफस्टाइल, परफॉर्मेंस और इनोवेशन का प्रतीक हो। यामाहा इस एक्सपो में अपने डायनैमिक प्रोडक्ट्स और विशेष अनुभवों के माध्यम से ग्राहकों से जुड़ने का अवसर तलाश रहा है।

# काइनेटिक ग्रीन ने नई डीलरशिप का उद्घाटन कर उत्तर प्रदेश में अपने नेटवर्क को मजबूत किया

**मुजफ्फरनगर।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर बनाने वाली, भारत की प्रमुख कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पावर लिमिटेड सॉल्यूशंस एक नई इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा की है। यह डीलरशिप शामली रोड़, कंजहापुर, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में खुली है। यह भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीलरशिप का उद्घाटन मुजफ्फरनगर यूपी के भूतपूर्व सांसद एवं भूतपूर्व राज्यमंत्री भारत सरकार श्री संजीव बालियान ने किया। उनके अलावा, उद्घाटन समारोह में काइनेटिक ग्रीन के श्री निशांत गौरव और हीरो फिनकॉर्प के क्लस्टर हेड श्री गौरव सैन तथा विभिन्न प्रमुखनागरिक एवं ग्राहक उपस्थित थे। इन सभी ने जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण से निपटने में इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उपस्थित लोगों ने संवहनीय भविष्य और ईवी को व्यापक आधार पर अपनाये जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

मुजफ्फरनगर में काइनेटिक ग्रीन की नई डीलरशिप एक 3एस सेल्स-सर्विस-स्पेयर्स सुविधा है। यहाँ बड़े गर्व से काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की एक विविधतापूर्ण श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें ई-लूना, ई-जुलू, ज़िंग और ज़िंग बिग बी शामिल हैं। इन वाहनों को भारतीय उपभोक्ताओं की विशेष आवश्यकताएं पूरी करने के लिये डिजाइन किया गया है। यह मॉडल्स संवहनीयता को आसानी से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ देते हैं। यह अनूठी खूबियों वाले स्मार्ट, तेजतर्रार एवं आकर्षक डिजाइनों की पेशकश करते हैं। डीलरशिप के द्वारा कंपनी के विस्तार पर बात करते हुए, काइनेटिक ग्रीन में 2-व्हीलर बिजनेस के प्रेसिडेंट श्री पंकज शर्मा ने कहा, ''हम मुजफ्फरनगर में अपनी नई डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह उत्तर प्रदेश में हमारे विस्तार के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो पूरे भारत में इलेक्ट्रिक यातायात को सुलभ बनाने तथा मुख्यधारा में लाने के लिये हमारी वर्तमान प्रतिबद्धता दिखाता है। शोरूम में हमारी समर्पित टीम विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ ग्राहकों की सहायता करेगी और सुनिश्चित करेगी कि उन्हें खरीदारी का अबाध अनुभव मिले। उनके लिये सर्विस सपोर्ट भी होगा और खरीदारी के सम्बंध में वे सूचित फैसले करने के लिये सशक्त होंगे।'' इस अवसर पर मुजफ्फरनगर में हिमालयन ऑटोमोबाइल ग्रीन के मालिक श्री धर्मेन्द्र सिंह मलिक ने कहा, ''हम काइनेटिक ग्रीन के साथ भागीदारी करते हुए बहुत रोमांचित हैं। उन्होंने हमें जो सहयोग दिया है और आत्मविश्वास दिखाया है, उसके लिये हम आभारी हैं। हमारा लक्ष्य है ग्राहकों को उच्च-स्तर की सेवाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन देना, ताकि सूचित फैसले करने में उन्हें मदद मिले। इसके साथ ही हम सर्विस के मामले में विश्व-स्तरीय अनुभव सुनिश्चित करेंगे। ईवी के बाजार की तेज बढ़त को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि यह डीलरशिप मुजफ्फरनगर में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।''

## ब्रिटिश काउंसिल ने भारतीय छात्रों के लिए ग्रेट छात्रवृत्ति 2025 की करी घोषणा

**लखनऊ।** सांस्कृतिक संबंधों और शैक्षिक अवसरों के लिए ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ के साथ मिलकर में ग्रेट स्कॉलरशिप 2025 की घोषणा की है। ग्रेट स्कॉलरशिप्स भारत के छात्रों को ब्रिटेन में विभिन्न अध्ययन क्षेत्रों में स्नातकोत्तर अध्ययन करने का अवसर प्रदान करती है। देश भर के छात्रों के लिए विभिन्न विषयों में यूके विश्वविद्यालयों से भारत में 26 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जा रही हैं, जिसमें प्रत्येक छात्रवृत्ति एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए ट्यूशन फीस के लिए न्यूनतम ‗10,000 के बराबर होगी। शैक्षणिक सत्र 2025 में प्रवेश के लिए, छात्रवृत्तियाँ तीन प्राथमिक श्रेणियों में उपलब्ध हैं। मुख्य विषयों के भीतर विविध शैक्षणिक विषयों का अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए 21 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं। दो छात्रवृत्तियाँ न्याय और कानून में स्नातकोत्तर अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए हैं, जो कानूनी और न्याय-उन्मुख क्षेत्रों से संबंधित होते हैं। इसके अतिरिक्त, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अग्रणी छात्रों के लिए विशेष रूप से स्टेम विषयों में तीन छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध हैं। यूके अपनी उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के लिए विख्यात है, जिनमें से कई लगातार अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर आते रहे हैं। यूके में अध्ययन करने से छात्रों को उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और विश्व-प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तक पहुँच मिलती है। यूके में अध्ययन के बाद काम करने के बेहतरीन विकल्प रोज़गार की संभावना बढ़ाते हैं, जिससे छात्रों को बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कैरियर को उड़ान देने के अवसर मिलते हैं।

# खाने की बर्बादी और भूख की समस्या से निपटने के लिए स्विगी ने की'स्विगी सर्व्स' की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने आज अपनी महत्वाकांक्षी पहल 'स्विगी सर्व्स' की शुरुआत का एलान किया। इस पहल का उद्देश्य कंपनी की वैल्यू चेन में खाने की बर्बादी को न्यूनतम करना और भूख की समस्या का निदान करना है। इस कैंपेन के तहत स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) के साथ साझेदारी का एलान किया है। आरएचए वॉलंटियर्स द्वारा संचालित संगठन है। साथ मिलकर स्विगी और आरएचए का उद्देश्य स्विगी के पार्टनर रेस्टोरेंट्स से सरप्लस खाने को लेकर उसे जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित करना है। इस साझेदारी के माध्यम से दोनों संगठनों ने 2030 तक 5 करोड़ भोजन परोसने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस अभियान में खाने को वितरित करने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ लिया जाएगा। स्विगी सर्व्स और आरएचए की साझेदारी के पायलट फेज से उत्साहजनक नतीजे देखने को मिले हैं। अब तक 126 रेस्टोरेंट पार्टनर्स ने स्विगी की इस पहल से जुड़ने की सहमति जताई है। उनके माध्यम से 33 शहरों में 2,000 भोजन परोसा गया। यह प्रोग्राम खाने की बर्बादी को कम करते हुए भूख से जंग में सरप्लस फूड को एक संसाधन के रूप में प्रयोग करने के स्विगी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

बिकगेन बिरयानी, बिरयानी बाय द किलो, दाना चोगा, वर्धास, चारकोल ईट्स - बिरयानी एंड बियॉन्ड, डब्बा गरम, हाउस ऑफ बिरयानी, बी.टेक मोमोज वाला, समोसा सिंह, बबाई टिफिन्स, डोसा अन्ना, अर्बन तंदूरजैसे ब्रांड्स ने स्विगी सर्व्स-आरएचए की पहल का हिस्सा बनने की सहमति जताई है। रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) एक वॉलंटियर बेस्ड जीरो-फंड्स ऑर्गनाइजेशन है, जिससे हजारों युवा प्रोफेशनल्स, सेवानिवृत्त लोग, गृहिणियां और कॉलेज के छात्र वॉलंटियर के रूप में जुड़े हैं। इन वॉलंटियर्स को रॉबिन कहा जाता है। ये वॉलंटियर्स रेस्टोरेंट/शादियों/कार्यक्रमों आदि से अतिरिक्त भोजन एकत्र करते हैं और उसे वंचित वर्ग के लोगों के बीच वितरित करते हैं। दस वर्षों में, आरएचए ने दुनियाभर के 406 शहरों में 15.3करोड़ से अधिक भोजन परोसा है। आरएचए की इस समय 13 देशों में मौजूदगी है। यह 2.60लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड रॉबिन्स का एक परिवार है, जो जीरो-फंड्स एप्रोच पर चलते हुए भूख की समस्या को खत्म करने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है।

इस सेवा की शुरुआत के मौके पर स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, 'स्विगी मेंहमने हमेशा खुद को लॉजिस्टिक्स और कंज्यूमर एक्सपीरियंस के मामले में एक एक्सपर्ट के रूप में देखा है। 'स्विगी सर्व्स% के साथहम एक बड़ी सामाजिक जरूरत को पूरा करने और भोजन की बर्बादी व भूख की समस्या से निपटने के लिए अपनी ताकत व क्षमता का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। हम अपने रेस्टोरेंट पार्टनर्स का सरप्लस फूड जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित करने के लिए आरएचए के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। वर्तमान समय मेंहम 33 शहरों में मौजूद हैं और इस पहल को अधिक शहरों में ले जाने की योजना बना रहे हैं। यह केवल भोजन की बर्बादी को कम करने की पहल नहीं है, बल्कि एक सार्थक प्रभाव पैदा करते हुए यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि भोजन बर्बाद न हो।'

स्विगी के साथ साझेदारी के बारे मेंरॉबिन हुड आर्मी के सह-संस्थापक नील घोष ने कहा,'भूख की समस्या को कम करने के इस साझा मिशन के लिए स्विगी के साथ मिलकर काम करने के लिए रॉबिन हुड आर्मी रोमांचित है। जब स्विगी जैसा कोई इंडस्ट्री लीडर ऐसे किसी आंदोलन में सहयोग करता है, तो इसका प्रभाव बढ़ जाता है। यह अन्य लोगों को भी भूख की समस्या के विरुद्ध लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करेगा। साथ मिलकर हम एक मजबूत और एकजुट मोर्चा बनाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी की थाली खाली न रहे।'

# 'मेड इन इंडिया' पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक की पेश



**लखनऊ।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2025 में पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक लॉन्च की है। इस कार को भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाट बीएमडब्ल्यूडाटइन के जरिए बुक किया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू द्वारा निर्मित पहली इलेक्ट्रिक वाहन बन गई है जो 'मेड इन इंडिया' है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक विशेष रूप से ईड्राईव20एल ड्राइवट्रेन में उपलब्ध है। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और ब्म्व्, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ष्आज, बीएमडब्ल्यू इंडिया ने पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक के साथ भारतीय प्रीमियम ऑटोमोटिव सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह बड़ी है, यह एससूवी है, यह ईवी है और यह बीएमडब्ल्यू है। बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक हर दिन आपके मनचाहे तरीके से छा जाने के लिए तैयार है। एक ही पैकेज में व्यावहारिकता और सस्टेनेबिलिटी मुहैया करने वाली यह शानदार पेशकश आपकी पहली बीएमडब्ल्यू के रूप में स्पष्ट पसंद होगी। पहली बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक जगह, आराम और बहुआयामी होने के मामले में सबसे आगे है और रोजमर्रा की जरूरतों के साथ, यह नए भारत की बढ़ती आकांक्षाओं के लिए एकदम सही जवाब है। बीएमडब्ल्यू की पहली 'मेड इन इंडिया' ईवीए एक्स1 लॉंग व्हीलबेस नवाचार और उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरुआत है।श् बीएमडब्ल्यू इंडिया लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक ईड्राईव 20एल की एक्स-शोरूम कीमत रूपये 49,00,000 है।बीएमडब्ल्यू इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से ग्राहकों को बीएमडब्ल्यू स्मार्ट फाइनेंस के द्वारा बेमिसाल सुविधा और बचत प्राप्त होती है।

## क्लियर प्रीमियम वॉटर ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में 100 प्रतिशत rPet बोतलों के साथ इतिहास रचा



**लखनऊ।** पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए क्लियर प्रीमियम वॉटर ने प्रतिष्ठित 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड-2025 के साथ साझेदारी में अपनी 100 प्रतिशत rPet बोतल रेंज लॉन्च की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले ये खेल देश के शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाएंगे, जो वास्तव में ऐतिहासिक सहयोग के लिए मंच तैयार करेंगे। यह ऐतिहासिक और ऐतिहासिक साझेदारी राष्ट्रीय मंच पर हरित ग्रीन पहल को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से, इतिहास में पहली बार, राष्ट्रीय खेलों में पूरी तरह से सस्टेनेबल पेय समाधान अपनाया गया है। इसके साथ ही, अन्य पर्यावरण-अनुकूल पहलों को भी शामिल किया गया है, जिनमें पुनर्नवीनीकृत ई-कचरे से बने पदक, इलेक्ट्रिक वाहन और सौर ऊर्जा संचालित गर्म पूल शामिल हैं। आधिकारिक हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में क्लियर प्रीमियम वॉटर के साथ इस कार्यक्रम ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए वैश्विक प्रयासों के अनुरूप, पूरी तरह से ग्रीन माइलस्टोन हासिल किया है। एथलीटों से लेकर अधिकारियों और दर्शकों तक, हर कोई पेय, निपटान और परिवर्तन के एक निर्दोष और पर्यावरण-अनुकूल चक्र में भाग लेगा, जो पर्यावरणीय स्थिरता अभियान की भावना को बढ़ावा देगा। ब्रांड के संस्थापक और सीईओ नयन शाह ने कहा, ÷क्लियर प्रीमियम वॉटर में हम मानते हैं कि इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चलती है।

# लेक्सस इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लक्जरी को व्यक्तिगत बनाया

**लखनऊ।** लेक्सस इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी भविष्यवादी और लक्ज़री-परिभाषित उत्पादों की प्रदर्शनी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थायी मोबिलिटी और अनूठे अनुभवों के युग में कदम रखते हुए, लेक्सस ने %लक्ज़री को व्यक्तिगत बनाने% के अपने विज़न के तहत अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।लेक्सस ने इलेक्ट्रिफिकेशन और स्थिरता के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें प्रामाणिकता, परिष्कार, ओमोटेनाशी, आकर्षक अनुभव, और कल्पनाशीलता जैसे मुख्य मूल्यों को मजबूत किया गया है। भारत मंडपम के हॉल 5 में लेक्सस के पवेलियन को तीन अलग-अलग जोनों में विभाजित किया गया था। एलएफ-जेडसी (लेक्सस फ्यूचर ज़ीरो-एमिशन कैटेलिस्ट)ॅ अगली पीढ़ी की बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (ब्म्ध्ट्ठ) कॉन्सेप्ट कार, एलएफ-जेडसी, इलेक्ट्रिक कारों के माध्यम से मोबिलिटी की नई संभावनाओं को दर्शाती है। यह



कॉन्सेप्ट इलेक्ट्रिक युग में नई ऊंचाइयों, बेजोड़ डिज़ाइन और विशेष सेवाओं का प्रतीक है, जो लेक्सस ब्रांड द्वारा ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने के वादे को पूरा करता है।सह-अस्तित्व और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर, लेक्सस ने ओवरट्रेल प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। यह पहल रोमांचकारी भावना को प्रोत्साहित करने और प्रकृति के साथ जश्न मनाने के उद्देश्य से की गई है, जो वाहनों की कलात्मकता के माध्यम से प्रदर्शित होती है।लेक्सस एनएक्स 350एच ओवरट्रेलॅ यह वाहन बाहरी जीवनशैली और ड्राइविंग अनुभव को समृद्ध करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एलएक्स 500 डी को अद्वितीय क्षमताओं और अनदेखे स्थानों तक पहुंचने के लिए फिर से डिज़ाइन किया गया है। आरओवी कॉन्सेप्ट 2ॅ यह वाहन लेक्सस की साहसी डिज़ाइन और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रतीक है। यह प्रकृति के विविध इलाकों में रोमांचकारी यात्रा को नए आयाम देने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। यह ज़ोन लेक्सस की उन्नत हरित प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करता है, जो कल्पनाशील, आसान और उत्साहपूर्ण है।लेक्सस एलएम 350 एच ॅयह अल्ट्रा-लक्ज़री मोबिलिटी अनुभव के एक नए युग की शुरुआत करता है। यह वाहन विश्व में पहली बार और लेक्सस के लिए कई नई विशेषताओं के साथ पेश किया गया है, जो शांत और उत्पादक यात्री अनुभव प्रदान करने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग करता है। यह स्मूथ और साइलेंट सवारी सुनिश्चित करता है।लेक्सस आरएक्स 500 एच ॅयह मॉडल एक अनूठी पहचान और अनुपात के लिए समर्पित प्रयासों का परिणाम है। इसका डायनामिक ड्राइविंग अनुभव से प्रेरित डिज़ाइन, जो शक्तिशाली आत्मा और आकर्षक उपस्थिति का प्रतीक है।

## ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने लॉन्च की नई ह्यूंडई CRETA Electric



**गुरुग्राम** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी नई ह्यूंडई CRETA Electric को लॉन्च किया। इसे 17 99 000 रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है। ह्यूंडई CRETA Electric क ॅलॉन्च से बोल्ड डिजाइन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, शानदार प्रदर्शन और ऑल अराउंड सेफ्टी फीचर्स के साथ इलेक्ट्रिक एसयूवी की ओर शिफ्ट होने का मौका मिलेगा। अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एसयूवी CRETA अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है। यह भारतीय ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के मामले में एडवांस्ड प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की ह्यूंडई की प्रतिबद्धता को दिखाता है। ह्यूंडई CRETA Electric के लॉन्चके मौके पर एचएमआईएल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई CRETA Electric इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में एचएमआईएल के सफर का एक अहम पड़ाव है। इस लॉन्चिंग भारत के सरकार के 'मेक इन इंडिया' विजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है, क्योंकि यह भारत में हमारी पहली घरेलू ईवी एसयूवी है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में वैश्विक स्तर पर एक दशक से ज्यादा की अपनी विशेषज्ञता के साथ ह्यूंडई मोटर कंपनी ने खुद को ईवी इनोवेशन के मामले में अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

# एचआईवी एड्स के रोकथाम हेतु 812 मास्टर ट्रेनरों को सौंपी जिम्मेदारी

## पांच बालकों के गांवों में प्रचार-प्रसार कर रोकथाम हेतु करेंगे जागरूक

अवधनामा ब्यूरो


प्रशिक्षण में उपस्थित ट्रेनर व अन्य

- हाटा, तमकुहीराज, सेवरही, कप्तानगंज व सुकरौली ब्लाक है शामिल

**कुशीनगर।** नाकों भारत सरकार व उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी के अंतर्गत एचआईवी एड्स रोकथाम की बेसिक जानकारी के लिए पांच ब्लाकों में अंतर्विभागीय कार्यशाला, प्रशिक्षण जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया के मार्गदर्शन में एचआईवी अनुभाग द्वारा 5 ब्लॉकों के 15 बैचों में द्वारा सम्पन्न हुआ।

जिला क्षय रोग अधिकारी/जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर एस एन त्रिपाठी ने बताया कि 5 ब्लॉकों के ब्लाक स्तरीय कार्यशाला में 50-50 की संख्या में 15 बैचों में स्वास्थ्य विभाग की अंगड़बाड़ी, आशा, सीएचओ, एएनएम व बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर्स, बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षक एवं पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों को एचआईवी एड्स रोकथाम की बेसिक जानकारी से प्रशिक्षित कराकर जनपद कुशीनगर में अंतर्विभागीय कुल 812 मास्टर ट्रेनर बनाया गया है जो रोग नियन्त्रण के लिए ग्रामीण स्तर पर प्रचार-प्रसार को गति मिलेगी। जिला टीबी एचआईवी समन्वयक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि एचआईवी एड्स की सही जानकारी ही बचाव है विगत दिनों स्कूल- कालेजों, मलिन बस्तियों में फिल्म शो के माध्यम से 4 की बात का आयोजन हुआ है। कार्यशाला में पॉजिटिव नेटवर्क द्वारा पॉजिटिव स्पीकर से स्पीच हुआ। सबेरा के मास्टर ट्रेनर तारकेश्वर सिंह ने एचआईवी एड्स की मूल जानकारी के साथ संक्रमित व्यक्तियों से होने वाले भेदभाव को कम करने के लिए एचआईवी एक्ट 2017 में संरक्षण की जानकारी दिया एवं निःशुल्क जांच, परामर्श व निदान केंद्रों सहयोगी संस्थाओं के कार्यक्रम से अवगत कराया गया। कार्यशाला समन्वयक रत्नेश मणि त्रिपाठी द्वारा संक्रमण व्यक्तियों की गोपनीयता एवं ग्रामीण स्तर पर एसटीआई (यौवन जनित रोग) के निदान पर चर्चा किया गया। कार्यशाला को उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राकेश गुप्ता, हाटा तमकुही, सेवरही, कप्तानगंज व सुकरौली देवतहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं आईसीटीसी परामर्शदाता किरन चौहान, देवेन्द्र चौधरी, शशि कला सिंह, संदीप सिंह, आर पी सिंह, सुधा प्रजापति, दुर्गेश दीक्षित, सादिक अंसारी, राममूर्ति चौहान आदि ने व्यवस्था आदि में सहयोग किया।

## काव्य संध्या में जुटे साहित्य प्रेमी, अवधी के विकास पर हुआ चिंतन

**अमेठी।** अवधी के विकास को लेकर साहित्य प्रेमी गंभीर है। अवधी साहित्य संस्थान ने साहित्यिक आयोजनों की झड़ी लगा दी है। साहित्य चर्चा, कवि गोष्ठी और काव्य संध्या के आयोजन हर सप्ताह हो रहे हैं। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक हेमराज मीणा ने अवधी भाषा और साहित्य के विकास के लिए अवधी विकास अकादमी की स्थापना होनी चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं नेतृत्व डॉ. शिवम् तिवारी ने किया।विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. हेमराज मीणा (पूर्व क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा ने की। दीप प्रज्वलन तथा कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ ने किया। उद्घाटन भाषण में बृजेश सौरभ ने कहा कि अवधी भाषा एवं साहित्य पर केंद्रित एक शोध संस्थान की स्थापना पं. हीरालाल छविराज कुंवरि महाविद्यालय अंतू में कराई जायेगी। अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा अर्जुन पांडेय ने कहा कि आगामी आयोजन अवधी साहित्य महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा।

# मिलकर करेंगे टीबी रोग का खात्मा : डॉ जीपी राय


टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरण करते

अवधनामा संवाददाता

- टीबी उन्मूलन में आईएमए रहेगा सहयोगी : डॉ वाई के

**कसया, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी के निर्देश पर चलाए जा रहे गोद कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय सीएचसी के सभागार में आईएमए के सहयोग से 25 टीबी रोगियों को तीसरे माह का तथा उषा देवी पत्नी राकेश जयसवाल द्वारा एक मरीज को दूसरे माह का प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आईएमए के अध्यक्ष डॉ जीपी राय ने कहा कि हम सभी मिलकर करेगे टीबी रोग का खात्मा। उन्होंने ने कहा कि इस बीमारी से निपटने के लिए आईएमए के सभी चिकित्सक अपना पूर्ण योगदान दे रहे है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्धेशिया कहा कि जनपद से टीबी रोग का उन्मूलन करने में आईएमए पूर्ण सहयोगी रहेगा। हमारे चिकित्सक रोगी खोजने एवं उपचार करने तथा उनको प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार जैसे गुड़, भुना चना, मूंगफली का दाना, सत्तू, गजक, प्रोटीन युक्त पाउडर उपचार चलने तक प्रतिमाह दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया तथा आगंतुकों का स्वागत एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया एवं आभार दन्त चिकित्सक डॉ रितेश कुमार ने व्यक्त किया।

# शादी अनुदान के लिए शासन ने जारी किया तीस करोड़ का बजट

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के गरीब परिवारों के लिए अच्छी खबर है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित शादी अनुदान योजना इस वित्तीय वर्ष में फिर शुरू हो गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में इस योजना के अन्तर्गत आवंटित बजट शून्य था। कोई आवेदन नहीं हुआ। इस वित्तीय वर्ष में शासन ने दो हजार लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया है। योजना के लाभार्थियों से पूर्व निर्धारित शर्तो के अनुसार ही आनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। शादी अनुदान योजना का कुल बजट तीस करोड़ रुपए है।

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से 17जनवरी को सामान्य और अनुसूचित जाति, जनजातियों के लिए पूरे प्रदेश का बजट तीस करोड़ रुपए निर्धारित करते हुए शासनादेश जारी किया गया है। समस्त जिला अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी करते हुए निदेशक ने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर आनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग के प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद जायसवाल ने शासनादेश की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी विकास खंडों में तैनात सहायक विकास अधिकारियों को समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल की ओर से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के लिए आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### सामाजिक संगठनों ने उठाई थी आवाज, सरकार ने संज्ञान में लिया

**अमेठी।** चालू वित्तीय वर्ष में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पहले सामूहिक विवाह समारोह के दौरान अम्बेडकर सेवा समिति, अम्बेडकर कल्याण समिति और वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति जैसे सामाजिक संगठनों की ओर से अनुसूचित जातियों के लिए व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना को बंद करने को लेकर सवाल उठाए गए थे। सरकार ने इसे संज्ञान में लिया और चालू वित्तीय वर्ष के लिए बजट जारी करते हुए प्रदेश के लिए बीस करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।

## दहेज उत्पीड़न और मारपीट मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** एक नवविवाहिता से दहेज के लिए प्रताड़ित करना तथा मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादी राम प्रताप सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी ग्राम बेनीपुर मजरे विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ने कहा है कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकर सिंह पुत्र नागेश्वर सिंह के साथ किया था। शादी के बाद से ही मधुकर सिंह पुत्र नागेश्वर सिंह व निर्मल सिंह पत्नी नागेश्वर सिंह निवासी ग्राम माझगांव कोतवाली महराजगंज द्वारा वादी की पुत्री सुचिता सिंह को दहेज की मांग के लिए आए दिन प्रताड़ित करना व मारपीट करना जैसे अपराध ससुराल जन कारित किया करते थे। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने व दहेज प्रताड़ना जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# देवरिया-रूद्रपुर बाई पास पर पीडीए जागरूकता पद यात्रा निकाली गई

अवधनामा संवाददाता




- पद यात्रा के माध्यम से पीडीए को जागरूक करेंगे
- तीसरे दिन पद यात्रा निकाल किया जागरूक
- पीडीए चर्चा के माध्यम से गाँव मे जाकर पार्टी की नीतियो को बताएँगे : विजय

**देवरिया।** आज तीसरे दिन रूद्रपुर विधान सभा मे पद यात्रा निकाल कर पी डी ए जागरूकता तैयारी कार्यक्रम का शुभआरम्भ हुआ। इस दौरान सत्ताईस जनवरी से पी डी ए चर्चा अभियान कार्यक्रम के तैयार कर गाँव गाँव जा जाकर जागरूक करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की सपा की कथनी और करनी मे कोई अन्तर नही है वह जो कहती है वह करती है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर सत्ताईस तारीक से पी डी ए चर्चा का आयोजन किया जा रहा जिसको लेकर यह तैयारी बैठक जागरूकता सप्ताह के रूप मे रखा गया है यह कार्यक्रम लगातार एक हप्ते तक चलेगा जिसमें हम सभी कार्यकर्ता गाँव गाँव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे जिससे सत्ताईस जनवरी से होने वाला कार्यक्रम बडे पैमाने पर सफल हो सके इस दौरान सपा नेता जितेश यादव व अमित प्रधान ने कहा की यह कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने मे मिल का पत्थर साबित होगा और हम सभी लोग मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करेंगे यह कार्यक्रम सत्ताईस से शुरू होकर लगातार एक महीने तक चलेगा। इस दौरान बैठक मे मुख्य रूप से दीपू यादव अमित प्रधान दीपक यादव भोलु कुमार अनिश प्रसाद राहुल चौरसीया अमित सोनकर गुलाम पकज गौतम अजय पटेल दीपक निगम रनजित जैसवाल अभिषेक तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## एयूडीएसयू ने मनाया रोहित वेमुला शहादत दिवस, कैंडल मार्च निकाला



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** रोहित वेमुला को दुनिया से गए लगभग 9 साल हो गए, लेकिन आज भी रोहित की यादें,उनका संघर्ष छात्रों की प्रेरणा का स्रोत बना हुआ। बीबीएयू के दलित छात्र संगठन एयूडीएसयू ने रोहित वेमुला की याद में संगोष्ठी आयोजित की। छात्रों ने देर शाम कैंडल मार्च किया और रोहित वेमुला को श्रद्धांजलि अर्पित की। अम्बेडकर यूनिवर्सिटी दलित स्टूडेंट्स यूनियन की ओर गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय से छोटी अम्बेडकर प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में छात्रों ने जमकर जय भीम के नारे लगाए।कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। गौरतलब हो कि रोहित वेमुला ने 17 जनवरी 2016 को यूनिवर्सिटी के हॉस्टल के एक कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। इसके बाद इसे लेकर सड़क से संसद तक खूब प्रतिरोध और हंगामा हुआ। देश भर में छात्रों का बड़ा आंदोलन देखा गया। कई लोगों ने इस आत्ममहत्या को संस्थागत हत्या और अकादमिक समुदाय की क्रूर कायरता करार दिया तो वहीं सरकारी रिपोर्ट ने रोहित के निजी कारणों को उसकी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार माना।एयूडीएसयू द्वारा आयोजित वैचारिक संगोष्ठी में चित्रांशु भास्कर ने कहा कि बाबासाहेब के मानने वाले लोग है। हम संविधान के अनुरूप कार्य करते रहेंगे। प्रियंका राव ने कहा हमारा संगठन मज़बूत है, हम लोग बाबा साहेब के विचारों पर चलते है।

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने विभिन्न प्रसंगों का किया वर्णन, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**महराजगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मऊ शर्की गांव समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक विपिन बिहारी दास जी महराज द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि, उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया कि, वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती, शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते। पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। आपको बता दें कि, कथा व्यास विपिन बिहारी दास जी महराज ने बताया कि, शंकर जी ने कहा- हमने अमर कथा सुन रखी है। पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए। शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ। कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई। पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए। शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते-भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सूरत, गुजरात के मंच पर पत्रकार संजय कुमार गुप्त को सम्मानित किया




**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** कलम बोलती है साहित्य संस्था पंजीकृत सूरत, गुजरात ने पत्रकार संजय कुमार गुप्त को पत्रकारिता के सफर एवं उड़ान को विश्लेषित कर उनके कर्तव्य एवं निष्ठा को सम्मानित किया है। पत्रकार संजय कुमार गुप्त उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भाटपार रानी में जन्मे एवं पले है। गोरखपुर विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय से परास्नातक है। व्यवसायिक पृष्ठभूमि में जन्मे और अपनी परंपरागत जीविका का निर्वाह करते हुए। पत्रकारिता के मानदंडो का अक्षरशः पालन करते हुए निष्पक्षता के साथ सामाजिक, राजनीतिक विषयों पर अपनी लेखनी को धार देते रहे हैं।उनका मानना है कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के जीवन में विकास की रौशनी जानी चाहिए। पत्रकारिता जीविका का साधन नहीं है बल्कि अंतिम पंक्ति के लोगों को मुख्य धारा में लाने का एक सशक्त माध्यम है।पेशे से व्यवसायिक और शौक से सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के कारण न्याय से वंचित लोगों की आवाज बनकर देश के विभिन्न समाचार-पत्रों में अपनी लेखनी से पहचान बनाई है। संस्था ने उन्हें सम्मानित कर उसके उत्साह और जज्बे को बढ़ाया है। उनके सम्मानित होने पर अंतरराष्ट्रीय कवि, साहित्यकार और शिक्षक डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी है।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी मोतीचक में जांची व्यवस्थाएं


सीएचसी के निरीक्षण के बाद कायाकल्प टीम के साथ समस्त चिकित्सक

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** लखनऊ से आई कायाकल्प टीम ने शुक्रवार को सीएचसी मोतीचक मथौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लखनऊ से आई चार सदस्यी कायाकल्प टीम में देवनाथ डिविजनल पीएम, अरविंद पांडेय डिविजनल पीएम, डॉ रीता कन्नौजिया व डॉ रोहित ने अस्पताल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया। दवाईयों के रख रखाव की व्यवस्था व ओपीडी में मरीजों की पर्ची व्यवस्था देखी। इसके अलावा अस्पताल परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था को जांचा गया। टीम ने निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुझाव भी दिए। कायाकल्प टीम ने लेबर रूम, ईटीसी, ओटी, इमरजेंसी, लैब, एक्सरे रूम आदि का जानकारी लिया। टीम सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अस्पताल के एक एक वार्ड के अलावा दस्तावजों का गहनता जांच किया। हर तरह से टीम संतुष्ट दिखी लेकिन पास या फेल इसके परिणाम बाद में जारी होंगे। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, डॉ सुधीर तिवारी, डॉ अहमद सर्फयाब, डॉ फैसल अब्बास, डॉ धर्मेंद्र, बीपीएम राजेश कुमार, चीफ फार्मासिस्ट डॉ सतेंद्र मिश्रा, अनिरुद्ध चौरसिया, अजय वर्मा, राकेश मद्धेशिया, राजेश आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेजिया मजरे कुसढ़ी सागरपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बताते चले कि कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादी राजेंद्र पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम तेजिया मजरे कुसढ़ी सागरपुर ने कहा है कि आज दिन शुक्रवार को सुबह 7 बजे गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगण मुकेश पुत्र राम हरक, रामराज पुत्र रामकुमार, राकेश पुत्र नन्हेंलाल, राहुल पुत्र रामकेश पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर आए और मेरे भाई निर्मल के साथ गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि वादी की तहरीर पर चोटहिल का डॉक्टरी मुआयना कराकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से युवाओं का बेहतर होगा भविष्य : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट से युवा उद्यमी का शुभारंभ करते डीएम व सीडीओ

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना युवा वर्ग के लिए खासतौर पर लाया गया है, जो आईटीआई, पॉलिटेक्निक या विभिन्न योजनाओं अंतर्गत कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण लेने वाले नवयुवक/नवयुवतियों का प्रशिक्षण विगत वर्षो से प्राप्त हो रहा है। जिसमें कुछ तो किसी फार्म में नौकरी कर लेते हैं और कुछ अपना उद्यम लगाने का प्रयास करते हैं, और किसी कारण वश किसी का उद्यम लग नहीं पाया ये योजना उन्हीं के लिए है। उन्होंने कहा कि योजना की विस्तृत जानकारी के संबंध में एलडीएम व विशेषज्ञ द्वारा जो बताया गया है उसे देखें और समझें। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि आर सेटी, आईटीआई, स्वयं सहायता समूहों के प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करें जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में युवा जुड़े तथा लाभान्वित हों, तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़े ताकि जनपद के युवाओं का भविष्य बेहतर हो। उक्त कार्यशाला विशेषज्ञ समाधान समिति दिल्ली से आए रजत मिश्रा ने योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए उद्यम स्थापित करने हेतु धन, मशीन, जगह, उद्यम संबंधी जानकारियां, रजिस्ट्रेशन, जीएसटी, उत्पाद, उत्पाद की सप्लाई, आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# आधी ठंड बीत गई मथौली नगर में नहीं बंटा कम्बल

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** ठंड से बचने के लिए सरकार गरीबों व निराश्रितों में निशुल्क कंबल वितरण का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में जिले के कई नगर पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन द्वारा समय से कम्बल वितरण कर दिया है, लेकिन नगर पंचायत मथौली में जिम्मेदारों की लापरवाही से अब तक कम्बल नहीं बांटा गया है। साथ ही कई दिनों से अलाव भी नही जलाया जा रहा है। वार्ड नंबर 5 में अब तक एक रुपए का अलाव भी नहीं जला है। लेकिन इसके नाम पर लाखों रुपए खारिज होंगे। बता दें कि नगर पंचायत में कम्बल वितरण व अलाव के लिए नगर पंचायत मथौली के तरफ से बीते 24 दिसम्बर को टेंडर निकाला गया था। इधर भीषण ठंड का प्रकोप अपने चरम पर है। अलाव की बात करे तो पिछले कई दिनों से नगर में अलाव नहीं जलाया जा रहा है। नगर तमाम समाजसेवियों के द्वारा सोशल मीडिया पर अलाव के संबंध में बार बार टिप्पणी करने के बाद नगर पंचायत द्वारा कुछ जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। ताज्जुब इस बात कि है नगर के वार्ड नंबर 5 में अब तक एक भी जगह अलाव नहीं जलाया गया है। यहां के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा इस वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जबकि नगर पंचायत का अस्थाई कार्यालय यहीं से चल रहा है। उधर नगर में हर जगह अलाव की व्यवस्था करने की दावा नगर पंचायत कर रहा है। वैसे ठंड अपने चरम पर है। बता दें कि कम्बल वितरण करने का सही समय दिसम्बर माह का पहला सप्ताह होता है। मुख्यमंत्री ने कम्बल वितरण करने के लिए नवम्बर माह में ही शासनादेश जारी कर दिया था। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि कम्बल के लिए नगर पंचायत द्वारा लोगों से आधार कार्ड लिया जा रहा है, जल्द ही बंटने का उम्मीद है।

# ट्रैक्टर-ट्राला के चपेट में आने से 55 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

अवधनामा ब्यूरो


बुजुर्ग की मौत पर रोते बिलखते परिजन

- कोटवा-घुघली मार्ग पर हुआ हादसा, गैस लेने जा रहे थे बुजुर्ग

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कोटवा-घुघली मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राला के चपेट में आने से 55 वर्षीय बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मौका देख चालक भागने में सफल हो गया। पुलिस ट्राला को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

शुक्रवार को नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के आलम मठिया गांव निवासी मोलाजिम (55) घर से गैस सिलेंडर लेने नौरंगियाङ्घुघुली मार्ग से कोटवा जा रहे थे। अभी वो कोटवा बाड़ी के पास पहुंचे ही थे कि टैक्टर ट्राला के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए नेबुआ नौरंगिया सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त टैक्टर ट्राला को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुटी गई। उधर मौका देख चालक भागने में फसल रहा। बुजुर्ग की मौत पर घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाये: डीएम

## नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** नारकोटिक्स पदार्थो के संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थों के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त गुप्त सूचनाओं को सभी सम्बन्धित को त्वरित आदान-प्रदान करते हुए प्राप्त सूचना के अनुसार तत्काल प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर नारकोटिक्स संबंधित अपराध ज्यादा हों उनकी मैपिंग कर संवेदनशीलता श्रेणी की पहचान की जाय।

बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की ज़ब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय। डीएम ने कहा कि वनाच्छादित सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाय। औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका विवरण भी रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए बीएसए एवं डीआईओएस से संयुक्त रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित भी कराएं। अपराध निरोधक एजेंसीज को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यशाला का निरन्तर आयोजन कर तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत से खराब स्वास्थ्य और सामाजिक, पारिवारिक रूप से जूझ रहे व्यक्तियों को सही रास्ते पर लाने हेतु मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराये जाने की पहल की जाय।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा पुलिस, आबकारी व औषधि प्रशासन विभागों की संयुक्त टीमको मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सुझाव दिया कि नेपाल सीमा से सटे गांवों में कुछ पोस्ट स्थापित किये जायें जिससे कि सीसीटीवी के माध्यम से आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी की जा सके। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह, संबंधित समस्त एसडीएम, ड्रग इंस्पेक्टर, सहायक कमाण्डेंट 59 एवं 42 बटालियन एसएसबी, डीआईओएस सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# विवाह हेतु आवेदन ऑनलाइन किया जाना अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले जरूरतमंद, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुये उनके सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों व परम्पराओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृहद आयोजन, मेगा ईवेंट के रूप में दि. 16 जनवरी 2025 को शुभ महूर्त में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति सामूहिक विवाह हेतु आवेदन विभागीय बेवसाइट पर ऑनलाइन किया जाना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में आवेदन किये जाने हेतु वर, कन्या की उम्र क्रमशः 21 व 18 वर्ष हो, आवेदक प्रदेश का नागरिक हो, वर-वधु के पास आधार कार्ड हो, कन्या (वधु) का बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक हो, अभिभावक की आय रू. 02 लाख से अधिक न हो। उन्होने बताया कि निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगता की पुत्री, एसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता दी जायेगी, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा (कानूनी रूप से) पुनर्विवाह को वरीयता दी जायेगी, आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाली कन्याओं एवं विवाह करने वाले लड़कों (वर) को संयुक्त रूप से पंजीकरण हेतु विभागीय बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने के उपरांत आवेदन की हार्डकॉपी सम्बन्धित विकास खंड, नगर निकाय में जमा करनी होगी। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत उ.प्र. सरकार द्वारा प्रति युगल रू. 51 हजार व्यय किये जायेंगे, जिसमें से रू. 35 हजार कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में आंतरित किये जायेंगे, रू. 10 हजार वर-वधु को दी जाने वाली उपहार सामग्री एवं रू. 06 हजार सामूहिक विवाह समारोह के भव्य आयोजन में व्यय किये जायेंगे। उन्होने जनपद के नागरिको को सूचित है कि पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति विभागीय बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र करते हुए आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त संलग्नों सहित सम्बन्धित विकास खंड, नगर निकाय में जमा करना सुनिश्चित करें।

## 16 जनवरी से 31 तक मिलेगा बिना एक्सचज दिए ब्लड

**फिरोजाबाद।** लक्ष्मी फाउंडेशन की अध्यक्षा लक्ष्मी सिकरवार के आदेशानुसार आगामी 16 जनवरी से 31 जनवरी तक संस्था द्वारा संचालित सुहाग नगर स्थित लक्ष्मी चैरिटेबल ब्लड बैंक से जरूरत मंद एवं सीरियस मरीजों के लिए बिना दिए ही रक्त की उपलब्धता कराने का संकल्प इस मकरसंक्रांति के पर्व पर लिया गया है। ब्लड बैंक निदेशिका अर्चना सिंह ने साथ ही बताया के कोई भी मरीज का तीमारदार जिसका मरीज किसी भी सीरियस स्थिति में शहर के किसी भी हॉस्पीटल में भर्ती है इसका पूर्ण लाभ ले सकता है। मरीज के साथ बिना एक्सचेंज के ब्लड लेने वाले तीमारदार के आधार कार्ड की फोटो कॉपी लगेगी। अर्चना सिंह ने बताया की इसी प्रकार आगे भी पूरे साल हर माह किसी न किसी प्रकार से जरूरत मंद को ब्लड उपलब्ध करते रहेंगे। संस्था की कोसिस है की ब्लड बैंक को 100: वॉलेंटरी ब्लड बैंक बनाया जाये और ज्यादा से ज्यादा ब्लड बिना एक्सचेंज के मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाए। 16 जनवरी से 31 जनवरी तक ब्लड की उपलब्धता के लिए हेल्पलाइन न 6395100468 पर संपर्क कर सकते है।

# मिल्कीपुर चुनाव पर चर्चा कर गए पूर्व एमएलसी

अवधनामा संवाददाता





**सुल्तानपुर।** हीरो गांधी की पुण्यतिथि पर पहुँचे पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन ने समाधि स्थल पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंच पर पहुँचे मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी ने मिल्कीपुर चुनाव पर इशारों इशारों में भाजपा पर निशाना साधा। आज रणविजय ञहीरो गांधी की 17वीं पुण्यतिथि पर तहसील जयसिंहपुर के रेवारी गावँ पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन ने कहा कि सुल्तानपुर की धरती वीरों की धरती है। समाजवादी पार्टी ने आज के 17 साल पहले शहीदी सिपाही को खोया हुआ उसे भूलने नहीं दिए जाएगा। पड़ोस के अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव जीतकर हीरो को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी ।श्री साजन ने हीरो गांधी की शहादत पर कसीदे पढ़े और उन्होंने समाजवादी नौजवानों को सबक लेने का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन मज़हर हुसैन ने किया।विशिष्ट अतिथि सांसद राम भुआल निषाद ने संबोधित किया कहा कि सुल्तानपुर की जनता कभी भी उनको फोन करके अपनी समस्या बता सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अड़ंगे डालकर कोर्ट कचहरी के जरिये उन्हें परेशान करने का काम कर रहा है ।जबकि जनपद सुल्तानपुर की आवाम में जिस उम्मीद से उन्हें जिताया है वह विकास कार्य रुकने नही दिया जाएगा। सभी के मंसूबे धराशाई होंगे।

### सैकड़ों जरूरतमंदों को वितरित हुआ कम्बल

हीरो की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम में सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया ।इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अनूप संडा ने भी संचालन किया। मध्यप्रदेश प्रभारी अर्जुन आर्या, पूर्व लोक सभा प्रत्याशी शकील अहमद, प्रधान राज नारायण,पूर्व मंत्री व जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव,महासचिव सलाहुद्दीन, पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, प्रदेश सचिव बृजेश यादव, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, भाई रजनीश यादव, डॉ.कृष्ण कुमार यादव,धर्मेंद्र सिंह भपटा, अवधेष, इसौली विधायक प्रतिनिधि फुरकान गनी, बूथ प्रभारी राशिद खान, महेश बेलहरी, जिला पंचायत सदस्य राधेकान्त यादव, विष्णु शुक्ला, एलआइसी एजेंट विशाल सिंह, संचालक मजहर हुसैन,महिला सभा की शर्मिला यादव,मस्तराम,पप्पू कटका आदि रहे।

### फायरब्रांड नेता अर्जुन आर्या ने चढ़ाए पुष्प

मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे अर्जुन आर्या ने भी हीरो गांधी की समाधि पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किया ।उन्होंने बताया कि एक समय था जब रणविजयञ हीरो गांधी उनके साथ संघर्ष के दिनों में शामिल रहे और रास्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी की मजबूती के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किया करते थे। उन्होंने हीरो गांधी को अपने सबसे अच्छे मित्रों में गिनाया। बताते चले कि अर्जुन आर्य पिछले विधानसभा चुनाव में किसानों के मुद्दे पर उन्हें मध्य प्रदेश की जेल में निरुद्ध कर दिया गया था तो एमपी की राजनीति गर्मा गयी थी। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राहुल गांधी,दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह आदि ने उनके लिए आवाज उठाई थी। बावजूद इसके उन्होंने जनहित के मुद्दों को उठाना नहीं भूला ।फायर ब्रांड लीडर अर्जुन आर्या ने कहा कि वह इस कार्यक्रम के बाद महाकुंभ के दर्शन करने जा रहे हैं ।जाते जाते उन्होंने हीरो के भाई रजनीश यादव को गले लगाया तो सबकी आंखें भर आई। उधर एलआईसी से जुड़े विभिन्न अभिकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने विशाल सिंह की अगुवाई में सांसद से मिलकर अपनी बातें कहीं और ज्ञापन सौंपा। सांसद राम भुवाल निषाद ने प्रतिनिधि मंडल को आस्वस्त किया कि आने वाले समय में संसद में ईस मुद्दे को उनकी ओर से उठाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से की गिरफ्तारी

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसे जाने के दिए गए निर्देश के क्रम में आज जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 09 वारण्टी व 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना को0नानपारा पुलिस द्वारा वारण्टी पियारे सिंह थाना मटेरा पुलिस द्वारा सुरजीत पाठक तथा सरवर थाना खैरीघाट पुलिस द्वारा माधवराम व रामकुमार थाना रामगांव पुलिस द्वारा वारण्टियों मेंहन्दी राजेश थाना कैसरगंज पुलिस द्वारा वारण्टियों शहजादे बहराइच बाबादीन थाना रानीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त रवि उर्फ नौरंगी सम्बन्धित आर्म्स एक्ट थाना फखरपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त जुमई खाँ थाना मटेरा पुलिस ने रवि कुमार शैलेश कुमार थाना हुजूरपुर पुलिस द्वारा वांछित 02 अभियुक्त गण सरफुद्दीन .नूर अहमद थाना कैसरगंज पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त इसरार अहमद नजर अली और बब्लू थाना जरवल रोड पुलिस द्वारा सुएब और सलमान को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया गया।

### सर्किल मिहींपुरवा में दीवार गिरने से बच्चे की मौत

**बहराइच।** जनपद के थाना सुजौली में आज समय सुबह करीब 07 बजे थाना सुजौली अंतर्गत ग्राम सभा बिहारीपुरवा दा0 चहलवा में हल्की बारिश के कारण कच्ची दीवार गिरने की घटना घटित हुई जिसमें करीब 6 वर्ष के बालक आर्यन पुत्र प्रेम सिंह निवासी बिहारी पुरवा दाखिला चहलवा थाना सुजौली जनपद बहराइच की मृत्यु हो गई द्य मृतक के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सर्किल नानपारा में ट्रांसफार्मर पर गिरा युवक

**बहराइच।** जनपद के कोतवाली नानपारा में आज थाना नानपारा अन्तर्गत ग्राम बदलू भगतपुरवा में विष्णु पुत्र सीताराम निवासी बदलू भगत पुरवा थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच लकड़ी तोड़ने गये थे जिसके दौरान वह टांसफार्मर पर गिर गये, और झुलस गया। युवक का इलाज जिला अस्पताल बहराइच में चल रहा है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सर्किल नगर शराब के नशे में किया वार

**बहराइच।** जनपद के थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला सलारगंज निकट ईदगाह निवासी ताजुद्दीन पुत्र अब्दुल हमीद की शादी शेख दहीर बधइया थाना कोतवाली देहात निवासिनी युवती से 09 वर्ष पूर्व हुई थी। आपसी मतभेदों के चलते युवती द्वारा अपने पति के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसमें बाद प्रेषित आरोप पत्र प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी अग्रिम पेशी तारीख 17.01.25 नियत है। अभियोग उपरोक्त पंजीकृत होने के उपरांत भी पति-पत्नी वर्तमान में साथ में ही रहते हैं, बीती रात पति-पति के मध्य मुकदमे की बात को लेकर आपस में वाद विवाद हुआ था जिस पर ताजुद्दीन द्वारा शराब के नशे में अपने सीने पर धारदार हथियार से वार किया गया था जिस पर उसकी पत्नी तथा परिजनों द्वारा ताजुद्दीन को तत्काल मेडिकल कॉलेज जनपद बहराइच इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। ताजुद्दीन वर्तमान में घर पर मौजूद हैं तथा स्वस्थ हैं, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सर्किल कैसरगंज आज से झुलसा युवक

**बहराइच।** जनपद के थाना फखरपुर में आज थाना स्थानीय पर सीएचसी फखरपुर वार्ड बॉय के माध्यम से सरफुद्दीन पुत्र बाबादीन निवासी बिजोवा थाना फखरपुर जनपद बहराइच उम्र करीब 25 वर्ष के जलने की घटना की सूचना प्राप्त हुई। चिकित्सक के अनुसार परिजनों ने सरफुद्दीन के स्वयं को आग लगाने की बात कही है, इस घटना में युवक गंभीर रूप से जल गया है। गंभीर अवस्था में 108 एम्बुलेन्स के द्वारा सीएचसी फखरपुर प्राथमिक उपचार हेतु ले जाया गया जहाँ से इलाज हेतु जिला अस्पताल बहराइच रवाना किया गया, तत्पश्चात् बेहतर इलाज हेतु लखनऊ रेफर किया गया है। परिजन व पुलिस बल मौके पर मौजूद है। शान्ति व्यवस्था कायम है। जाँच व अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मन शरीर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इन्द्री है मन ही संसार और आत्मा का सेतु है: योगाचार्य डा0 अनिल



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** मन की चंचलता और भटकन को रोकने के लिए ही मनीषियों ने बहुत सारे उपाय बताये हुए हैं। जैसे पूजा, जप,ध्यान, ज्ञान,योग,तीर्थ यात्रा को बताया गया है। साथ में यह भी बताया कि इस कार्य में सबसे बड़ी बाधा स्त्री है। उक्त बातें कुड़वार क्षेत्र के भंडरा, प्रतापपुर स्थित पंचवटी आश्रम में आयोजित खिचड़ी भोज के दौरान उपस्थित क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए योगाचार्य डा0 अनिल पांडेय ने बताई।उन्होंने बताया कि इतना सब करने के बाद भी कुछ गिने चुने महापुरुष ही मन पर नियंत्रण कर पाए हैं। मन पर नियंत्रण स्त्री के साथ ही संभव है, दूर रहकर नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए स्त्री को सहयोगी और बुद्धिजीवी होना परम आवश्यक है। मन और आत्मा के संयुक्त हो जाने की स्थिति को ही योग कहा गया है। यह दुर्लभ संयोग बन जाने के बाद समूचे ब्रम्हांड और परमात्मा का ज्ञान संभव हो जाता है।उक्त मौके पर सहयोगी कार्यकर्ताओं सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।सभी ने खिचड़ी भोज का आनंद भी लिया।

### फिटनेस और खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा



**सुल्तानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के रैना जगदीशपुर में शुक्रवार को स्वर्गीय श्री काली दीन तिवारी स्मारक द्वारा 20 दिवसीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि इसौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विकास शुक्ल व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अवधेश दुबे ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि विकास शुक्ल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं मे खेल के प्रति जागरूकता आएगी,जिससे ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि जब खेलेगा भारत तभी तो जीतेगा भारत। इस मुहिम से देश में युवाओं को मेडल जीतने की भूख के लिए प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में क्षेत्र से करीब तीन दर्जन गांवों की टीम प्रतिभाग कर रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन विजय पांडेय द्वारा किया जा रहा है।

### तमंचा-कारतूस सहित एक पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा एवं 01 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा शातिर अभियुक्त विकास पुत्र राजू निवासी चौड़ी वाली गली रामनगर थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को भोजपुरा नाले के पास से अवैध 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 57/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 सिंहराज सिंह चौकी प्रभारी रेलवे रोड, का0 1069 पवन कुमार, का0 1550 विशेष राठी थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद सम्मिलत रहे।

### दहेज हत्या में वांछित दबोचा



**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम ने दहेज हत्या में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना एका पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 265/2024 धारा 498ए/323/304बी/120बी भादवि व डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र नाथूराम निवासी भगनेर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को कल्याण इण्डस्ट्रीज थाना क्षेत्र विश्वकर्मा जयपुर पश्चिम से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे थानाध्यक्ष रमित कुमार आर्य, उ0नि0 अर्जुन राठी, उ0नि0प्र0 हर्षित कुमार, हे0का0 334 सचिन कुमार, का0 760 अशोक कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

### आवास सर्वेयरों का कार्य जारी

**फिरोजाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना है, इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी बेघर एवं आवास विहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराए जाने का कार्य किया जाता है, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं की पात्र परिवार लाभार्थी का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली स्थाई पात्रता सूची में सम्मिलित हो, इसी कारण नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु आवास सर्वेयर का कार्य चल रहा है, सर्वेयर के अंतर्गत पात्रता हेतु निम्नलिखित मानक निर्धारित किए गए हैं।आश्रय विहीन परिवार होना चाहिए, बेसहारा भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले लोग हो, हाथ से मेला ढोने वाले लोग हो, आदिम जनजाति समूह के लोग हो, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर हो, उन लोगों को इस योजना से लाभान्वित नहीं किया जा सकता है, जिनके पास मोटर युक्त तिपहिया या चौपाइयां वाहन हो, मशीन तिपहिया व चौपाइयां कृषि उपकरण हो, 50 हजार या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट धारक हो, वह परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम परिवार, वह परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार से अधिक प्रतिमाह कमा रहा हो, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वह परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, वह परिवार जिनके पास 5 एकड़ या इससे अधिक असंचित भूमि हो, जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में पीडी डीआरडीए द्वारा लगातार आवास सर्वेयरो का काम कराया जा रहा है।

# पंजीयन कैम्प का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी व राज्य कर विभाग (जी0एस0टी0), फिरोजाबाद के तत्वाधान में एक पंजीयन कैम्प/गोष्ठी का आयोजन बापू गली, छोटा चौराहा, सदर बाजार फिरोजाबाद पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। पंजीयन कैम्प में व्यापारियों को जी0एस0टी0 पंजीयन प्राप्त करने के सम्बन्ध में पंजीयन के लाभ एवं निर्वाध व्यापार के सम्बन्ध में विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी प्रदान की गयी तथा व्यापारियों को सरकार व शासन की मंशा के अनुरूप पंजीयन लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिसमें उपस्थित व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक पंजीयन कराने में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया साथ ही साथ जी0एस0टी0 रिर्टन समय से दाखिल करने व जी0एस0टी0 एमनेस्टी स्कीम के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत फिरोजाबाद राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों को दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि स्वीकृत किये जाने की व्यवस्था से भी अवगत कराया गया। उक्त कैम्प में व्यापार मण्डल की ओर से वी0एस0गुप्ता, महेन्द्र कुशवाह, संजय मित्तल, संजय गुप्ता व विमलेश जैन उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ की ओर से कैम्प में कुलदीप मित्तल व कमल कुमार गुप्ता अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। विभाग की ओर से उपायुक्त दिनेश कुमार पाण्डेय सहायक आयुक्त कुलदीप ज्ञानी व राज्य कर अधिकारी हिमांशु सुधीर लाल

### असरोगा प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर सस्पेंड

**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार विकास खंड क्षेत्र के असरोगा प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर की घिनौनी करतूत सामने आयी है। स्कूल की महिला सहायक अध्यापिका की पीठ ठोंकने और बाल खींचने के मामले ने तूल पकड़ लिया। जाँच पड़ताल में हेड मास्टर को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया। जाँच रिपोर्ट को संज्ञान लेते हुए बीएसए ने हेड मास्टर को निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षक को मोतिगरपुर बीआरसी से सम्बद्ध किया गया है। पूरे प्रकरण की जाँच खंड शिक्षा अधिकारी मोतिगरपुर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सौंपी है। बता दे कि निलंबित शिक्षक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कुड़वार ब्लॉक के अध्यक्ष भी है।


# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 906/न0पं0कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 16.01.2025

## अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या - 543/2024/नौ-5-2024/001–Comp.No 1881151 - NP नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 के क्रम में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर में नगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजना/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु में निम्नलिखित पोखरों का सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 01.02.2025 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त निविदा दिनांक 01.02.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| A | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 17.01.2025 अपरान्ह 03:00 बजे |
| B | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 17.01.2025 अपरान्ह 03:00 बजे से |
| C | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 17.01.2025 अपरान्ह 03:30 बजे से |
| D | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 01.02.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| E | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 01.02.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद- सिद्धार्थनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद- सिद्धार्थनगर

# गोली कांड के दस दिन बाद भी पुलिस नहीं कर पायी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



वादी ने बताया जान का खतरा, मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से लगायी न्याय की गुहार

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इटरा गांव मे 7 जनवरी को हुए गोली कांड मे वादी राहुल कुमार पालीवाल और उनके लड़के आयुष को गोली लगी व घर मे काम करने वाले फूल सिंह की गोली लगने से हत्या हुई, यह घटना हार - खेत मे हुई थी जिसमे घटना कारित करने वाले वादी के सगे चारो भाई थे और इनके साथ एक सहयोगी इस्लाम था, इन चारो द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने के पूर्व पूरी प्लानिंग बचने की गई थी, इसी प्लानिंग के तहद जान लेवा हमले के साथ साथ अब दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है, स्थानीय पुलिस ने अभी तक तीन हमलावारो को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है, दो अभियुक्त संजय और अजय पालीवाल जो पेशे से वकील भी है वो पुलिस और बचाव के सभी तरीके जानते है, उन्हीं का इस्तेमाल कर पुलिस के आला अधिकारी को अपने फेवर मे किये होने के कारण अर्भ तक मुकामी पुलिस संजय और अजय को छूट दिये है, वादी ने बताया कि संजय और अजय भरुआ सुमेरपुर मे ही रह रहे है, लेकिन पुलिस इनकी गिरफ्तारी नहीं कर रही है। संजय व अजय पुलिस पर दबाव बनाये हुये है तथा प्रार्थी व प्रार्थी के घर वालो को डर व भय मे करे है, जिससे वादी अपने मुकदमें की पैरवी न कर सके, यदि स्थानीय पुलिस संजय और अजय को तत्काल गिरफ्तार नही कर रही है, उस स्थिति मे वादी के परिवार पर किसी भी दिन कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है। वादी ने मांग की है कि इस कारण अजय व संजय की गिरफ्तारी शीघ्र कि जाये और वादी ने आरोप लगाया है यह घटना दिन दहाड़े व सार्वजनिक स्थल की है इसके बाद भी स्थानीय पुलिस संजय व अजय को गिरफ्तारी के लिये कोई प्रयास नही किया है और न ही न्यायलय से वारण्ट प्राप्त किया है।

# सोनभद्र के लाल ने जिले का नाम किया रोशन

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** मन में अगर हौसला और दिल में जुनून हो तो कामयाबी के हर रास्ते इंसानों के लिए खुले रहते है।जी हा !बात कर रहे है राबर्ट्सगंज कस्बा स्थित एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ प्रशांत शुक्ला की जो सोनभद्र जनपद अपने पिछड़े और आदिवासी बाहुल्य जनपद के नाम से देश में विख्यात है। पिछड़े जनपद जहा कम संसाधनों में दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों से एक ऐसा मुकाम हासिल किया जो भारत हो नहीं विदेशों में भी परचम लहरा दिया जो जापानी सोसाइटी एंडोस्कोपिक सर्जरी किए संयुक्त फेलोशिप में भाग लिए जिसमें एशिया से केवल तीन लोगों का चयन हुआ। इस फेलोशिप का मुख्य उद्देश्य जापान और एशिया में इंडोस्कोपिक सर्जरी कौशल विकास करना है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने दादा सोनभद्र न्यायालय के प्रथम अधिवक्ता प.रामधनी शुक्ला और पिता स्वर्गीय प्रेम प्रकाश शुक्ला को दिए। इतना ही नहीं डॉक्टर प्रशांत शुक्ला जो अपनी चिकित्सा सेवा कई जगहों पर दिए।



उनकी इस लगन मेहनत ने साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में प्रयास करने से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है।एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद वह अपने सपनो को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सेवा और उपचार से न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार के नए आयाम भी जोड़े। बातचीत में उन्होंने बताया कि मेरा सपना हमेशा से अपना परिवार अपना शहर और अपना देश में सेवा करना है चुकी सोनभद्र जिला पिछड़ा जिला के साथ आदिवासी बाहुल्य जनपद के रूप में जाना जाता है।

# निःशुल्क स्वास्थ शिविर में 249 मरीजों को देखा गया मोतियाबिंद के 21 मरीज़ हुए चिन्हित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इन्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, विश्व हिन्दू परिषद एवं अपना दल(एस)के सयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ शिविर, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, बसरेहर के सभागार में डॉ0विकास सचान चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसरेहर के निर्देशन में आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में धीरज कुमार खण्ड विकास अधिकारी, ब्लॉक बसरेहर ने निःशुल्क स्वास्थ शिविर का दीप प्रज्वालित कर उद्घाटन किया साथ में डॉ0एस0के दुबे डायरेक्टर, बाला जी आई हॉस्पीटल, डॉ0केके सक्सेना चेयरमैन इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी / विश्वहिन्दू परिषद एवं डॉ0हरीशंकर पटेल राट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस)/सचिव इडियन रेडक्रॉस सोसायटी के कर कमलो दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारभ हुआ। निःशुल्क स्वास्थ शिविर में 249 मीरीजों ने दिखवाया तथा दवाओं को वितरण भी निःशुल्क किया गया। मोतिया विन्द के 21मीराज को चिन्हित किया गया चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन इसी माह जिला अन्धता निवारण समिति के सहयोग से श्री बाला जी हॉस्पीटल, सुन्दरपुर रोड पर डॉ0एस के दुबे, डॉ0विवेक शर्मा, डॉ0योगश, डॉ0 तपस्या द्वारा किये जायेंगे। उक्त जानकारी डॉ0के के सक्सेना चेयरमैन इण्डियान रेडक्रॉस सोसाइटी/जिला उपाध्यक्ष - विश्व हिन्दू परिषद एवं डॉ हरीशंकर पटेल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस)/सचिव इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी ने दी निःशुल्क स्वास्थ शिविर मे अपना दल एस के जिला महासचिव वृजेश पोरवाल व अन्य तथा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल शाखा बसरेहर के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीन द्विवेदी, अध्यक्ष नगर बसरेहर के सोनू मिश्रा, जिला मंत्री राधवेन्द्र सिंह (प्रिन्स राठौर) तथा श्री बाला जी आई हॉस्पीटल के डॉ0 विनीता डॉक्टर आंचल एवं मनोज प्रतापका सहयोग स्मरणीय रहा।

# नगर में सिटी अस्पताल शुरू करवाने की अपील

भाजपा नगर अध्यक्ष विनय ने उठाई मांग

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नगर, जिसकी जनसंख्या लगभग चार लाख है, में आज तक एक भी सरकारी अस्पताल उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यहां के नागरिकों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है। ये निजी अस्पताल न केवल अत्यधिक शुल्क वसूलते हैं, बल्कि कई बार अप्रशिक्षित स्टाफ और अपर्याप्त सुविधाओं के कारण मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण तथ्य की ओर दिलाना चाहता हूं कि पूर्व में जिस भवन में जिला अस्पताल संचालित होता था, उसे वर्तमान में दवा गोदाम (ड्रग वेयरहाउस) के रूप में उपयोग किया जा रहा है। जबकि ड्रग वेयरहाउस के लिए नई इमारत पहले ही बन चुकी है। इसके बावजूद उस भवन का उपयोग स्टोर के रूप में किया जा रहा है, जो जनहित में उचित नहीं है। यदि उक्त भवन में सिटी अस्पताल की स्थापना कर दी जाए, तो यह सोनभद्र नगर की बड़ी आबादी के लिए वरदान साबित होगा। इससे नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी, और वे निजी अस्पतालों के आर्थिक शोषण और अप्रशिक्षित स्टाफ की लापरवाही से बच सकेंगे। सोनभद्र नगर में पूर्व जिला अस्पताल भवन में सिटी अस्पताल की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाने का कष्ट करें, जिससे आमजन को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

## मजार के निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों में नाराजगी



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के मेला ग्राउंड और मंदिर के निकट गांव के कुछ लोगों द्वारा मजार के निर्माण के बाद हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मजार ध्वस्त कराने की मांग की है। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक आशीष सिंह ने संगठन के दर्जनों युवाओं के साथ उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के भमई गांव में गांव के मुंशी अनुरागी और बक्छा के बउवा यादव सहित अन्य लोगों ने खलिहान और मेला ग्राउंड में सत्तीमाता मंदिर के निकट षड़यंत्र के तहत एक मजार का निर्माण कर दिया है जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है और गांव की शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है।इसलिए मजार को ध्वस्त कराना आवश्यक है।इस मामले में उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि गांव में किसी तरह का तनाव नहीं है राजस्व विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा गया है जांच के बाद जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी वह की जाएगी।

# एग्जॉड्रियम-2024 फैकेल्टी किड्स नाइट में बच्चों ने किया सबको मुंत्रमुग्ध



फैकेल्टी किड्स नाइट में बच्चों ने नृत्य गीत एवं नाटक के माध्यम से दिया संदेश

वहाज अली निहाल

**सैफई, इटावा।** उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम-2024 के फैकेल्टी किड्स नाइट में बच्चों ने एकल एवं सामूहिक प्रस्तुतियॉं दीं। कार्यक्रम में बच्चों ने गायन, नृत्य तथा फैशन शो के माध्यम से सामाजिक परिवेश के मुद्दों को प्रदर्शित किया। बच्चों ने कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की संस्कृति को नृत्य व नाटकों के माध्यम से मंच पर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों की प्रस्तुति भरतनाट्यम तथा फैशन शो रहा। जिसमें भरतनाट्यम को देखकर सभी ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा तथा तालियों की गडगड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एकल डॉस में आइरिस वर्मा, दक्षिता, सृष्टि, प्रज्ञा, ओजस्वी, पिहू, अगरिमा, संस्कृति, मंशा, आहना तथा कृषा ने अपनी प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य में आदित्रि तथा ओसू के ग्रुप ने तथा नित्या जॉय के ग्रुप ने सबको मंत्रमुग्ध किया। इशू तथा सूर्यान्शु की डॉस प्रस्तुति को भी सभी ने सराहा। आयुष कृष्णा ने पियानों बजा कर समॉं बॉंध लिया। एकल गीत में सौरिश ने भी बाहबाही बटोरी। आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा. नरेश पाल सिंह तथा चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा. कीर्ति जायसवाल ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मनोरंजन भरे आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन के विकास के साथ बच्चों में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम में आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा. नरेश पाल सिंह, डा. नुपूर मित्तल, डा. अजय कुमार गुप्ता, चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा. कीर्ति जायसवाल, डा. अनामिका सिंह, डा. सोनिया विश्वकर्मा, डा. राजमंगल यादव, डा. सुगन्धी शर्मा, डा. गणेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना की दी जानकारी



**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव में एक मुश्त समाधान योजना के तहत अधिशाषी अभियंता डी. एन. प्रसाद के नेतृत्व में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी देते हुए 27 ओटीएस पंजीकरण किए, साथ ही विभागीय कर्मचारियों ने बकायेदारों के संयोजन काटे।अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आज ग्राम पतारा में कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी। लगभग 35 हजार के बिल जमा कराये और 82 बकायेदारों के संयोजन काटे। कैम्प के दौरान सीए पवन कुमार, अवर अभियंता अशोक कुमार, टीजी-2 अवधेश कुमार, भवानीदीन, दीपक साहनी, अलोक कुमार, शिवम सोनी, सुनील कुमार मीटर रीडर, अनुरुद्ध, शिवम परिहार, आशीष कुमार, प्रेम सिंह (लाइन मैन), राजेंद्र चौरसिया (लाइन मैन), आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### मधु तोमर बनी व्यापार मंडल की जिला उपाध्यक्ष



**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा के जिलाध्यक्ष संतोष चौहान ने प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर की संस्तुति पर जिला कार्यालय नुमाइश चौराहा पर मधु तोमर को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा का जिला उपाध्यक्ष बनाया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिलाध्यक्ष संतोष चौहान जिला महामंत्री रमेश यादव सुनीत चौहान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह चौहान संजू भैया नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष वीना चौहान युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता युवा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार दुबे सुब्रत चौहान आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हृदयाघात से मजदूर की मौत

**मुस्करा हमीरपुर।** थाना क्षेत्र में एक मजदूर की हार्ट अटैक से काम करते समय मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार वालों को रो रोकर बुरा हाल है। थानातंर्गत गांव पहाड़ी निवासी जागे राजपूत पुत्र रतिराम राजपूत उम्र 60 वर्ष मेहनत मजदूरी करता था। जिसके दो लड़के और एक लड़की है । आज रोज की तरह सुबह बेलदारी पर ग्राम कंधोली मजदूरी करने के लिए गया था। काम करते समय अचानक हालत बिगड़ी और और हाथ पैर ठंडे होने लगे और देखते ही देखते हालत खबर हो गई। मौके पर काम कर रहे साथी मजदूरों द्वारा आनन फानन में मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां मौजूद डॉ मनुलिका वर्मा ने मृत घोषित कर दिया और मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया । जागे के मौत की सूचना परिवार वालों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रोरोकर बुरा हाल था। क्योंकि जागे ही खेती और मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार की जीविका चला रहा था।

## 259 जोड़ों की शादी सम्पन्न कराई



**सोनभद्र/दुद्धी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत शुक्रवार को भाऊ राव देवरस महाविद्यालय परिसर में 259 जोड़ो की शादी सम्पन्न कराई गई। विवाहोपरान्त मुख्य अतिथि संग विशिष्ठ अतिथियों ने नव विवाहित वर वधुओं को सामूहिक रूप से आशीर्वाद दिया और उन्हें विदा किया। नव विवाहित जोड़ो को सरकार की तरफ से 10 हजार रुपये की लागत की सामग्री वितरण किया गया जिसमें कुकर ,टेबल फैन , ट्राली बैग ,डिनर सेट ,चांदी की पायल समेत गद्दा दिया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रंजना चौधरी,विशिष्ठ अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन संग बीडीओ राम विशाल चौरसिया व अन्य अतिथियों ने ने भगवान गणपति के विधिवत पूजन अर्चन से किया। तत्पश्चात गुप्त काशी से आये विद्वान आचार्य शिवम कुमार चतुर्वेदी ने मंत्रोच्चार के साथ विवाह के समस्त रस्मों को पूरा कराया। नव विवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रंजना चौधरी ने कहा कि सरकार हर निर्धन परिवार के बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से करा रही है इसमें कोई भी खर्च वर वधु के परिजनों को नही करना होता। इसमें विवाह उपरान्त सरकार द्वारा निश्चित राशि के साथ गृहस्थी के विभिन्न प्रकार के सामग्री भी दी जाती है। इसके साथ कमलेश मोहन व एसीएसटी विभाग के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने भी अपने वक्तव्य रखे। कार्यक्रम में अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को सामूहिक रूप से अतिथियों ने आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ,बभनी बीडीओ अजित यादव, म्योरपुर जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह गोंड ,दुद्धी मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह , महामंत्री प्रेम नारायण सिंह मोनू ,जिला प्रतिनिधि मनोज सिंह बबलू ,योगेश यादव , सुनील गुप्ता के साथ बीजेपी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन अविनाश कुमार वाह वाह ने किया।

## आरपीएफ की मौजूदगी में शुरू हुए काम को अधिशासी अधिकारी ने रुकवाया

**सुमेरपुर हमीरपुर।** रेलवे अधिकारियों के मना करने के बावजूद ठेकेदार ने बिना नापजोख के फिर से सड़क बनवाना शुरू कर दिया। जिस पर किसानों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य को फिर रुकवाया। मौके पर मौजूद आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने उच्चाधिकारियों को नापजोख कराने के लिए रिपोर्ट भेजी है। कस्बे में मौजूदा समय में रेलवे के कार्य प्रगति पर हैं। इसी के तहत रेलवे क्रॉसिंग के पास वार्ड नंबर चार की तरफ रेलवे ठेकेदार सड़क बनवा रही है। जिसमें वह मनमानी तरीके से बिना नापजोख के सड़क निर्माण कर रही है। जिस पर बृहस्पतिवार को किसानों ने विरोध किया था और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते में रेलवे ठेकेदार द्वारा सड़क बनवाएं जाने का से अवगत कराया। जिस पर ईओ ने रेलवे के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार से बात की थी।

# सुरक्षा कर्मियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

एनसीएल दुद्धिचुआ क्षेत्र ने सुरक्षा कर्मियों हेतु आयोजित किया शिविर

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ऊर्जांचल।** एनसीएल दुद्धिचुआ क्षेत्र द्वारा डीजीआर सुरक्षा एजेंसी में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों हेतु निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें एनसीएल दुद्धिचुआ क्षेत्र में सेवा दे रहे सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य रूटीन जांच करते हुए क्षय रोग के बचाव व रोकथाम के उपाय सुझाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एनसीएल दुद्धिचुआ क्षेत्र महाप्रबंधक विनोद सिंह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यालय सुरक्षा महाप्रबंधक राजेश त्रिवेदी ने शिरकत किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सुरक्षा कर्मियों को डॉक्टर मनिंदर सिंह की टीम द्वारा रक्तचाप, नेत्र, श्रवण शक्ति, शारीरिक स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच की गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वच्छता से संबंधित दिशा निर्देश भी प्रदान किए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 100 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की जांच की गई।

परियोजना महाप्रबंधक विनोद सिंह और मुख्यालय सुरक्षा महाप्रबंधक राजेश त्रिवेदी ने शिविर को अत्यंत सफल बताते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अभियान के लिए सुरक्षा विभाग की तैयारी की सराहना की। सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनसीएल मुख्यालय सुरक्षा अधिकारी संदीप शाह, एनसीएल दुद्धीचुआ सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुरक्षा निरीक्षक शिवेंद्र सिंह, डीजीआर सुरक्षा प्रबंधक गंगा सिंह, निरीक्षक श्रीकांत एवं त्रृषिकांत सहित डॉ गरिमा श्रीवास्तव, नफीस अहमद, पूजा दुबे, रोहित दुबे, एके सिंह, अनूप कुमार शुक्ला सहित सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

## पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान

**कुरारा,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के कंडोर गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वही हैंडपंप खराब होने से लोग पानी केलिए परेशान है। क्षेत्र के कंडौर गांव में होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले एक सप्ताह से बाधित रहने से ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कृष्ण कुमार, मुमताज खा बच्चा खां आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से पेयजल आपूर्ति समय से नही मिल पा रही है। कभी आ जाती है। प्रतिदिन सप्लाई न मिलने से लोगो को पानी के लिए परेशान रहना पड़ रहा है। लोगो के पानी के लिए लगे हैंडपंप भी खराब होने के कारण लोग परेशान रहते है। गांव निवासी त्यागी सिंह ने बताया कि गांव निवासी अहमद ख़ां के दरवाजे लगा हैंडपंप दस माह से रिबोर की स्थित में शो पीस बनकर रह गया है। जिससे पानी की किल्लत का सामना लोगो को करना पड़ रहा है।

# इमाम चौक का मैदान बना गाड़ी पार्किंग का अड्डा

एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को दिए जांच के बाद कार्यवाही के आदेश

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** किसी मोहल्ले पडोस में पार्क या मैदान इन्सानों के लिए नेमत होता है जहाँ बच्चे खेल सकते है तो बुजूर्ग ठंड में धूप आदि कि आन्नद ले सकते है परन्तु उपरौस इमाम चौक का मैदान गाड़ियों के अलावा कृषि के कलटीवेटर जैसे घातक यन्त्रों की पार्किंग का अड्डा बन गया है जिन में फंस कर बच्चों को गहरी चोट भी आ सकती है लेकिन यन्त्र खड़े करनें वालों को इस की कोई चिन्ता ही नही इसी अवैध और पार्किंग लेकर ईदगाह के सदर ने उपजिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटवाने की मांग की है जिसपर उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच के बाद कार्यवाही करने का आदेश दिया है। याद रहे कस्बे के भीतर सबसे बड़े मैदान उपरौस इमाम चौक बीते कुछ समय से अवैध पार्किंग हब बन गया है।जिसके चलते बच्चे मैदान में खेलने से वंचित हो रहे हैं।इतना ही नहीं उक्त मैदान में अपने वाहनों की पार्किंग को लोगों ने अपना अधिकार बनाते हुए प्रतिष्ठा से भी जोड़ दिया है जिसके चलते ईदगाह कमेटी के सदर और उपरौस निवासी जावेद अख्तर ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटाने की मांग की है जिसपर उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच के बाद कार्यवाही करने का आदेश दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।बताते चलें कि इस समय कस्बे के हर मोहल्ले में स्थित छोटे छोटे मैदान भी अवैध पार्किंग बन गए हैं जिसके चलते न तो मैदानों में बच्चे खेल पा रहे हैं और न ही वृद्ध धूप सेंक पा रहे हैं।

# 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि मतदाता दिवस के अवसर पर नए वोटर 18,19 साल के वोटर को सम्मानित किया जाए एवं 90 प्रतिशत से अधिक वोटर तथा बीएलओ को भी सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है तथा कार्यक्रम बेहद रूप से आयोजित किए जाने के परिपेक्ष्य में जनपद में तहसील स्तर पर उप जिला अधिकारी तहसील के अंतर्गत समस्त विद्यालय महाविद्यालय एवं समस्त मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा तथा जनपद स्तर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद



मुख्यालय स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न कॉलेजों एवं महाविद्यालयों से एकत्र हुए छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। तदोपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा कल्चरल कार्यक्रम भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रभात फेरी प्रथम सेंट मैरी इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर विभिन्न कॉलेजों, विद्यालयों से जाकर एकत्र हुए छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा जिसका संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाएगा, सहायक नोडल ऑफिसर स्वीप एवं उप जिलाधिकारी के संयुक्त रूप से किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रभात फेरी के लिए सेंट मैरी में किन-किन कॉलेजों, विद्यालयों के बच्चे एकत्र होंगे इसका चयन भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रभात फेरी सेंट मैरी स्कूल से चलकर डीएम चौराहा से एसपी चौराहा होते हुए पक्का तालाब चौराहे से नुमाइश चौराहा होते हुए नुमाइश पंडाल पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि द्वितीय प्रभात फेरी राजकीय इंटर कॉलेज में विभिन्न कॉलेजों, विद्यालयों से आकर एकत्र हुए छात्र-छात्राओं को मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा जिसका संचालन नामित अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जिसमें प्रधानाचार्य राष्ट्रीय इंटर कॉलेज एवं प्रधानाचार्य इस्लामिया इंटर कॉलेज द्वारा सहयोग किया जाएगा तथा राजकीय इंटर कॉलेज में प्रभात फेरी हेतु किन-किन कॉलेजों, विद्यालयों के बच्चे एकत्र होंगे इसका चयन भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया की इस रैली का रूट राजकीय इंटर कॉलेज से इस्लामिया इंटर कॉलेज होते हुए नौरंगाबाद चौराहा से पुलिस चौकी होते हुए पक्का तालाब चौराहे होते हुए नुमाइश चौराहा होते हुए विकास भवन पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त शासकीय कार्यालय में संबंधित कार्यालय अध्यक्ष द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी शहर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, संतोष कुमार सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्राउड मैनेजमेंट के लिए वरदान साबित हो रहा आईसीसीसी



- इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से भीड़ को कंट्रोल करने के साथ ही कई तरह के सर्विलांस में मिल रही मदद
- 2750 कैमरों से न सिर्फ मेला क्षेत्र बल्कि पूरे शहर क्षेत्र में भी रखी जा रही है नजर, सिक्योरिटी, क्राउड मैनेजमेंट और क्राइम समेत तीनों एंगल से की जा रही है निगरानी
- पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** महाकुम्भ में मात्र 6 दिनों के अंदर 7 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु, कल्पवासी और पूज्य साधु संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा ली है। योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुम्भ पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि, मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) क्राउड मैनेजमेंट में वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को कंट्रोल करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान।

वहीं दूसरी ओर आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। 3 एंगल से निगरानी की जा रही है, पहली सिक्योरिटी, दूसरी क्राउड मैनेजमेंट और तीसरी क्राइम। उन्होंने बताया कि हमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस, क्राउड मैनेजमेंट और फायर सर्विलांस जैसे तमाम आस्पेक्ट्स पर नजर रख पा रहे हैं। क्राउड मैनेजमेंट के लिए हम लोग क्राउड फ्लो को मॉनिटर कर रहे हैं कि किस तरफ से कितना क्राउड आ रहा है और इसको किस प्रकार से रेगुलेट करना है। क्राउड फ्लो के माध्यम से यह जानने की कोशिश करते हैं की भीड़ का दबाव कहां ज्यादा है और हम उसको वहां से किस ओर मूव कर सकते हैं। यह काफी कारगर तकनीक है। हमें यहां से रेगुलर निगरानी करनी पड़ती है कि कहीं किसी एक स्थान पर भीड़ का घनत्व तो ज्यादा नहीं हो गया है।

अमित कुमार ने बताया कि इसके अलावा हम कैमरों से फायर सर्विलांस भी कर रहे हैं। कहीं धुआं या आग की लपट तो नहीं है। इसके अलावा पार्किंग का भी इसके जरिये सर्विलांस किया जा रहा है। हर पार्किंग में कैमरे लगाए गए हैं जो बताते हैं कि कौन सी पार्किंग कितनी खाली या भरी है। जब कोई पार्किंग भर जाती है, फिर हम उसको बंद करके अगली वाली पार्किंग एक्टिवेट करते हैं। सबसे पहले हम सबसे पास की पार्किंग को भरते हैं जिससे स्नानार्थियों को कम से कम चलना पड़े। इसके बाद हम उससे आगे की ओर बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि सात मुख्य मार्ग हैं जो प्रयागराज को अन्य शहरों से जोड़ते हैं, उसको देखते हुए सभी दिशाओं में इस तरह की पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

एआई कैमरा की उपयोगिता पर उन्होंने कहा कि एआई कैमरों से डिसीजन मेकिंग में काफी मदद मिलती है, लेकिन हम पूरी तरह इन पर डिपेंड नहीं है। यह हमारी क्षमता को निश्चित रूप से बढ़ाते हैं, क्योंकि इससे पहले इतना बड़ा क्राउड कंट्रोल नहीं किया गया था। हमारी फोर्स की अपनी इंस्टीट्यूशन ट्रेनिंग है, लेकिन अगर इसको हम डाटा बेस्ड और एविडेंस बेस्ड रखें तो वह हमें अपनी स्किल को और बेहतर करने में मदद करती है। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 4 आई ट्रिपल सी है। यदि कहीं एक जगह कोई प्रॉब्लम आती है तो आपात स्थिति में दूसरी यूनिट को उपयोग में लाया जा सकता है। इनके बीच बेहतर कनेक्टिविटी है और सभी जगह से मॉनिटरिंग संभव है।

उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में जितने भी क्रिटिकल और सेंसिटिव एरिया हैं वहां पर कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। जितने भी घाट हैं, प्रमुख सड़के हैं, पुल है, सभी जगह कैमरे लगाए गए हैं क्योंकि यहीं से हमें ये जानकारी मिलेगी कि कहां पर भीड़ का मूवमेंट कितना है। खासतौर पर संगम पर कैपेसिटी कितनी है, ताकि हम इस पर काम कर सकें। एक और चीज यह भी है कि हमें पता है कि इस तरह के आयोजनों में लोग कैसे इकट्ठा होते हैं। पूरे शहर में एक ही क्राउड डेंसिटी नहीं होती है। घाट पर भीड़ ज्यादा होती है और पीछे कम होती है। इसमें भी हमको हमारी लर्निंग का फायदा मिलता है।

## रवि किशन ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



- सीएम योगी के प्रयासों को सराहा, कहा- बड़े सौभाग्य से 144 साल के बाद यह अवसर आया है, सभी को संगम स्नान के लिए आना चाहिए

महाकुम्भ नगर। गोरखपुर के सांसद और बॉलीवुड के सुपरस्टार रवि किशन ने शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। इस अवसर पर रवि किशन ने कहा की बड़े सौभाग्य से 144 वर्षों के बाद यह महाकुम्भ आया है। इस महाकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए महाराज योगी जी ने बहुत विकास कार्य कराए हैं। यह दिव्य महाकुम्भ है और इस दिव्य महाकुम्भ में स्नान का अवसर आज मुझे मिला है। जो इस पुण्य अवसर पर महाकुम्भ नहीं आया, जिसने यहां संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी नहीं लगाई, मानो उसका जीवन व्यर्थ है। उन्होंने सभी देशवासियों से प्रयागराज में आकर संगम स्नान करने की अपील की।

रवि किशन ने कहा की महाकुम्भ को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। यहां आने वाले हर श्रद्धालु को प्रयागराज का विकास स्वतः देखने को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने मिलकर इस बार पूरे प्रयागराज का काया पलट कर दिया है। यह पुण्य अवसर 144 सालों के बाद आया है। इस सुअवसर पर हर देशवासी, हर सनातन धर्मावलंबी को यहां आकर संगम त्रिवेणी में स्नान करना चाहिए। यहां स्नान करने वाले को पुण्य की प्राप्ति होगी।

## आगंतुकों की सेवा करेंगे इविवि के एनएसएस स्वयं सेवक



- कुल सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों को सक्रिय रूप से आगंतुकों के मध्य अपनी सेवा की भूमिका के निर्वहन सहित यातायात और आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी सेवा कार्य का सम्यक रूप से निर्वहन करने के निमित्त हरी झंडी दिखाकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आशीष खरे ने रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन और सेवा में नवयुवकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र प्रो. आशीष सक्सेना ने कहा कि सेवा कार्य पूर्णमनोयोग पूर्वक करना चाहिये। मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश सिंह ने कहा कि सेवा परम धर्म है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि पुण्य सलिला माँ गंगा और अमृत सलिला माँ यमुना के साथ, नीर क्षीर विवेकप्रदायिनी अदृश्य सरस्वती के पावन संगम, समुद्र मन्थन से उद्भूत अमृत के सबसे वरेण्य महत्त्ववत्ता वाले तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के अवसर पर सेवा सौभाग्य का कार्य है।अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष गौतम ने किया।

## अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट 1.5 लाख श्रृद्धालुओं को नि:शुल्क घुमाएगी



**प्रयागराज।** कुंभ मेला पूरे जोरशोर से देश और दुनियाभर से श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के तौर पर जाना जाता हैं। यहां पर महाकुंभ के दौरान देश और दुनियाभर से करोड़ों लोग पवित्र संगम में स्नान करने पहुंचते हैं। ऐसे में कई बिजनेस ग्रुप कुंभ मेले में पधारे श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक ग्रुप है अदाणी ग्रुप, यह समूह अपनी कई निशुल्क सेवाओं के जरिए श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा लाखों श्रृद्धालुओं को लाखों किलोमीटर की यात्रा कराने की तरफ बढ़ रही है। 17 जनवरी तक 2.5 लाख से ज्यादा श्रृद्धालुओं ने 25 हजार किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा की है। बता दें कि अदाणी समूह द्वारा महाकुंभ 2025 में दिव्यांगों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से श्रृद्धालुओं को स्नान ध्यान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने में भी सहूलियत हो रही है। अदाणी समूह ने अपनी बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा कुंभ मेला स्थल के सेक्टर 19 में स्थिति इस्कॉन द्वारा स्थापित केंद्र के पास शुरू की है। यहां पर लगी गॉल्फ कार्ट लगातार सेवाएं दे रही है। सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक कार्ट लोगों को तय सीमा तक ले जाने का काम करती हैं। मुख्यतः बुजुर्ग और बच्चे इस सेवा का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। फिलहाल 30 गॉल्फ कार्ट 9 जनवरी से सेवा में लगी हुई हैं।

# इमाम हजरत अली के जन्मदिन की खुशी में महफिल-मीलाद का सिलसिला जारी

अवधनामा ब्यूरो

- महफिल का आगाज मौलाना मोहम्मद इब्राहीम ने तिलावते कलामे पाक से किया

**लखनऊ।** रसूले अकरम के चचेरे भाई, दामाद और पहले इमाम हजरत अली के जन्मदिन की खुशी में महफिल-मीलाद का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग में जश्ने मौलूदे काबा उनवान से महफिल आयोजित हुई। महफिल का आगाज मौलाना मोहम्मद इब्राहीम ने तिलावते कलामे पाक से किया। महफिल की अध्यक्षता मौलाना मिर्जा एजाज अतहर और संचालन किरतास कर्बलाई ने किया। महफिल को मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने खिताब करते हुए हजरत अली की फजीलत, अजमत और सीरत बयान की। इस मौके पर प्रो. अजीज हैदर, दिलकश गाजीपुरी, मीसम गोपालपुरी, मौलाना मर्सरत इलाहाबादी, नसीर आजमी, सावन हल्लौरी, हसन मीरपुरी, मनाजिर अख्तर, शबीह गोपालपुरी, एजाज जैदी सहित अन्य शायरों ने बारगाहे इमामत में अपने कलामों का नजराना पेश किया। इस मौके पर मदरसे में खूबसूरत सजावट की गयी थी। इसी तरह यहियागंज स्थित मस्जिद हुजूर खानम में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ, जिसके बाद मौलाना असगर मेहदी ने महफिल को खिताब किया। रहबर जैदी कर्बला के संचालन में हुई महफिल में अजादार अज्मी, वकार सुल्तानपुरी, फुरकान हुसैन, कौसर लखनवी, अजहर हुसैन, सकलैन रिजवी, जीशान हुसैन, रिजवान हसन, मोनिस अब्बास ने अमीरुल मोमिनीन हजरत अली की शान में अपने कलामों का नजराना पेश किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनी रोहित वेमुला की पुण्यतिथि



**लखनऊ।** हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे स्वर्गीय रोहित वेमुला की पुण्यतिथि शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह एवं निवर्तमान महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव ने स्वर्गीय वेमुला के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि दलित छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या हैदराबाद केन्द्रीय विवि संस्थान के किये जा रहे उत्पीड़न का परिणाम थी। यह आत्महत्या संस्थान के जरिए की गयी हत्या थी। कांग्रेस का न्याय के लिए संघर्ष जारी रहेगा, ताकि कोई दूसरा रोहित वेमुला बनने को मजबूर न हो। इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, बृजेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, सुशीला शर्मा, डॉ. ऋचा शर्मा कौशिक, मनोज तिवारी, नितांत सिंह, विजय पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

### सआदत हसन मण्टो की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से सआदत हसन मण्टो की पुण्यतिथि पर अकादमी के गोमती नगर स्थित प्रेक्षागृह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मण्टो की कहानियों का पाठ, चार नाटककार करेंगे। उसके बाद मण्टो की कहानी फातो और मण्टो पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। इस मौके पर फातो और मण्टो के साथ ही मण्टों की अन्य कहानियों और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के अन्त में अकादमी सचिव शौकत अली उर्दू कंप्यूटर सेंटर से कंप्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक



अवधनामा ब्यूरो

- अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधान भवन में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर मंत्री द्वारा चार नए कॉलेजों में प्रस्तावित ऑडिटोरियम, प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र नियमन, उपकरणों तथा फर्नीचर की खरीद तथा विभाग में शैक्षिक तथा शैक्षणेश्रर के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती किये जाने पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान प्राविधिक शिक्षा मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे अपने अधीन संचालित प्राविधिक प्रशिक्षण संस्थानों के सुचारु संचालन की जिम्मेदारी लें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य भी नियमित रूप से कक्षाएं लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपस्थिति तथा सुचारु शिक्षण-प्रशिक्षण की निरन्तर निगरानी की जाये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को अच्छा प्लेसमेंट भी मिल सके इसकी भी समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये। प्रशिक्षण पूरा करने से पहले युवाओं को इन्डस्ट्री विज़िट कराने की भी व्यवस्था करें। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण, विशेष सचिव अजीज अहमद, महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह, उप कुलपति ए.के.टी.यू., उप कुलपति एच.बी.टी.यू. सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर ईशा फाउण्डेशन के संस्थापक सद्गुरु ने शिष्टाचार भेंट की

# प्रदेश स्तरीय मूल्य परामर्शदात्री परिषद की बैठक संपन्न

- खरीफ सीजन की 10 फसलों के लिए केन्द्र को भेजे जायेंगे एन0एस0पी0 के लिए सुझाव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधान भवन में खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण के लिये केन्द्र सरकार को सुझाव देने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय मूल्य परामर्शदात्री परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हमें खरीफ फसलों हेतु एमएसपी परामर्श इस आधार पर निर्धारित करना चाहिये जिससे प्रदेश के किसानों का अधिक से अधिक हित तथा लाभ हो। इस दौरान मूल्य परामर्शदात्री परिषद के सदस्यों के आपसी परामर्श से खरीफ सीजन की 10 फसलों धान सामान्य तथा ग्रेड-ए, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूँगफली, सोयाबीन तथा तिल हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मूल्य परामर्शदात्री परिषद के सदस्य सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद, निदेशक कृषि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जश्न-ए-विलादत फातेह खैबर बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**अंबेडकर नगर/लखनऊ।** हजरत इमाम अली यौमे विलादत 13 रजब के अवसर पर रुद्रपुर भगाही में जश्न ए विलादत फातेह खैबर बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। जिसकी सरफराज हुसैन एवं सैय्यद मुफीद अहमद, के जेरे निगरानी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावते कुरान पाक की आयात से सैयद एहरार हुसैन, ने की, मौलाना अफजाल अहमद मिस्बाही ने कहा कि हजरत अली खलीफा होने के बाद भी उनके जीवन का बड़ा हिस्सा इबादत मे बीता था। उनकी खूबियों को इंसानी कलम मे इतनी ताक़त नही कि इमाम अली की तारीफ कर सके। बुलंद फिक्र व ख़यालात, मखलूस अंदाज़ मे एक खास मेयार पर ज़िंदगी बसर की वह निराले अंदाज़ मे रहे और खास अंदाज़ मे इस दुनियाँ से विदा ली। एहरार हुसैन ने कहा कि हज़रत अली के बारे में कहा जाता है कि उनकी वालिदा (माता) उनकी पैदाइश के पहले जब काबे शरीफ के पास गयीं तो अल्लाह के हुक्म से काबे की दीवार ने आपकी मां को रास्ता दे दिया था। उनके काबे मे तशरीफ लाने के चार दिन बाद 13 रजब को इमाम अली पैदा हुए ।मोहम्मद मुस्तफा स. स. का आपकी ज़िंदगी पर गहरा असर पड़ा था ।चाहे वह मस्जिद हो ,जंग का मैदान हो या फिर आम जगह इमाम अली हर वक्त पैग़म्बरे इस्लाम के साथ रहते थे। सरफराज अहमद ने कहा कि खुदा की सिफात के आईनेदार ,तमाम सिफात के मरकज़ अली आज से करीब 1352 साल पहले 661 ई. मे माहे रमज़ान मुबारक की 21 वीं तारिख को कूफे की मस्जिद मे सुबह की नमाज़ के वक्त शहीद कर दिये गये। 19 रमज़ान को सहरी के बाद जब सुबह की नमाज़ अदा की जा रही थी तो नमाज़ियों के बीच खड़े कातिल रहमान इब्ने मुलज़िम ने ज़हर से बुझी तलवार से मौला अली पर वार कर दिया। आप इसके बाद दो दिन तक बिस्तर पर रहे। भोपाल से आये विदेश में फसे भारतीयों की रिहाई के लिए निरंतर काम करने वाले अंतराष्ट्रीय समाजसेवी बजरंगी भाईजान सैयद आबिद हुसैन ने कहा हजरत मौला अली ने इस दुनिया को तरक तक दी, यानि वो चाहते तो हर एक आराम पा सकते थे लेकिन उन्होंने अपना जो कुछ था वो हमेशा गरीब, यतीम आदि को दिया और वह बहुत ही नर्म दिली से रहते थे।

## एलडीए ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई की। इस दौरान गोमती नगर विस्तार में कार्रवाई करते हुए लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयी। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कप्तान सिंह यादव व अन्य की ओर से गोमती नगर विस्तार के ग्राम बक्कास में शेखनापुर व चिलौला के बीच लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा मनमोहन सिंह, अतुल चौरसिया व अन्य की ओर से बक्कास में लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही दोनों अवैध प्लाटिंगे खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत करेगा भविष्य की मोबिलिटी

- नई ACTIVA e और QCv की कीमतों की घोषणा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) बहुप्रतीक्षित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मोबिलिटी के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। HMSI इस एक्सपो में कई नवाचारपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद प्रदर्शित करेगा, जो 17-22 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कंपनी की नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। होंडा पैवेलियन की अगुवाई करेगी बिल्कुल नई ACTIVA e: और QCv इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, जिनकी प्रारंभिक कीमतों की आज घोषणा की गई है। बिल्कुल नई ACTIVA e: और QCv की शुरुआती कीमत क्रमशः 1,17,000 और 90,000 (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए केयर पैकेज भी पेश किए हैं, जो उनके समग्र मूल्य को बनाए रखने और वाहन की दीर्घायु को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इस अवसर पर एच एम एस आई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा होंडा में, हम निरंतर नवाचार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 हमारे कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत मोबिलिटी समाधानों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का आदर्श मंच है। ACTIVA e और QCv के साथ, हम दो अलग-अलग तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पेश कर रहे हैं, जो विभिन्न उपभोक्ता आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। ACTIVA e: की स्वैपेबल बैटरी तकनीक ग्राहकों के लिए एक तनाव-मुक्त समाधान प्रदान करती है, क्योंकि Honda बैटरी प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेता है, जिससे बैटरी के खराब होने की चिंता समाप्त हो जाती है। HMSI अपने बेहतरीन रखरखाव और सर्विसिंग के माध्यम से वाहन के मूल्य को संरक्षित करने और स्वामित्व का आनंद प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। HMSI के डायरेक्टर, सेल्स और मार्केटिंग, योगेश माथुर ने कहा नई ACTIVA e की स्वैपेबल बैटरी तकनीक और QCv का फिक्स्ड बैटरी सेटअप भारतीय उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। ये मॉडल विश्वस्तरीय गुणवत्ता, विश्वसनीयता और अत्याधुनिक तकनीक का एक आदर्श संयोजन प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि ये स्कूटर्स देशभर के ग्राहकों को पसंद आएंगे। केयर पैकेज के साथ, जिसमें 5 साल की फ्री सर्विस, रोडसाइड असिस्टेंस (RSA) और एक्सटेंडेड वारंटी शामिल हैं, हम ग्राहकों में विश्वास उत्पन्न करना चाहते हैं और एक हरित भविष्य के प्रति Honda की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना चाहते हैं।